RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 119
नई दिल्ली, शनिवार, 4 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



थोड़ी आत्ममुग्धता और अति-आत्मविश्वास से हारे
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

## अलग सोच से पर्यटन को दे सकते हैं नई ऊंचाई: पीएम

- कहा- देश में दूर-दराज के क्षेत्रों के गांव भी अब टूरिज्म नक्शे पर आ गए हैं
- काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनरोद्धार के बाद पिछले साल सात क्रोड़ श्रद्धालु वहां पहुंचे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लीक से हटकर सोच और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को नई ऊंचाई पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में दूर-दराज क्षेत्रों के गांव भी अब पर्यटन के नक्शे पर आ गए हैं।

पर्यटन का मिशन मोड में विकास विषय पर आयोजित बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने पर्यटन स्थलों पर बहुभाषी सूचना बोर्ड लगाने की भी बात कही। इसके अलावा उन्होंने ऐसे ऐप विकसित करने पर जोर दिया, जिनमें देश की विभिन्न भाषाओं में सूचना दी गई हो। उन्होंने कहा कि आज का भारत नई कार्य संस्कृति के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने इस साल के बजट को लोगों से मिल रही प्रशंसा पर खुशी जताते हुए कहा कि किसी ने ऐसे बजट-पश्चात वेबिनार के बारे में नहीं सोचा होगा। उन्होंने कहा, लेकिन हमारी सरकार ने बजट से पहले और बाद में सभी संबंधित लोगों को जोड़ा और उनके साथ काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा, यह वेबिनार पर्यटन क्षेत्र में बदलाव के लिए है और जब सभी संबंधित लोग साथ आते हैं तो हमें अपना मनचाहा परिणाम तय समय के अंदर मिल जाता है। मोदी ने कहा, कुछ लोग सोचते हैं कि पर्यटन एक काल्पनिक शब्द है, जो सिर्फ उच्च आयवर्ग के लोगों के लिए है। लेकिन भारत में, इसका लंबा सामाजिक-सांस्कृतिक अर्थ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लीक से हटकर सोच और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को नई ऊंचाई पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि धार्मिक स्थलों की वजह से पर्यटन क्षेत्र में भारी उछाल आया है और पिछले साल सात करोड़ लोग काशी विश्वनाथ मंदिर गए। मोदी ने कहा कि इस मंदिर के पुनरोद्धार से पहले यहां हर साल लगभग 70-80 लाख श्रद्धालु पहुंचते थे लेकिन पुनरोद्धार के बाद पिछले साल यहां सात करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने इसके बाद बताया कि केदारनाथ में केदारघाटी के पुनर्निर्माण से पहले जहां वहां सिर्फ चार-पांच लाख श्रद्धालु पहुंचते थे वहीं बाद में वहां 15 लाख श्रद्धालु पहुंचे।

यह वेबिनार सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे 12 बजट-पश्चात वेबिनारों का हिस्सा है। इसके पीछे सरकार का लक्ष्य आम बजट में घोषित की गई योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न सुझाव और परामर्श लेना है। आम बजट में कहा गया है कि पर्यटन को बढ़ावा मिशन मोड में दिया जाएगा, जिसमें राज्यों की सक्रिय भागीदारी होगी, सरकारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे और सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर भी काम किया जाएगा। वेबिनार में मोदी ने कहा कि अगर जनसुविधाएं बढ़ी हैं, डिजिटल कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, होटल और अस्पताल बेहतर हुए हैं और स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा ( शेष पेज 8 )

## कैंब्रिज में राहुल के बयान पर भाजपा का तीखा हमला

- एक बार फिर कांग्रेस नेता ने विदेशी धरती से मोदी सरकार पर साधा निशाना और लोकतंत्र पर हमले का लगाया आरोप
- भाजपा ने कहा विदेशी धरती पर भारत को किया जा रहा है बदनाम





**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/लंदन

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेशी धरती से नरेंद्र मोदी की सरकार पर निशाना साधा। ऐसा वे पहले भी कर चुके हैं। इस बार उन्होंने ब्रिटेन में दावा किया है कि मोदी सरकार में लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है तथा उनके फोन में इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का इस्तेमाल किया गया जिसके बारे में गुप्तचर अधिकारियों ने उन्हें सावधान किया था।

जाहिर है उनके इस बयान से बिफरी भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता को जमकर घेरा। पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने विदशी धरती पर भारत को बदनाम किया है। राहुल के बचाव में आई कांग्रेस ने भी पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा शर्म आने वाली गतिविधि बंद कर दे तो वह भी इस बारे चर्चा करना बंद कर देगी। राहुल गांधी ने ब्रिटेन के मशहूर शिक्षण संस्थान कैंब्रिज विश्वविद्यालय में दिए व्याख्यान में यह भी दावा किया कि भारत में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं।

हाल ही में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। इतना दयनीय प्रदर्शन क्यों रहा, इस पर कोई टिप्पणी न करते हुए वे सरकार को घेरने की कोशिश में लगे रहे। कांग्रेस नेता ने इस व्याख्यान में अपनी भारत जोड़ो यात्रा और चीन के संदर्भ में विस्तार से बातचीत की है। उन्होंने भारत में विपक्षी नेताओं की निगरानी किए जाने का उल्लेख करते हुए दावा किया, मेरे फोन में पेगासस था, कई और नेताओं के फोन में भी पेगासस था। गुप्तचर अधिकारियों ने मुझे बताया कि फोन पर बातचीत करते हुए कृपया सावधान रहें क्योंकि हम रिकॉर्ड (आपकी बातों को) कर रहे हैं। राहुल गांधी का कहना था, हम (विपक्ष) इस तरह का दबाव लगातार महसूस कर रहे हैं। विपक्ष के खिलाफ मामले दर्ज हो रहे हैं। मेरे खिलाफ कुछ ऐसे आपराधिक मामले दर्ज किए गए जो किसी भी परिस्थिति में आपराधिक मामले नहीं थे।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकालने के कारण के संदर्भ में कहा जब लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला हो रहा है तो विपक्ष के तौर पर हमारे लिए संवाद करना बहुत मुश्किल हो जाता है। इसलिए हमने भारत की संस्कृति और इतिहास की तरफ मुड़ने का फैसला किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संवाददाताओं से कहा, विदेशी धरती पर फिर एक बार फिर राहुल गांधी रोने-धोने का काम कर रहे हैं। नतीजे क्या आएंगे उनको पता था और पेगासस का मुद्दा उनके दिलो-दिमाग पर बैठा हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि पेगासस मामले में राहुल गांधी की ऐसी क्या मजबूरी थी कि उन्होंने अपना मोबाइल फोन जमा नहीं करवाया? ठाकुर ने कहा, वो नेता जो भ्रष्टाचार के चलते जमानत पर है। ऐसा क्या था उनके फोन में कि उनको छिपाने की जरूरत पड़ गई।

उन्होंने और अन्य नेताओं ने अपना मोबाइल फोन क्यों जमा नहीं करवाया? भाजपा प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने कहा, हम राहुल गांधी के मतिभ्रम के लिए क्या कह सकते हैं। अगर वह चीन के साथ अपने (कांग्रेस के) समझौता ज्ञापन को सार्वजनिक करते हैं, तो हमें भी दिलचस्पी होगी और भारत के लोग भी जानना चाहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता इस प्रकार के दावे इसलिए करते हैं क्योंकि वह जहां भी जाते हैं, वहां सुर्खियां बटोरना चाहते हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भाजपा पर पलटवार करते हुए विदेशी धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुछ बयानों का उल्लेख करते हुए यह भी पूछा कि क्या भाजपा को इस पर शर्म नहीं आती? उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी को हम सलाह देते हैं कि वह इस तरह की हरकतें बंद कर दे, जिस पर चर्चा करने पर शर्म आ जाती है, तो हम भी उन पर चर्चा करना बंद कर देंगे।

## आतंकवाद से मुकाबले कार्यकारी समूह गठित करने की घोषणा की

**भाषा।** नई दिल्ली

- क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

**क्वाड** देशों के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इस चार सदस्ईय समूह की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि यह कानून के शासन, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पुरजोर समर्थन करता है। क्वाड, चार देशों-भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान- का समूह है। चारों देश लोकतांत्रिक हैं और निर्बाध समुद्री व्यापार तथा सुरक्षा के साझा हित का समर्थन करते हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, उनके जापानी समकक्ष योशिमासा हयाशी और आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग की मुलाकात के बाद यह घोषणा की गई कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक क्वाड कार्यकारी समूह गठित किया जाएगा। इसका उद्देश्य आतंकवाद के नए व उभरते स्वरूपों, कट्टरपंथ और हिंसक चरमपंथ का मुकाबला करने के लिए उपाय तलाशना है। मंत्रियों ने जी7 की जापान की अध्यक्षता, जी20 की भारत की अध्यक्षता और 2023 में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) की अमेरिकी मेजबानी के दौरान क्वाड के उद्देश्यों पर करीब से काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक के बाद, चारों मंत्रियों ने रायसीना डायलॉग के एक सत्र में हिस्सा लिया और क्वाड सदस्य देशों के हितों के समन्वय के बारे में बातचीत की। ब्लिंकन ने कहा कि हमारे लिए हिंद-प्रशांत से भविष्य काफी हद तक जुड़ा हुआ है।

पूरे क्षेत्र में, क्वाड और अन्य माध्यमों से हमारी भागीदारी पहले की तरह ही व्यापक और गहरी है। ब्लिंकन और वॉन्ग जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत में हैं, जबकि हयाशी क्वाड की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली आए हैं। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ के सभी स्वरूपों की एक ( शेष पेज 8 )

## कफ सीरप मामले में एफआईआर, तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नोएडा की दवा कंपनी के मालिक फरार, पकड़े गए अफसरों में ऑपरेशंस हेड भी शामिल
- उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत के बाद लिए गए दवा के नमूने मानक पर नहीं उतरे खरे

**कफ** सीरप के नमूने फेल होने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर नोएडा की दवा कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें कंपनी ऑपरेशंस हेड भी शामिल हैं, जबकि कंपनी के मालिक और सचिव फरार हैं। बीते साल दिसंबर में उज्बेकिस्तान में कफ सीरप पीने के बाद 18 बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय उज्बेक सरकार ने आरोप लगाया था कि यह सीरप भारत से आयात किया गया था।

जांच के दौरान नोएडा स्थित कफ सीरप कंपनी से दवा के नमूने जांच के लिए भरे गए थे, जो मानक पर खरे नहीं उतरे। उज्बेकिस्तान भेजा जाने वाला कफ सीरप नोएडा की कंपनी मैरियन बायोटेक में बनाया था। यहां से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। सैंपल फेल होने पर गाजियाबाद ड्रग इंस्पेक्टर ने नोएडा के थाना फेज-3 में मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। गाजियाबाद के ड्रग इंस्पेक्टर आशीष ने का आरोप है कि फर्म मैरियन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड में निर्मित कफ सीरप मानकों पर खरा नहीं उतरा। इसके चलते इस कंपनी की डायरेक्टर जया जैन, सचिन जैन, ऑपरेशंस हेड तुहीन भट्टाचार्य, मैन्युफैक्चरिंग केमिस्ट अतुल रावल और मूल सिंह पर मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तुहीन भट्टाचार्य, अतुल रावत और मूल सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जबकि कंपनी के मालिक जया जैन और सचिन जैन फ रार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया कि इस सीरप की सप्लाई भारत में नहीं की जाती है। इस स्लॉट को मई 2021 में सिर्फ उज्बेकिस्तान भेजा गया था। उन्होंने यह भी बताया कि वहां इस सिरप का सेवन बच्चों ने बिना डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के लिया गया था। इसकी ओवर डोज के चलते बच्चों की मौत हुई। उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एफ एसडीए विभाग ने कंपनी का दवा उत्पादन लाइसेंस निलंबित कर दिया था। गौतमबुद्ध नगर के औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने बताया था कि निरीक्षण के दौरान कंपनी के प्रतिनिधि सीरप उत्पादन से जुड़े दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

इसके बाद सरकार ने इसके प्रोडक्शन पर तत्काल रोक लगा दी थी। यह कंपनी तभी से बंद थी। मैरियन बायोटेक लिमिटेड सेक्टर-67 का आवंटन 5 अक्टूबर 2006 को नोएडा प्राधिकरण से हुआ था। 8 सितंबर 2010 को कंपनी ने फंक्शनल सर्टिफिकेट हासिल किया। यह कंपनी सचिन जैन और जया जैन के नाम रजिस्टर्ड है। इसकी कैटेगरी कॉस्मेटिक परफ्यूम और अदर ब्यूटी प्रोडक्ट्स के नाम से है। अदर कैटेगरी में ड्रग को मेंशन किया गया है। वर्ष 2009 में बिल्डिंग को कंप्लीशन सर्टिफि केट जारी किया गया था। कंपनी का बिजनेस प्रोफाइल एक्सपोर्ट ( शेष पेज 8 )

## डीयू छात्राओं की बस पलटने से एक की मौत, 40 घायल



**पायनियर समाचार सेवा।** बिलासपुर

- टूर पर हिमाचल प्रदेश गई थीं कमला नेहरू कॉलेज की छात्राएं, चंडीगढ़-मनाली रोड पर हुआ हादसा

**विश्वविद्यालय** की छात्राओं के एक समूह को मनाली की यात्रा पर ले जा रही निजी बस शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के चंडीगढ़-मनाली रोड पर पलट गई। हादसे में एक युवती की मौत हो गई, जबकि छात्राओं समेत 40 अन्य लोग घायल हुए हैं।

बिलासपुर के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि हादसे के दौरान बस में 44 लोग सवार थे, जिनमें कमला नेहरू कॉलेज की 35 छात्राएं और छह समन्वयक शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि जयपुर की रहने वाली एक छात्रा की कुचलकर मौत हो गई, जबकि चार अन्य को फ्रैक्चर हुआ और बाकी को मामूली चोटें आईं। उन्होंने बताया कि राहगीरों ने घायलों को बस से बाहर निकाला और ( शेष पेज 8 )

## मेघालय: संगमा ने राज्यपाल को 32 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा, सरकार बनाने का दावा पेश किया

**भाषा।** शिलांग

**नेशनल** पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रमुख कोनराड के. संगमा ने शुक्रवार को मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया और उन्हें 32 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा। संगमा ने कहा कि उन्हें भाजपा, एचएसपीडीपी और दो निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में समर्थन करने वाले विधायकों की कुल संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि वह अन्य दलों के साथ भी संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि नई सरकार सात मार्च को सुबह 11 बजे शपथ लेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए अपनी रजामंदी दे दी है। संगमा ने कहा, मैंने राज्यपाल को विभिन्न दलों के समर्थन का पत्र सौंपा है। कुल मिलाकर हमें 32 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। एनपीपी के 26 विधायकों के अलावा भाजपा और एचएसपीडीपी के दो-दो विधायक और दो निर्दलीय विधायकों भी समर्थन है। एनपीपी प्रमुख ने दावा किया कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन देने के लिए विभिन्न दलों ने उनसे संपर्क किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि नए गठबंधन का नाम अभी तय नहीं किया गया है। एनपीपी द्वारा एचएसपीडीपी विधायकों का अपहरण किए जाने के विपक्ष के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर संगमा ने कहा, किसी ने भी किसी का अपहरण नहीं किया है। हमें उनका पूरा समर्थन हासिल है। इससे पहले दिन में, तृणमूल कांग्रेस, यूडीपी, कांग्रेस, पीडीएफ और वीपीपी समेत विभिन्न दलों ने गैर-एनपीपी, गैर-भाजपा सरकार के गठन पर चर्चा की। संगमा समर्थक एचएसपीडीपी के दो विधायक गैर भाजपा, गैर एनपीपी दलों की बैठक में उपस्थित नहीं थे। मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा की 59 सीट पर मतदान हुआ था। बृहस्पतिवार को चुनाव के परिणाम घोषित किए गए, जिनमें एनपीपी 26 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। वहीं, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) ने 11 सीट पर जीत हासिल की है, जबकि 2018 के चुनाव में उसे केवल छह सीट पर जीत मिली थी।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,808 | ↑ 899 | |
| निफ्टी | 17,594 | ↑ 272 | |
| सोना | 55,940 | ↑ 160 | /10g |
| चांदी | 64,700 | ↑ 220 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### बुखार के चलते सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी को बुखार के कारण सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल की ओर से जारी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। अस्पताल का कहना है कि सोनिया गांधी को बुखार के चलते दो मार्च को चेस्ट मेडिसीन विभाग के प्रमुख डॉक्टर अरूप बसु और उनकी टीम की निगरानी मे भर्ती कराया गया। बुलेटिन मे कहा गया है, सोनिया गांधी चिकित्सकों की निगरानी में हैं और उनकी जांच की जा रही है। उनकी हालत स्थिर है।

## चीनी विदेश मंत्री बोले, स्थिति सामान्य बनाने पर हो काम

- किन गांग ने विदेश मंत्री जयशंकर से कहा-भारत और बीजिंग को द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को उचित स्थान पर रखना चाहिए





**भाषा।** बीजिंग

**चीन** के विदेश मंत्री किन गांग ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से कहा है कि भारत और चीन को द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को उचित स्थान पर रखना चाहिए और अपनी सीमाओं पर स्थिति सामान्य बनाने के लिए यथाशीघ्र मिलकर काम करना चाहिए।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। किन ने नई दिल्ली में आयोजित जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर बृहस्पतिवार को जयशंकर से हुई व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में 34 महीने से अधिक समय से जारी सीमा विवाद के बीच यह बात कही है। किन को दिसंबर में वांग ई की जगह चीन का विदेश मंत्री बनाया गया था।

भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति कायम नहीं होती तब तक चीन से उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। जयशंकर ने किन से कहा कि भारत-चीन संबंधों की स्थिति असामान्य है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि उनकी वार्ता द्विपक्षीय संबंधों में व्याप्त चुनौतियों, विशेष रूप ( शेष पेज 8 )

## क्रिकेटरों, अभिनेताओं के पैन नंबर उड़ाकर लाखों की ठगी

- मशहूर हस्तियों महेंद्र सिंह धोनी, अभिषेक बच्चन शिल्पा सेट्ठी, माधुरी दीक्षित व इमरान हाशिमी की आड़ में लगाई चपत
- पैन नंबरों से फर्जी तरीके से बनवाए क्रेडिट कार्ड और कर ली खरीदारी, दिल्ली से पांच साइबर ठग गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जन्मतिथि,** पैन नंबर, आधार नंबर या अपनी अन्य इसी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी बेखटके ऑनलाइन करने वाले लोग सावधान हो जाएं।

साइबर धोखाधड़ी का एक ऐसा अजीबो-गरीब मामला सामने आया है, जिसमें जालसाजों ने कई बॉलीवुड अभिनेताओं और मशहूर क्रिकेटरों के पैन नंबर हासिल कर क्रेडिट कार्ड बनवाए और फिर लाखों की खरीदारी कर ली। दिल्ली पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन हस्तियों के नाम की आड़ में ठगी की गई है, उनमें अभिषेक बच्चन, एश्वर्य राय, माधुरी दीक्षित, शमिता सेट्टी, इमरान हाशिमी, सचिन तेंदूलकर और महेंद्र सिंह धोनी आदि शामिल हैं। साइबर ठगों ने कुल 95 नामचीन हस्तियों के जीएसटी नंबर से पैन नंबर की जानकारी हासिल कर पुणे में स्थित फिनटेक स्टार्टअप वन कार्ड से उनके नाम से क्रेडिट कार्ड निकलवाए।



चूंकि सभी हस्तियों के जीएसटी नंबर ऑनलाइन उपलब्ध हैं, तो जालसाजों के लिए जानकारी एकत्र करना आसान हो गया। ठगों ने जो क्रेडिट कार्ड बनवाए, उन पर नाम, पैन नंबर और जन्मतिथि तो सेलेब्रिटी की, लेकिन चेहरा किसी अन्य व्यक्ति का चिपकाया गया। क्रेडिट स्कोर निकाल कर कुछ सुरक्षा सवालों का जवाब देकर और फिर केवाईसी वेरिफिकेशन के लिए फिजिकल और वीडियो वेरिफिकेशन होती है। कमाल यह कि साइबर ठगों ने सारी बाधाएं आसानी से पार कर लीं। पुणे में स्थित फिनटेक स्टार्टअप वन कार्ड कंपनी को जब तक धोखाधड़ी का पता चला तब तक जालसाजों ने कुछ कार्ड का इस्तेमाल कर 21.32 लाख रुपए की खरीदारी कर ली। कंपनी ने तुरंत दिल्ली पुलिस से संपर्क किया।

दिल्ली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पांचों आरोपियों की पहचान पुनीत, मोहम्मद आसिफ, सुनील कुमार, पंकज मिश्रा और विश्व भास्कर शर्मा के तौर पर हुई है। दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रोहित मीणा ने बताया कि ठगों ने बेहद असामान्य तरीके से कंपनी को धोखा देने के लिए शातिराना तरीका अपनाया। साइबर ठगों ने पहले गूगल से मशहूर हस्तियों के जीएसटी विवरण खंगाले। उन्हें इस बारे में ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 4 मार्च, 2023



# सपा विधायक की करोड़ों की जमीन जब्त

## पुलिस ने गुंडा एक्ट में की कार्रवाई, नोएडा का फ्लैट भी होगा सील- दोनों की कीमत 11 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सपा विधायक इरफान सोलंकी पर बड़ी कार्रवाई हो रही है। कानपुर पुलिस ने गाजियाबाद में इरफान की जमीन को सीज कर दिया है। इसके बाद नोएडा के उनके आलीशान फ्लैट को भी सीज करेगी। इसके लिए कानपुर पुलिस की टीम नोएडा के लिए निकल दी है।

गैंगस्टर एक्ट के तहत दोनों प्रॉपर्टी सीज हो रही हैं। इनकी कीमत करीब 11 करोड़ रुपए है। जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया पुलिस टीम इरफान की काली कमाई से खरीदा गया नोएडा का आलीशान फ्लैट और गाजियाबाद में कीमती जमीन को सीज कर रही है।

जल्द ही अब मुंबई समेत अन्य जगहों की करोड़ों की संपत्तियां सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। कानपुर पुलिस ने इरफान के साथ ही उनके भाई रिजवान सोलंकी और 8 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इरफान को गैंग लीडर बताया गया है। आरोप है कि इरफान ने अपने गैंग के साथ मिलकर अवैध तरीके से अरबों रुपए की चल-अचल संपत्ति बनाई है। इरफान सोलंकी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत करीब 150 करोड़ की संपत्ति चिह्नित की गई है। इसमें विधायक, उनके भाई रिजवान और उनकी पत्नी के नाम पर चकेरी स्वर्ण जयंती विस्तार योजना में 300 वर्ग मीटर के तीन प्लॉट हैं। इसके साथ ही विधायक के नाम पर गाजियाबाद में 300 वर्गमीटर का प्लॉट, ग्रेटर नोएडा स्थित फ्लैट समेत 25 से 30 करोड़ की संपत्ति पहले चरण में पुलिस जब्त करेगी।


जमीन पर नोटिस लगाती गाजियाबाद पुलिस।

### देश के कई शहरों में संपत्तियां चिन्हित

इसके बाद दिल्ली और मुंबई समेत कानपुर, उन्नाव की 28 कीमती संपत्तियों को चिह्नित किया है। इसके साथ ही करोड़ों की बेनामी संपत्तियां भी सामने आई हैं। अन्य संपत्तियों को भी सीज करने की कार्रवाई पुलिस करेगी। जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि जाजमऊ थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज थी। इसमें गैंग लीडर सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इजराइल आटे वाला, मोहम्मद शरीफ और शौकत अली को आरोपी बनाया गया है। इसके बाद गैंगस्टर में 3 नाम मोहम्मद अज्जन, मन्नू रहमान और भोलू पार्षद का नाम बढ़ाया गया है।

## टोल प्लाजा पर अनियंत्रित बस गार्ड पर चढ़ी, मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कोतवाली दादरी स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर एक मिनी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जा टकराई। टोल प्लाजा पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

यह हादसा टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। दादरी थाना क्षेत्र का मामला सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बस जब्त कर ड्राइवर को हिरासत ले कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीसीटीवी के कैमरे में कैद हादसे में साफ देखा जा सकता है कि एक मार्च को रात 11:30 बजे टोल प्लाजा पर जब सन्नाटा छाया हुआ था और सिक्योरिटी गार्ड छोटेलाल डिवाइडर पर बैठा हुआ था। तेज रफ्तार मिनी बस डिवाइडर को टक्कर मारते हुए डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी लाइन में जा पहुंची। वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड छोटेलाल को अपनी चपेट में ले लिया।

## संक्षिप्त समाचार


लोक कलाकारों के साथ ढोल की थाप पर थिरकते दर्शक।

### सरस मेला: कलाकारों का सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नोएडा।** सेक्टर-33 ए स्तिथ नोएडा हाट में केंद्र सरकार का तीसरा सरस आजीविका मेला समापन की ओर बढ़ रहा है। इस सरस आजीविका मेला अब मात्र दो दिन के लिए है, जिसका विधिवत समापन रविवार को होगा। मेले के अंतिम दिनों में तीसरे दिन शुक्रवार को उत्पादों पर विशेष छूट का लाभ उठाते हुए यहां जमकर खरीदारी की गई। सरस आजीविका मेले में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि केंद्र सरकार के सरस आजीविका मेले का आयोजन प्रतिवर्ष देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। शुक्रवार को यहां सभी राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों की लोगों ने जमकर खरीदारी की।

### युवक का गला सड़ा शव मिला

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में हुई वारदात के दौरान एक अज्ञात युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस को उसका सड़ा गला शव वैशाली सेक्टर 5-6 की पुलिया के पास नाले में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर उसकी शिनाख्त व मौत की गुत्थी सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि जिस 35 वर्षीय युवक का शव मिला है उसके दाएं हाथ पर देवीलाल लिखा हुआ है।

### नोएडा में प्रिंटर प्रदर्शनी में पहुंचे लोग




**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 66 स्थित मिथिला बैंक्वेट में शुक्रवार को तोशिबा, टेक विजार्ड और एक्मे ने अपने मल्टी फंक्शन प्रोडक्ट (एमएफपी) उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में तोशिबा के कलर प्रिंटर और कॉपियर के प्रमुख मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में नोएडा और आसपास क्षेत्र के इस उद्योग से संबंधित जुड़े लोगों और बड़ी संख्या में ग्राहकों ने भाग लिया। जिसमें बड़े कॉरपोरेट, विक्रेता और सरकारी खरीदार शामिल थे। प्रदर्शनी में प्रिंटर की लागत और उत्पादकता में सुधार पर प्रकाश डाला गया। प्रदर्शनी में लोगों के अत्यधिक उत्साह को देखते हुए तोशिबा के कारोबार में तीव्र बढ़ोतरी की आशा जताई गई। इस अवसर पर तोशिबा इंडिया के हेड पुनीत वर्मा, टेक विजार्ड हेड अंजन श्रीवास्तव और एक्मे के एमडी अमरदीप भाटिया शामिल थे।

### वकील पर हमला करने वाले पर मुकदमा दर्ज

गाजियाबाद। कोर्ट के बाहर एक अधिवक्ता के ऊपर कार चढ़ाकर उसकी जाने लेने का प्रयास करने और उसकी टूटी हुई सोने की चेन को अपने साथ ले जाने वाले कार चालक के खिलाफ कविनगर थाना पुलिस ने संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई। इस संदर्भ में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

### बिना अनुमति होर्डिंग्स लगे तो जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने शहर में अवैध होर्डिंग हटाने के लिए तत्काल अभियान चलाने को कहा है। बिना अनुमति होर्डिंग लगाने वालों पर तगड़ी पेनल्टी भी लगाई जाएगी। ग्रेटर नोएडा में कहीं पर भी होर्डिंग लगाने के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य है। होर्डिंग लगाने वाले की तरफसे आवेदन पत्र और शुल्क जमा कराने के बाद अर्बन सर्विसेज विभाग से अनुमति दी जाती है। कई जगहों पर अवैध होर्डिंग लगी होने की जानकारी मिली है। इसी मसले पर सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने अर्बन सर्विसेज विभाग के साथ बैठक की।

# पिटाई से मौत के मामले में वेब सिटी थाने का एसओ निलंबित

● दो पुलिस वालों की पिटाई के कारण पुताई ठेकेदार की हुई थी मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

गाजियाबाद में कथित तौर पर दो पुलिसवालों की पिटाई से हुई पुताई ठेकेदार प्रेमशंकर मेहतो की मौत के मामले में पुलिस कमिश्नर ने वेब सिटी थाने के एसओ मनोज कुमार को सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि खाकी पर आरोप लगने की वजह से एसओ ने इस मामले में त्वरित एक्शन नहीं लिया। मेहतो का पांच अस्पतालों में इलाज चला और जान नहीं बच सकी।

मामले में दोनों पुलिसकर्मियों प्रेमपाल और नितिन पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हेड कांस्टेबल प्रेमपाल हापुड़ कोतवाली और कांस्टेबल नितिन गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र में 112 पर तैनात है। माना जा रहा है कि इन दोनों पुलिसकर्मियों को भी जांच पूरी होने तक सस्पेंड किया जा सकता है। ये मुकदमा प्रेमशंकर मेहतो के बेटे ने दर्ज कराया है। वेव सिटी थाना क्षेत्र में लालकुआ के पास मानसरोवर पार्क है। यह रहने वाला प्रेमशंकर मेहतो पुताई ठेकेदार था।

बलराम ने बताया कि पिता ने पड़ोसी पुलिसकर्मी नितिन और प्रेमपाल के घर में पुताई का काम किया था। दोनों पुलिसकर्मियों पर इसके 35 हजार रुपए बकाया थे। रुपए मांगने पर 5 जनवरी को दोनों पुलिसकर्मियों ने प्रेमशंकर की गंभीर रूप से पिटाई कर दी। प्रेमशंकर के बेटे ने बताया कि पांच अस्पतालों में पिता का इलाज हुआ। इसके बाद वे घर लौट आए, लेकिन हालात में सुधार नहीं हुआ। एक मार्च की रात उसकी मौत हो गई।

## तीन आईपीएस समेत आठ अधिकारी बदले

**गाजियाबाद।** शासन ने तीन आईपीएस अधिकारियों के अलावा पांच पीपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया है।

पीएसी टास्क फोर्स गाजियाबाद की सेनानायक को एसपी पीटीएम मुरादाबाद, एसपी रेलवे अपर्णा गुप्ता को एसपी महोबा और पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह को 47वीं वाहनी पीएसी टास्क फोर्स का सेनानायक बनाया है। कमिश्नरेट के एसीपी एलआईयू राजेश सिंह को पुलिस उपाधीक्षक एएनटीएफ मेरठ, योगेंद्र कुमार डीएसपी एसटीएफ लखनऊ, प्रियांशी पाल को एसीपी एलआईयू गाजियाबाद, प्रशिक्षु डीएसपी देवेश सिह को पुलिस उपाधीक्षक और प्रशिक्षु डीएसपी शेखर सेंगर को गाजीपुर में ही डीएसपी के पद पर तैनात किया है।

# बंद पॉलिसी का पैसा दिलाने के नाम पर ठगी

● सस्ती ब्याज दरों पर लोन दिलाने का देते थे झांसा, छह गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




थाना फेस-1 पुलिस ने लेप्स हुई पॉलिसी को कैंसिल कराकर ब्याज सहित पूरा पैसा दिलाने व पॉलिसी पर सस्ती ब्याज दरों पर लोन दिलाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने वाली शातिर ठग युवती समेत 06 लोगों को गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि ये पहले डाटा एकत्रित करते थे। उसमें लेप्स हुई पॉलिसी वाले व्यक्तियों को फोन पर ब्याज समेत पूरा पैसा दिलाने का झांसा देते थे। इसके बाद उनसे फाइल चार्ज व अन्य खर्चे के नाम पर उनसे पैसे ले लेते थे। पकड़ी गई युवती सलोनी जैन पूर्व में इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करती थी।

वहां से यह पॉलिसी धारकों का डाटा ले आयी और उसी लिस्ट में से पॉलिसी धारकों को कॉल करके धोखाधड़ी कर रहे थे।

एडीसीपी ने बताया कि इनकी पहचान सलोनी जैन, दिवाकर शर्मा, नजफ मेंहदी, विनोद शर्मा, दीपक झा और विपिन कुमार इन लोगों ने सेक्टर-10 के ए-7 में कंपनी खोली थी। यही से ये लोगों को फोन कर ठगी कर रहे थे। अब तक कई लोगों को ये ठगी का शिकार बना चुके है।

इनके बैंक अकाउंट और ट्रांजेक्शन की डिटेल निकाली जा रही है। ताकि पीड़ितों तक पहुंचा जा सके। इनके कब्जे से 1 स्मार्ट फोन, 5 की-पैड फोन व कालिंग डाटा बरामद किया गया है।

# सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

● वेश्यावृति के लिए मांग पर युवतियों को बुलाते थे: डीसीपी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में सैक्स रैकेट का पर्दाफाश करने के दौरान चलाए गए ऑपरेशन में मौजूद एसीपी, एडीसीपी व अन्य पुलिस कर्मी। रेस्क्यू की गई महिलाओं से पूछताछ करते हुए। नोएडा पुलिस व एएचटीयू पुलिस टीम ने सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में चल रहे एक सैक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। यहां से एक महिला और छह लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि ये लोग ऑन डिमांड महिलाओं को यहां बुलाते थे। उनसे जबरन अनैतिक काम करवाया जाता था।

पुलिस ने दो युवतियों का भी रेस्क्यू किया है। सूचना के आधार पर उन्होंने थाना प्रभारी अजय चाहर व पुलिस बल के साथ मिलकर बताए गए स्थान पर एक नकली ग्राहक बनाकर भेजा। मौके से माला देवी, मनप्रीत तथा ग्राहक अनिल पुत्र रामानंदए राजन पुत्र निरंजन सिंह, सगीर पुत्र शमशुल हक, अभिषेक पुत्र मुलायम सिंह व हरीश पुत्र दीपू को गिरफ्तार किया गया। मौके से दो महिलाओं को भी रेस्क्यू किया गया। उन्होंने बताया कि मनप्रीत ने अपनी महिला साथी के साथ मिलकर कुछ दिनों पूर्व नीरज भाटी के यहां दो कमरे किराये पर लिए थे। इन्हीं कमरों में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। सुबह से देर रात तक यहां लोगों के आने जाने की वजह से आस पड़ोस के लोग भी परेशान थे। मौके से आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। आरोपियों के खिलाफ देह व्यापार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## एक्सप्रेसवे पर शराब पीने का वीडियो वायरल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रईस जादो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में तीन युवक यमुना एक्सप्रेस वे पर खुले में शराब का सेवन कर रहे हैं और गाड़ी के बोनट पर रखकर ही दिनदहाड़े शराब पी रहे हैं। फिलहाल उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है, लेकिन यह रईसजादे उस पुलिस के अभियान से बेखौफहैं। दरसअल, वायरल वीडियो में यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर एक टाटा हैरियर कार खड़ी हुई है। उसी पर शराब रखी हुई है और वही तीन युवक पैक तैयार कर रहे है।


प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओए/206/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. : 16161
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
श्रीनिवास प्रसाद पाठक

सेवा में,
(1) श्रीनिवास प्रसाद पाठक डी/डब्ल्यू/एस/ओ - सुदर्शन प्रसाद पाठक श्रीनिवास प्रसाद पाठक पुत्र श्री सुदर्शन प्रसाद पाठक निवासी फ्लैट नंबर एच-505, 5वां तल, टावर एच, कैपिटल गेटवे, गुरूग्राम, हरियाणा-122101. पैन नंबर AJUPP9211F गुरूग्राम, हरियाणा-122101
अन्य पता : श्रीनिवास प्रसाद पाठक पुत्र श्री सुदर्शन प्रसाद पाठक निवासी फ्लैट नंबर 35, अनुपम अपार्टमेंट, बी-13, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली-110096 नॉर्थ, दिल्ली-110096
अन्य पता : श्रीनिवास प्रसाद पाठक पुत्र श्री सुदर्शन प्रसाद पाठक सी/ओ. ईआई डीयूपीएनटी सेंटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ब्लॉक नंबर 3, छठा तल, डीएलएफ साइबर सिटी, प्लॉट नंबर 129-132, हैदराबाद, तेलंगाना-500019. हैदराबाद, तेलंगाना-500019
अन्य पता : श्रीनिवास प्रसाद पाठक पुत्र श्री सुदर्शन प्रसाद पाठक आर/ओ. मकान नंबर 81-398, बीएम/183, प्लॉट नंबर 403, फ्लैट नंबर 501, ड्रीम्ज़ अपार्टमेंट, पैरामाउंट हिल्स, टोलीचौकी, हैदराबाद, तेलंगाना-500008 हैदराबाद, तेलंगाना-500008
(2) तनुश्री पाठक पत्नी श्रीनिवास प्रसाद पाठक निवासी फ्लैट नंबर एच-505, 5वां तल, टावर एच, कैपिटल गेटवे, गुरूग्राम, हरियाणा-122101.
अन्य पता : तनुश्री पाठक पत्नी श्रीनिवास प्रसाद पाठक सी/ओ. डीएसपी मेरिल लिंच लिमिटेड, द्वितीय तल, डीएलएफ बिल्डिंग, संसद मार्ग, दिल्ली-110001. सेंट्रल, दिल्ली-110001
अन्य पता : तनुश्री पाठक पत्नी श्रीनिवास प्रसाद पाठक मकान नंबर 81-398, बीएम/183, प्लॉट नंबर 403, फ्लैट नंबर 501, ड्रीम्ज़ अपार्टमेंट, पैरामाउंट हिल्स, टोलीचौकी, हैदराबाद, तेलंगाना-500008 हैदराबाद, तेलंगाना-500008
अन्य पता : तनुश्री पाठक पत्नी श्रीनिवास प्रसाद पाठक निवासी फ्लैट नंबर 35, अनुपम अपार्टमेंट, बी-13, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली-110096
(3) मैसर्स ताशी लैंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 517ए, नारायण मंजिल, 23 बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

सम्मन
जबकि, ओए/206/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 02-02-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,12,85,296/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 07-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 13-02-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत
अधिकारी के हस्ताक्षर



सांकेतिक कब्जे की सूचना
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005
जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स श्याम सुंदर अशोक कुमार एंड कंपनी/ श्री मनोज कुमार पटोदिया/ शिव कुमार पटोदिया/ 031605002400 | संपत्ति संख्या 2/35, ब्लॉक 2, रूप नगर, दिल्ली-110007/ फरवरी 28, 2023 | नवंबर 11, 2022 रु. 1,61,40,405/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : मार्च 04, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110055
सम्पर्क नंबर 8584874809
सार्वजनिक सूचना
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (12) के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(2) के साथ पठित धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पत्ति सं. 40, सेक्टर-53, फेज-1, इंडस्ट्रियल एस्टेट, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा-132103 स्थित अचल सम्पत्ति (इसमें आगे "प्रतिभूत आस्ति" कही गई है) आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, दिल्ली की ओर से नीलामी विजेता के पक्ष में बेच दी है।
अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि सम्पत्ति सं. 40, सेक्टर-53, फेज-1, इंडस्ट्रियल एस्टेट, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा-132103 ("प्रतिभूत आस्ति") में स्थित सम्पत्ति में कुछ चल वस्तुएं पाई गई थीं तथा मैसर्स फ्रेन्च अरेबियन एरोमा, मैसर्स इटिओशा पैन, नीता बेदी और सुबीर बेदी (कर्जदार/गारंटर/सह-आवेदक) को पत्र दिनांकित 02 फरवरी, 2023 तथा खाली करने हेतु प्रकाशन दिनांकित 29 अक्टूबर, 2022 द्वारा और उनका कब्जा इस सूचना की तिथि से 7 दिन के भीतर प्राप्त करने हेतु सूचित किया गया था। सर्वसाधारण में से किसी से और विशेष रूप से मैसर्स फ्रेन्च अरेबियन एरोमा, मैसर्स इटिओशा पैन, नीता बेदी और सुबीर बेदी (कर्जदार/गारंटर/सह-आवेदक) से कोई भी दावा प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी चल वस्तुओं की बिक्री जैसी है जहां है तथा जो है जैसी है आधार पर करने के लिए ऑफर्स आमंत्रित के इच्छुक हैं।
इच्छुक पार्टियां सम्पत्ति सं. 40, सेक्टर-53, फेज-1, इंडस्ट्रियल एस्टेट, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा-132103 में रखी चल वस्तुओं का निरीक्षण 06 मार्च, 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे के बीच कर सकती हैं तथा उनको अपनी ऑफर रू. 25,000/- की धरोहर राशि जमा (ईएमडी) के साथ "सम्पत्ति में पड़ी चल वस्तुओं की खरीद हेतु ऑफर" शीर्षांकित एक सीलबंद लिफाफे में रखकर इस प्रकार प्रस्तुत करनी चाहिए, कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005 स्थित कार्यालय में 14 मार्च, 2023 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे तक पहुंच जाएं। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में दिल्ली में देय होना चाहिए।
प्राधिकृत अधिकारी का किसी भी ऑफर या सभी ऑफर्स को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
तिथि : 04 मार्च, 2023
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## मम्मी मुझे माफ कर दो, लिखकर युवक ने मौत को गले लगाया

**नोएडा।** आर्थिक परेशानी के चलते हताश युवक ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसाइटी में अपने फ्लैट पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें लिखा है मम्मी मुझे माफ कर दो हो सके तो, मैं आपका वह बेटा नहीं बन पाया जो आपने सोचा था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसाइटी में रह रहे 30 वर्ष के प्रशांत उपाध्याय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस को उसके पास से एक चार पेज का सुसाइड नोट मिला है। जिसमें प्रशांत ने असफलता और आर्थिक परेशानियों के कारण आत्महत्या करने की बात कही है। एडिशनल डीसीपी ने बताया, मृतक प्रशांत उपाध्याय के शव को कब्जे पुलिस में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिला मोर्चरी में भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों सौंप दिया जायेगा। माता पिता और पत्नी से पूछताछ की जा रही है।

# एमओयू को निवेश में बदलने की चुनौती

● ग्लोबल इनवेस्टर समिट: जमीन उपलब्ध करने के लिए सीईओ की अधिकारियों संग बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्लोबल इनवेस्टर समिट में हुए अनुबंधों को अब अमली जामा पहनाने की पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने की है। सीईओ ने सभी विभागों के साथ बैठक कर निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने व अन्य औपचारिकताएं पूरी कराने के निर्देश दिए। बीते माह फरवरी में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर समिट में ग्रेटर नोएडा की तरफ से 79 हजार करोड़ रुपये के एमओयू कराए गए हैं। अब इन एमओयू को निवेश में तब्दील करने की कोशिश शुरू हो गई है।

प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बिल्डर, संस्थागत, आईटी, उद्योग व कॉमर्शियल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर एमओयू को निवेश के रूप में धरातल पर लाने और दो माह में जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से कुल 117 एमओयू किए गए हैं, जिनसे करीब 79 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए करार हुए हैं। प्राधिकरण के उद्योग विभाग की तरफ से करीब 28500 करोड़, कॉमर्शियल से करीब 9 हजार करोड़, बिल्डर से लगभग 29200 करोड़, आईटी से लगभग 11 हजार करोड़, इंस्टीट्यूशनल से करीब डेढ़ हजार करोड़ और आईआईटीजीएनएल से लगभग 70 करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए हैं। इस बैठक में एसीईओ अदिति सिंह व अमनदीप डुली, ओएसडी सतीश कुशवाहा समेत कई अधिकारीगण मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सिसोदिया मामले में बच्चों पर राजनीति गरमाई

## भाजपा का आरोप, सरकार स्कूलों में चला रही आई लव सिसोदिया अभियान, आप ने किया इनकार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आदमी पार्टी अब अपनी छवि को सुधारने के लिए मैदान में पूरे जोर शोर से उतर चुकी है। वहीं भाजपा जवाबी हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही। भाजपा ने जहां सिसोदिया के प्रति सहानुभूति जुटाने के लिए बच्चों के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कहा कि आप स्कूलों में आई लव मनीष सिसोदिया अभियान चला रही है।

प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि बच्चों पर जबरदस्ती दबाव बनाया जा रहा है कि पूर्व शिक्षा मंत्री के पक्ष में पेंटिंग बनाएं, नहीं तो उन्हें फेल कर दिया जाएगा। वहीं इन आरोपों को आप ने गलत बताया। विधायक आतिशी ने कहा भाजपा के लोगों, आप कितने भी झूठे आरोप लगा लें, लेकिन दिल्ली के बच्चों को मनीष सिसोदिया से जो प्यार मिला है, उसे डिगा नहीं सकते।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीणा शंकर कपूर ने कहा कि उनकी पार्टी ने बृहस्पतिवार की रात ही इस आई लव मनीष सिसोदिया अभियान पर आपत्ति दर्ज की गई थी। उसके बाद भी सत्ताधारी पार्टी ने हठधर्मी दिखाई और बच्चों का राजनीतिक गतिविधी में दुरुपयोग किया। यह अत्यंत दुखद है कि दिल्ली सरकार में होनी वाली मंत्री आतिशी एवं आप नेता जैस्मिन शाह आदि ने बच्चों की तस्वीरें ट्वीट कर कानून की भी अवहेलना की। कपूर के अनुसार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि बच्चों की ऐसी राजनीतिक गतिविधियों में भागीदारी नहीं की जा सकती और ना ही उनकी तस्वीरें छापी जा सकती है। उन्होंने इस संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा दिल्ली के मुख्य सचिव को नोटिस दिए जाने का स्वागत किया है और कहा है कि इस संदर्भ में उचित जांच करके स्कूल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों पर कार्यवाही की जानी चाहिए।

इस बीच प्रदेश के एक अन्य प्रवक्ता खेमचंद शर्मा ने मीडिया से बातचीत आरोप लगाया कि कई स्कूलों से ऐसी सूचना आ रही है कि बच्चों पर जबरदस्ती दबाव बनाया जा रहा है कि वह दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के पक्ष में पेंटिंग बनाएं और ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि उनके भ्रष्टाचार को छुपाकर दिल्ली की जनता से उन्हें हमदर्दी मिल सके। इस बीच आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी मार्लेन ने ट्विटर पर छात्रों के संदेशों की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा, भाजपा नेता कितने भी झूठे आरोप लगा लें, लेकिन बच्चों को मनीष सिसोदिया से जो प्यार मिला है, उसे हिला नहीं सकते। वहीं भविष्य में मंत्री बनने वाले आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने बताया कि हाल ही में उनकी नौ साल की बेटी उनसे एक ऐसा जटिल सवाल पूछा कि क्या अब वह भी जेल जाएंगे क्योंकि वह भी मंत्री बनने वाले हैं।

इस पर भारद्वाज ने कहा, उनकी बेटी ने उनसे पूछा कि मंत्रियों के साथ क्या हुआ। मैंने उससे कहा कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बहरहाल, उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत गर्व की बात है कि उन्हें और आतिशी को ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए चुना गया है।

### राष्ट्रीय बाल आयोग ने पुलिस से की शिकायत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर से नाबालिग छात्रों की तस्वीर ट्विटर पर साझा करने को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के खिलाफ जांच और जरूरी कार्रवाई करने की मांग की है। आयोग ने आरोप लगाया कि राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ये तस्वीरें साझा की गईं। पत्र के मुताबिक, आयोग ने यह भी पाया कि नेताओं द्वारा कथित रूप से तस्वीर साझा करने का उद्देश्य मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी जांच से ध्यान भटकाना था। आयोग ने कहा कि उसे संजय राउत और राघव चड्ढा के सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में शिकायत मिली है, जिन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर ऐसी तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया स्कूलों में नाबालिग बच्चों के साथ दिख रहे हैं। इस मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा गया है, जिसकी प्रति दिल्ली के मुख्य सचिव को भेजी गई है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से किशोर न्याय कानून के तहत उचित कार्रवाई करने को कहा है।

## भाजपा का प्रदर्शन, केजरीवाल से इस्तीफा मांगा




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

*भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कई स्थान पर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। लक्ष्मी नगर, सीलमपुर, आश्रम, चिराग दिल्ली और जामा मस्जिद क्षेत्रों में पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता एकत्र हुए और दिल्ली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच दिल्ली मंत्रिमंडल से मनीष सिसोदिया और सत्एंद्र जैन के इस्तीफे को सच्चाई और पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत करार दिया था।*

## जमानत के लिए निचली अदालत पहुंचे मनीष

नई दिल्ली। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए शुक्रवार को निचली अदालत का दरवाजा खटखटाया है। सिसोदिया कथित आबकारी घोटाले में सीबीआई हिरासत में है। जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई को सकती है। वहीं सिसोदिया की हिरासत भी 4 मार्च को खत्म हो रही है। पूर्व उपमुख्यमंत्री के वकील ऋषिकेश ने बताया कि इस आवेदन पर विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है। सिसोदिया को गत सोमवार को सीबीआई की हिरासत में भेजा गया था।




सीबीआई के अनुसार, गिरफ्तार करने से पहले उनसे आठ घंटे तक पूछताछ की गई थी, लेकिन उनके जवाब कथित रूप से संतोषजनक नहीं पाए गए थे।

## भारद्वाज और आतिशी पर पुनर्विचार करें एलजीः कांग्रेस



नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर मांग की है कि विधायक सौरभ भारद्वाज तथा आतिशी को मंत्री बनाने पर उपराज्यपाल पुनर्विचार करें। अनिल ने कहा कि वर्तमान परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत पर 1000 लो फ्लोर की खरीद व मेंटेनेंस से जुड़े टेंडर में 4288 करोड़ के डीटीसी घोटाले में सीबीआई जांच चल रही है। अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की जांच चल रही है, उसके बावजूद मुख्यमंत्री ने भारद्वाज और अतिशी जैसों को मंत्री बनाने का अनुमोदन उपराज्यपाल के पास भेजा हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि दिल्ली के हित में भ्रष्ट और दागदार छवि वालों को मंत्री पद ना दिया जाए क्योंकि यह मंत्री पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार को अधिक बढ़ावा देंगे।

# एम्स से जुड़ेंगे दिल्ली के सरकारी अस्पताल

- जगह और आधारभूत ढांचा दिल्ली सरकार का, एम्स उपलब्ध कराएगा डॉक्टर
- मरीजों को रेफर करने की नहीं आएगी नौबत, वहीं होगा बेहतर इलाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से जोड़ा जाएगा और मरीजों को वहीं एम्स डॉक्टर उन्हें इलाज मुहैया कराएंगे। इससे गंभीर मरीजों को रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए सरकारी अस्पताल जगह और आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराएंगे तो विशेषज्ञ डॉक्टर और अन्य सुविधाएं एम्स की तरफ से मिलेंगी। इस संबंध में शुक्रवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना दिल्ली वालों को अच्छी स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के मकसद से विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक कर चर्चा की। बैठक में एलजी ने देश के सबसे बड़े अस्पताल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मरीजों को रेफर करने के लिए एक औपचारिक प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल की इस पहल का दिल्ली सरकार के अन्य सरकारी अस्पतालों में खाली बिस्तरों का बेहतर उपयोग करना है जहां एम्स के गंभीर लेकिन स्थिर रोगियों को




इलाज के लिए भेजा जा सके, जो बिस्तरों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। यह अनूठी पहल एम्स में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए काफी मददगार साबित होगी, जबकि अन्य सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली और चिकित्सा विशेषज्ञता में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी होगी। नई व्यवस्था यह भी सुनिश्चित करेगी कि जिन मरीजों को प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता होती है, वे दूसरे अस्पतालों में जाते हैं, जिससे पुराने और गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए एम्स में विशेष उपचार प्राप्त करने के लिए पर्याप्त जगह रहेगी। साथ ही, इससे उन रोगियों को असुविधा नहीं होगी, जिन्हें बिस्तर की तलाश में अलग-अलग अस्पतालों के बीच चक्कर लगाना पड़ता है।

### पायलट योजना के तहत दो अस्पतालों को जोड़ा जाएगा




**पायलट योजना के तहत एनडीएमसी के चरक पालिका अस्पताल में द्वारका स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल को शामिल किया जाएगा जो अगले महीने से एम्स से जुड़ जाएंगे। एम्स इन अस्पतालों को विशेषज्ञता और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के मामले में सौंपेगा और एम्स के मरीजों को बेड की अनुपलब्धता के मामले में या मरीज की जरूरतों के अनुसार ट्राइएजिंग पूरी होने के बाद इन अस्पतालों में भेजा जा सकता है।**

# शहर के कई इलाकों में वाहनों की लंबी कतारें



- धौला कुंआ में घंटों रेंगती रहीं गाड़ियां, राजीव चौक का भी यही हाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जी-20 बैठक में भाग लेने वाले विशिष्ट अतिथियों के आने-जाने के कारण राजधानी के कई इलाकों में भारी जाम देखने को मिला है। विशेष प्रबंधों के कारण कई स्थानों पर धीमी गति से चले और वाहनों की कतार देखी गई।

एक यात्री ने बताया कि धौला कुआं में सबसे अधिक यातायात प्रभावित रहा, जहां काफी देर तक वाहन रेंगते रहे। अधिकारियों ने बताया कि बराड़ स्क्वायर से मोती नगर, पंजाबी बाग से राजा गार्डन, राजीव चौक, इंद्रलोक और मुनिरका के बीच भी यातायात प्रभावित रहा। इस मार्ग पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जी-20 बैठक के प्रतिनिधि व्यक्तियों के लिए कई मार्ग बनाए गए हैं। यातायात के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, व्यस्त समय में भीड़ के कारण पंजाबी बाग, राजीव चौक और शहर के अन्य हिस्सों से भी यातायात जाम की सूचना मिली।

हालांकि, मौके पर मौजूद यातायात कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने और वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाना सुनिश्चित किया। ज्ञात हो कि पिछले कई दिनों से राजधानी में यातायात की समस्या में इजाफा हुआ है। कई इलाकों में लोगों ने पुलिस से सहायता मांगी है।

## सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाः सीएम

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में निजी और सरकारी स्कूलों में समान शिक्षा प्रणाली है, जहां छात्रों को एक जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया के लोगों को दिल्ली को शिक्षा का केंद्र मानना चाहिए। मुख्यमंत्री यहां शिक्षा में उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां कई छात्रों को विभिन्न श्रेणियों के तहत सम्मानित किया गया। हम दिल्ली नगर निगम के स्कूलों को भी धीरे-धीरे ठीक करेंगे और हमारे सभी पार्षद उन्हें बेहतर बनाने के लिए मेहनत करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली को शिक्षा का केंद्र बनाना है।

# दिसंबर तक खत्म होगा ओखला से कूड़े का पहाड़

- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने शहरी विकास मंत्री, मेयर और डिप्टी मेयर के साथ ओखला लैंडफिल साइट का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव में दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ मुख्य राजनीति मुद्दा था। भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस तीनों में तनातनी थी।

पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा किया था एमसीडी आम की सरकार बनने के बाद पांच साल में तीनों कूड़े के पहाड़ खत्म कर देंगे। इसी कड़ी में एमसीडी में आप सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को पहली बार ओखला लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने साइट पर पड़े कूड़े के बारे में जानकारी ली और जल्द इसके निस्तारण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रोसेसिंग को समझा। इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि ओखला लैंडफिल साइट के आसपास रहने वाले लाखों लोगों को दिसंबर तक कूड़े के पहाड़ से निजात मिल सकती है। साथ ही कहा कि मई 2024 तक कूड़े को साफ करने का लक्ष्य है, लेकिन वह कोशिश करेंगे कि दिसंबर तक इसे साफ कर दें। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि करीब 26 साल पहले ओखला लैंडफिल साइट पर कूड़ा आना शुरू हुआ था। वर्तमान में साइट पर 40 लाख मीट्रिक टन कचरा है।



यहां से कूड़ा खोदकर निकालने की क्षमता तो 17 हजार मीट्रिक प्रतिदिन टन है, लेकिन निस्तारण करने की क्षमता अभी साढ़े 4 मीट्रिक टन ही है। दिल्ली नगर निगम कचरा निस्तारण की क्षमता बढ़ाने की योजना हैं। उम्मीद है कि एक अप्रैल तक कूड़े को डिस्पेज करने की क्षमता 10 हजार मीट्रिक टन और एक जून तक 15 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन हो जाएगी।



अगर प्रतिदिन 15 हजार मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण किया जाता है, तो ओखला के कूड़े को इस साल दिसंबर तक साफ कर देंगे। इसके साफ होने से यहां आसपास रहने वाले लोगों को भी निजात मिलेगी। यहां पर सीएंडडी वेस्ट का बड़ा संयंत्र लगाया जाएगा और बॉयोमैथोनेशन का प्लांट लगाया जाएगा।

इसी तरह गाजीपुर और भलस्वा लैंडफिल साइट पर भी काम चल रहा है। अगले-दो-तीन दिन में वहां का भी दौरा करेंगे।

# चचेरे भाई ने सिगरेट से दागा नाबालिग का गाल, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेब सराय इलाके में सात साल के बच्चे ने आरोप लगाया कि उसके चचेरे भाई ने उसका गाल सिगरेट से जला दिया। अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को 28 फरवरी को दी गई।

उन्होंने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि लड़के के माता-पिता तलाक की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, इसलिए बच्चा अदालत के आदेश के अनुसार वैकल्पिक रूप से अपने माता और पिता के साथ तीन-तीन महीने की अवधि के लिए रहता है।पुलिस के मुताबिक, मेडिकल जांच कराने के बाद लड़के से पूछताछ की गई और उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया, जिसने बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारी मां को सौंप दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) चंदन चौधरी ने बताया कि लड़के ने अपने बयान में कहा कि घटना तब हुई जब वह अपने पिता, चाची और 26 वर्षीय चचेरे भाई के साथ रह रहा था।

आरोप लगाया कि उसके चचेरे भाई ने बीते साल 29 दिसंबर को सैनिक फार्म के अनुपम गार्डन स्थित उसके पिता के घर में सिगरेट से उसका गाल जला दिया था।

## झुग्गी बस्ती में आग लगने से भगदड़, आठ घायल

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके की एक झुग्गी बस्ती में आग लगने से मची भगदड़ में आठ लोग मामूली रूप से घायल हो गए।

दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 13 मिनट पर मिली जिसके बाद 21 दमकल वाहन रवाना किए गए।

दमकल विभाग के मुताबिक, 200 झुग्गियां आग में खाक हो गईं। गर्ग ने कहा, आठ लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। घायल लोगों की पहचान कपूर (50), सागर (25), पप्पू (55), बबलू (65), कवर सिंह (52), राज सिंह (72), चांद (55) और सूरजमल (72) के रूप में की गई है।

# कमला नगर में कल होगा राहगीरी दिवस

- क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद, लोग योग, जुंबा, खेल, संगीत, नृत्य जैसी गतिविधियों में होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राहगिरी दिवस कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल बाद फिर से त्योहार की तरफ मनाया जा रहा है। गत रविवार को कनॉट प्लेस के बाद अब दिल्ली नगर निगम के केशवपुरम जोन के कमला नगर के मंडेलिया रोड पर पांच मार्च को राहगीरी दिवस का आयोजन करेगा।

यह कार्यक्रम जी-20 शिखर सम्मेलन थीम के अंतर्गत सतत व रहने योग्य शहरों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है जिसमें सतत गतिशीलता (सस्टेनेबल मोबिलिटी) पर विशेष जोर दिया जाएगा। दिल्ली नगर निगम के अनुसार इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा और महिला सुरक्षा सहित विभिन्न थीम को शामिल किया जाएगा।

यह आयोजन 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले होगा जो महिला सुरक्षा के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने का एक उपयुक्त समय भी होगा। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए एक समावेशी व सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और समाज-निर्माण



अनुभव के लिए कार्यक्रम में जुड़ने के लिए सभी आयु और पृष्ठभूमि के लोगों का स्वागत करता है।

यह कार्यक्रम दिल्ली पुलिस और दिल्ली नगर निगम के केशवपुरम जोन की साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है। राहगीरी फाउंडेशन, सस्टेनेबल मोबिलिटी नेटवर्क (एसएमएन) और नगारो इस आयोजन के नॉलेज पार्टनर हैं।

# एयरोसिटी-तुगलकाबाद रूट पर पहली सुरंग की खुदाई शुरू

## चौथे चरण के इस मेट्रो मार्ग को सिल्वर लाइन के रूप में तैयार किया जा रहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की चौथी चरण परियोजना के तहत निर्माणाधीन एयरोसिटी-तुगलकाबाद गलियारे पर सुरंग खुदाई मशीन ने शुक्रवार को काम शुरू कर दिया।

फिलहाल दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) चौथे चरण के 65.1 किलोमीटर प्राथमिकता गलियारों का निर्माण कर रहा है जिनमें जनकपुरी वेस्ट से आर के आश्रम मार्ग तक (28.92 किलोमीटर), मजलिस पार्क से मौजपुर तक (12.55 किलोमीटर), तुगलकाबाद से एयरोसिटी (23.62 किलोमीटर) खंड शामिल हैं। जनकपुरी वेस्ट से आर के आश्रम मार्ग तक मेट्रो मार्ग पहले से चालू मैजेंटा



लाइन का विस्तार है जबकि मजलिस पार्क से मौजपुर तक मेट्रो मार्ग पिंक लाइन का विस्तार है। तुगलकाबाद से एयरोसिटी तक मेट्रो मार्ग सिल्वर



लाइन के रूप में तैयार किया जा रहा है। डीएमआरसी ने शुक्रवार को ट्वीट किया, एयरोसिटी -तुगलकाबाद गलियारे पर पहली सुरंग खुदाई मशीन ने निगम के प्रबंध निदेशक विकास कुमार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में छत्तरपुर और किशनगढ़ स्टेशनों के बीच 1.27 किलोमीटर लंबी सुरंग खोदने के लिए आज अपना अभियान शुरू किया।

## नया अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन होगा चार मंजिला

तुगलकाबाद पर नया अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन चार मंजिला होगा। सबसे नीचे, करीब 23 मीटर की गहराई पर प्लेटफॉर्म होगा। इसके ऊपर कॉनकोर्स और फिर एक पूरा फ्लोर पार्किंग के लिए होगा। छत ग्राउंड लेवल पर होगी। डीएमआरसी के अनुसार नए और पुराने स्टेशंस के बीच 100 मीटर से छोटा एक सबवे बनाया जाएगा। नए कॉरिडोर के टर्मिनल स्टेशन के रूप में, तुगलकाबाद को एक टनल के जरिए सरिता विहार डिपो से जोड़ा जाएगा। सरिता विहार डिपो को सिल्वर लाइन की ट्रेनों के लिए एक्सपैंड किया जा रहा है। अभी यहां से केवल वॉयलेट लाइन की ट्रेनें गुजरती हैं।

## महिला पत्रकार ने उबर चालक पर लगाया बदसलूकी का आरोप

**नई दिल्ली।** महिला पत्रकार ने उबर ऑटो चालक पर खुद के साथ अशोभनीय हरकत करने का आरोप लगाया है। इस दौरान महिला ने ऑटो चालक की करतूत का वीडियो में भी बना लिया था। वीडियो में दिख रहा है कि ऑटो ड्राइवर इतना निडर है कि पीड़िता पुलिस में शिकायत करने की बात कर रही है तो ऑटो वाला जवाब दे रहा है कि कर दो शिकायत। न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

पुलिस के मुताबिक, भारत नगर में रहने वाली पत्रकार ने घटना के संबंध में बृहस्पतिवार रात न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी। ऑटो ड्राइवर लगातार उसे गलत तरीके से घूर रहा था।

# जामिया में बीस पाठ्यक्रमों में ही सीयूईटी के जरिए दाखिला

- पिछले अकादमिक वर्ष की तुलना में 10 अधिक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने स्नातक और स्नातकोत्तर में इस साल 20 पाठ्यक्रमों को छोड़ कर शेष कोर्स में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय साझा प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) को लागू नहीं करने का फैसला किया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय ने इसके पीछे यह कारण बताया है कि उसके नियमों में बदलाव के लिए समय का अभाव है। इस साल, विश्वविद्यालय में बीएससी (ऑनर्स) भौतिकी, बीएससी (ऑनर्स) रसायन विज्ञान समेत 20 पाठ्यक्रमों में सीयूईटी के माध्यम से दाखिला मिलेगा। पिछले अकादमिक वर्ष की तुलना में यह संख्या 10 अधिक है।

केंद्रीय संस्थान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को पत्र लिखकर अपने इस नवीनतम फैसले की सूचना दी है और उसे यह भी बताया है कि वह 2024-25 से सभी पाठ्यक्रमों में सीयूईटी-यूजी लागू करेगा क्योंकि उसे दाखिले के नियमों में बदलाव करने के लिए पर्याप्त समय चाहिए। यूजीसी ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पिछले साल सीयूईटी की शुरुआत की थी। जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने अपने सभी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी नहीं अपनाया है।

# समय प्रबंधन, गुरुओं का सम्मान सफलता की गारंटी : बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध उद्योगपति बोधराज सीकरी ने कहा कि जीवन में समय का प्रबंधन और गुरुओं का सम्मान सम्मान की गारंटी है। व्यक्ति में इन दोनों का अगर अभाव होगा तो जीवन का पथ सही नहीं होगा।

यह बात उन्होंने यहां स्टारेक्स विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवेलपमेंट कार्यक्रम में बोलते हुए कही। यहां उन्होंने गुरू नानक देव जी व बाबा दीप सिंह जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके आराधना की। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेंद्र सिंह, छात्र-छात्राओं एवं फार्मा विभाग के विद्यार्थियों ने बोधराज सीकरी को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया।

अपने ओजस्वी, प्रेरणादायी संबोधन में बोधराज सीकरी ने कहा कि भारत के फार्मा उद्योग की नवीनतम प्रवृतियों, उनके समक्ष चुनौतियों व अवसरों की सटीक जानकारी इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलनी बहुत जरूरी हैं। करीब 100 प्राध्यापकों एवं फार्मास्यूटिकल विभाग के 250 विद्यार्थियों को उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन,



गुरुग्राम के स्टारेक्स विवि में फैकल्टी डेवेलपमेंट कार्यक्रम में बोलते उद्योगपति बोधराज सीकरी।

गुरुओं का सम्मान, विचारों की डायरी बनाना, स्वाध्याय करना, चुनौतियों से लोहा लेने व आंख-कान खोलकर रखने जैसे गुणों के बिना सफलता नहीं मिलता सकती।

उद्योगपति सीकरी ने कहा कि गुरबत, फांकों और संघर्षों ने उन्हें मजबूत बनाया। इसी वजह से वे समाज में अपनी महत्ती भूमिका निभा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकलीफें जीवन को बर्बाद करने नहीं आती, बल्कि व्यक्ति की आंतरिक शक्तियों को जागृत करने, उनकी पहचान कराने आती हैं। निरंतर 90 मिनट के प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्रों ने अनुशासन को प्रदर्शित किया।

विवि के उप-कुलपति डा. अशोक दिवाकर की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य फैकल्टी व सीनियर विद्यार्थियों को देश के प्रमुख उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, कलाकारों, लेखकों व धर्मगुरुओं से मिलवाना है, ताकि उन्हें विश्वगुरू पद की बढ़ते भारत की ताकत का आभास हो सके। इस कार्यक्रम में मैनेजमेंट, प्रेरणा, आध्यात्मिकता, हास्य और प्रश्न-उत्तर सेशन में बोधराज सीकरी ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया।

डीन एकेडमिक डा. दिव्या त्यागी व रजिस्ट्रार डा. दिनेश भारद्वाज, कुलाधिपति के विशेष कार्य अधिकारी डा. एएस बेदी ने न केवल इस सकारात्मक पहल का स्वागत किया, बल्कि इसे विद्यार्थियों व प्राध्यापकों के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर डा. मनोज, डा. आशीष दहिया, डा. रिचा चतुर्वेदी समेत कई वरिष्ठ प्राध्यापक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 44 विद्यार्थियों को कौशल स्वास्थ्य की किट वितरित कीं



**सोहना।** खंड के गांव खेड़ला में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 44 विद्यार्थियों को कौशल स्वास्थ्य देखरेख के तहत कीट वितरण की गई। किट में स्वास्थ्य से लेकर रक्तचाप, मधुमेह, शरीर में रक्त की मात्रा और प्राथमिक उपचार से संबंधित उपकरण व दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शुक्रवार को कौशल स्वास्थ्य देखरेख के तहत खेड़ला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की कक्षा 9 और 11वीं में शिक्षा प्राप्त करने वाले 44 विद्यार्थियों को किट वितरण की गई। स्कूल की हेल्थ केयर शिक्षक नीरु ने बताया कि विद्यार्थियों का दी गई किट के साथ-साथ उसमें दवाइयां और अच्छे स्वास्थ्य को बनाएं रखने संबंधित उपकरण थे। जिनके माध्यम से विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अच्छा स्वास्थ्य रखने के लिए जानकारी प्राप्त होती है। दिल का दौरा पड़ने से लेकर परिवार के किसी भी सदस्य को होने वाले मधुमेह, रक्तचॉप जैसी बीमारियों को अपने घर पर ही जांच कर सकता है। इसके साथ-साथ दिल का दौरा पड़ने से लेकर चोटिल होने पर दी जाने वाला प्राथमिक उपचार की जानकारी विद्यार्थियों को कौशल रोजगार के तहत दी जा रही है। स्कूल की प्रधानाचार्य संध्या वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार का हुनर देने की जो पहल शुरू की है। यह योजना आने वाले 2 से 3 साल में विद्यार्थी को बेरोजगारी से दूर कर देगी, क्योंकि विद्यार्थियों में कौशल रोजगार से जुड़ी योजनाओं में बढ़चढ़कर भाग ले रहे हैं। विद्यार्थी जीवन में जिस विद्यार्थी के अंदर रोजगार चलाने का हुनर आ जाता है। वह नौकरी की इच्छा न रखकर अपने हुनर से रोजगार चलाकर अच्छा जीवन जी सकता है।

### दो बेटों संग पिता को पीटने के चार आरोपियों पर केस दर्ज

**सोहना।** सदर थाना पुलिस ने अभयपुर निवासी शिकायत पर करीब चार माह के बाद दी गई शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ बिना कारण खेत में काम करने के दौरान लाठी, डंडा व लोहे की रॉड से हमला करने का मामला दर्ज किया है। इससे पहले आरोपियों ने शिकायतकर्ताओं के खिलाफ 2022 में ही 166 नंबर मुकदमा दर्ज कराया था। सोहना सदर थाना के गांव अभयपुर निवासी बंसत खटाना ने पुलिस को बताया कि 26 अक्टूबर 2022 को वह उसका छोटा भाई प्रदीप और पिता गिरिराज खेत में काम कर रहे थे। उसी समय गांव का ही निवासी भूपेन्द्र उसके पास आया और गालियां देने लगा। उसने भूपेन्द्र को गालियां देने से मना किया तो वह लड़ाई झगड़े के लिए तैयार हो गया। भूपेन्द्र ने फोन करके खेत अपने अन्य परिजनों को बुलाया। भूपेन्द्र के फोन को सुनकर नवीन, अमित, उदयवीर अपने-अपने हाथों में लाठी, डंडा और सरिया लेकर आ गए। जिन्होने ने प्रदीप की गर्दन व सिर पर हमला करते हुए चोटें मारी। प्रदीप के बचाव में जैसे ही वह आगे गया। आरोपियों ने उस पर भी हमल कर दिया। दोनों भाइयों के बचाव में आया पिता गिरिराज को भी आरोपियों ने चोटें मारी। उनके शोर मचाने पर आरोपी खेत से चले गए।

# किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं महिलाएं : पूर्व सांसद सुधा यादव

**पूर्व सांसद ने एडब्ल्यूपीएल के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में कहीं ये बातें**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** केंद्रीय संसदीय बोर्ड एवं चुनाव समिति की सदस्या एवं पूर्व सांसद सुधा यादव ने कहा है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। डा. सुधा यादव देश की डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री एडब्ल्यूपीएल द्वारा महिला सम्मान में रखे गए एक कार्यक्रम में बोल रहीं थीं।

एडब्ल्यूपीएल ने यह कार्यक्रम अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रखा था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। एडब्ल्यूपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव कुमार ने इंडस्ट्री में भी महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर हर्ष व्यक्त किया। महिलाओं की बड़ी





महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुधा यादव।

संख्या से गदगद सुधा यादव ने कहा कि मातृशक्ति के बिना आत्मनिर्भर भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है, बल्कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे निकल रही है। अब हमारे देश की नारी अबला नहीं है, बल्कि सबला बनकर और सशक्त बनकर अपने निर्णय स्वयं लेने की ताकत रखती है। सुधा यादव ने एडब्ल्यूपीएल के एमडी संजीव कुमार और इस इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की पीठ भी थपथपाई कि वे इस इंडस्ट्री के जरिए न केवल आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं, बल्कि महिलाओं को भी आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

सुधा यादव ने कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं का आभार जताते हुए कहा कि महिला शक्ति आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अपने घरों से निकलकर काम कर रही हैं। एडब्ल्यूपीएल के एमडी संजीव कुमार ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। संजीव कुमार ने कहा कि इस इंडस्ट्री में काम करके महिलाएं अपना जीवन यापन तो कर ही रही हैं, साथ-साथ वो अपने सपने भी साकार कर रही हैं। संजीव कुमार ने कहा कि आने वाले समय में महिलाओं की भागीदारी डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री में बढ़ेगी, जिससे वो समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिन पहले रखें गए इस कार्यक्रम में पहुंची मातृ शक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब महिलाएं केवल अपने घर तक ही सीमित नहीं है, अब वे इंडस्ट्री से जुड़कर समाज उत्थान के कार्यों भी बड़ा योगदान दे रही है। संजीव ने सुधा यादव को महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण बताया।

# अब अनुसूचित जाति के किसानों को अनुदान पर मिलेगा ट्रैक्टर



गुरुग्राम लघु सचिवालय स्थित में अनुसूचित जाति के किसानों को ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से अनुदान पर ट्रैक्टर देने के लिए बुलाई गई जिला स्तरीय कमेटी की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की एसबी-89 स्कीम के अंतर्गत अनुदान पर ट्रैक्टर प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति के किसानों के चयन के लिए जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी की बैठक में ऑनलाइन ड्रॉ निकाला गया। इसके लिए 101 किसानों की सूची प्राप्त हुई थी, जिनमें से ड्रॉ के माध्यम से 08 किसानों का चयन किया गया। इन किसानों को ट्रैक्टर पर 50 प्रतिशत या 3 लाख रुपये (जो भी कम होगा) अनुदान राशि दी जाएगी। जिन किसानों का ड्रा में नाम नहीं निकला उनकी 10 हजार रुपये की सिक्योरिटी राशि उनके खाते में वापस कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 8 के बाद जो भी सूची बची है वो वेटिंग लिस्ट में इसी क्रम में रहेगी।

डीसी ने चयनित किसानों को बधाई देते हुए कहा कि सभी चयनित 8 किसान आगामी 10 मार्च तक अपने सभी निर्धारित दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन व फीस की स्लिप, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, आधार कार्ड की प्रति, पेन कार्ड की प्रति, बैंक खाते की कॉपी की प्रति का शपथ पत्र सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में जमा करवाएं।

# बच्चों में कैंसर के शुरुआती लक्षणों को पहचानने में पीडियाट्रिशियन की भूमिका महत्वपूर्ण: डॉ. गौरी कपूर

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**राजीव** गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी), दिल्ली के वार्षिक सम्मेलन आरजीकॉन 2023 की आयोजक अध्यक्ष डॉ. गौरी कपूर ने कहा कि बच्चों में कैंसर का इलाज काफी हद तक संभव होता है। हालांकि इसके लिए जनरल फिजिशियन और पीडियाट्रिशियन के बीच जागरूकता आवश्यक है। आरजीकॉन 2023 में एक कार्यशाला भी उपस्थित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बड़ी संख्या में पीडियाट्रिशियन और जनरल फिजिशियन के लिए बच्चों में कैंसर के शुरुआती लक्षणों को पहचानने और आवश्यक जांच करने के बारे में जागरूक करने के लिए सत्र आयोजित किया गया।

आरजीसीआई में बाल चिकित्सा हेमेटोलॉजी, ओंकोलॉजी एवं बीएमटी विभाग की डायरेक्टर डॉ. कपूर ने कहा, इस बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है कि बच्चों में होने वाले कैंसर का इलाज किया जा सकता है यदि समय पर जांच हो जाए और स्पेशलाइल्ड चाइल्डहुड कैंसर केयर सेंटर में इलाज किया जाए। टाटा मेडिकल सेंटर कोलकाता के पीडियाट्रिक ओंकोलॉजी में सीनियर कंसल्टेंट डॉ. वास्कर साहा ने सभी प्रतिभागियों से कैंसर पीड़ित बच्चों के इलाज के मामले में भारत को सबसे आगे लाने की चुनौती स्वीकारने की अपील की। इस ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त करने के





लिए सभी संबंधित पक्षों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य के अधिकार को एक मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकारने और देश में कैंसर से पीड़ित सभी बच्चों के लिए समान देखभाल की व्यवस्था करने की भी वकालत की।

आरजीसीआई के सीईओ डीएस नेगी ने कहा कि बच्चों के कैंसर की जांच एवं इलाज की तरह ही उनके मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कोविड-19 महामारी के कारण कई बच्चों के इलाज में देरी हुई है या वे इलाज से चूक गए हैं। महामारी के कारण आइसोलेशन और तनाव ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डाला है। आरजीसीआई के अध्यक्ष राकेश चोपड़ा ने कहा कि अध्ययनों से पता चलता है कि बचपन में कैंसर का सामना कर चुके लोगों में बहुत संवेदनशीलता होती है और वे जीवन को अलग तरीके से देखते हैं। हर साल दुनियाभर में कैंसर से पीड़ित 4 लाख बच्चों के मामले सामने आते हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत मामले निम्न और मध्यम आय वाले देशों के हैं।

# जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की पहली तीन दिवसीय बैठक संपन्न

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**जी-20** एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप (एसीडब्ल्यूजी) की गुरुग्राम में पहली तीन दिवसीय बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस बैठक का पहली मार्च को केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने शुभारंभ किया था। बैठक के आखिरी दिन डीओपीटी के अतिरिक्त सचिव एवं जी-20 एसीडब्ल्यूजी भारत के अध्यक्ष राहुल सिंह व सह अध्यक्ष एवं इटली में हेड ऑफ टास्क फोर्स जियोवन्नी टार्टाग्लिया पोलसिनी ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया।

राहुल सिंह ने कहा कि इस बैठक में जी-20 के सभी सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों और 9 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 90 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह जी-20 एसीडब्ल्यूजी की पहली बैठक थी। उन्होंने जी-20 एसीडब्ल्यूजी के सह-अध्यक्ष के रूप में इटली की उपस्थिति के लिए प्रशंसा और आभार व्यक्त किया।





उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में तीन दिन तक चली इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक अपराधियों से संपत्ति की रिकवरी, भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूचना साझा करने में सहयोग के चैनल विकसित करने, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संस्थागत ढांचे और आपसी कानूनी सहायता से संबंधित कई प्रमुख क्षेत्रों पर गहनता से विचार-विमर्श हुआ है। इस बैठक में यूएनओडीसी, ओईसीडी, एगमोंट ग्रुप, इंटरपोल व आईएमएफ आदि अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों और

**प्रतिनिधियों ने गुरुग्राम में भ्रष्टाचार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर किया मंथन**

**एसीडब्ल्यूजी की दूसरी बैठक मई में ऋषिकेश और तीसरी अगस्त में कोलकाता में होगी आयोजित**

विशेषज्ञों ने अपने प्रेजेंटेशन दिए। उन्होंने बताया कि भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा, केंद्रीय जांच ब्यूरो के निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल ने भी भारत की ओर से इस बैठक में अपना संबोधन दिया। अतिरिक्त सचिव ने बताया कि इस बैठक में भ्रष्टाचार और संबंधित आर्थिक अपराधों से लडने के लिए सूचना साझा करने में सुधार, संपत्ति रिकवरी तंत्र को मजबूत करने, आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कानून प्रवर्तन सहयोग को मजबूत करने पर उच्च स्तरीय सिद्धांतों को लेकर चर्चा हुई। भारत में एसीडब्ल्यूजी की दूसरी बैठक 25 से 27 मई तक ऋषिकेश में और तीसरी बैठक 9 से 11 अगस्त तक कोलकाता में होगी। जी-20 एसीडब्ल्यूजी के सह अध्यक्ष जियोवन्नी टार्टाग्लिया पोलसिनी ने जी-20 में भारत के एजेंडे के लिए इटली के समर्थन की फिर से पुष्टि की। उन्होंने गुरुग्राम में पहले जी-20 एसीडब्ल्यूजी के आयोजन के लिए भारत के प्रयासों की सराहना की।

# गुरुग्राम में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में विदेशी मेहमानों को मिला सुखद अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जी-20** एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में शामिल हुए विदेशी प्रतिनिधियों को गुरुग्राम में सुखद अनुभव मिला है। भारत में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक के मेजबान हरियाणा को लेकर विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि गुरुग्राम में मिले आदर सत्कार व यहां की संस्कृति से बेहद प्रभावित नजर आए। गुरुग्राम में एक से तीन मार्च तक आयोजित बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ वैश्विक लड़ाई पर हुए मंथन में शामिल विदेशी प्रतिनिधियों ने अपने शब्दों से भारत में मिले सम्मान व सत्कार की प्रशंसा करते हुए खुशी जताई।

**भारत की अध्यक्षता में जी-20 की गुरुग्राम में पहली बार आयोजित हुई एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक**

### पहली बार भारत आई बुदी संतोसो ने की प्रशंसा

**जी-20** के स्थाई सदस्य इंडोनेशिया के प्रतिनिधि बुदी संतोसो एंटी करप्शन वर्किंग की बैठक में शामिल होने के लिए पहली बार भारत आए है। उन्होंने हरियाणा के गुरुग्राम शहर में आयोजित बैठक में शामिल होने के अनुभव को प्रशंसनीय बताया। भारत में गुरुग्राम की मिलेनियम सिटी के तौर पर पहचान है। इस बैठक के लिए गुरुग्राम में पहुंचने पर मिले सम्मान व सत्कार की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।



बुदी संतोसो।

### हरियाणा के भ्रमण स्थलों को लेकर उत्साहित: यूरज


**स्विट्जरलैंड** से बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रतिनिधि यूरस आंद्रेज का भी गुरुग्राम में अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने अपना अनुभव सांझा करते हुए बताया कि भारत की अध्यक्षता में शानदार आयोजन हो रहा है। यहां आकर अच्छा आतिथ्य सत्कार मिला और मुख्य बैठक के साथ-साथ हरियाणा के गुरुग्राम शहर में अच्छे लोगों से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि यहां आस-पास भ्रमण स्थलों की यात्रा का भी कार्यक्रम है जिसको लेकर वे बेहद उत्साहित है।



यूरस आंद्रेज।

### गुरुग्राम में हुआ घर जैसा महसूस: नंदिता

**एंटी** करप्शन वर्किंग ग्रुप के आमंत्रित राष्ट्र मॉरीशस से पहुंची नंदिता देवी के लिए गुरुग्राम में अपने घर जैसा अनुभव मिला। उन्होंने बताया कि सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित बैठक, स्थानीय परिवहन के साधनों व गुरुग्राम शहर के विकास ने प्रभावित किया है। इस यात्रा का वह अच्छा अनुभव लेकर अपने देश लौटेंगी।



नंदिता देवी।

### गुरुग्राम के लोगों ने किया प्रभावित: एलेन

**कनाडा** के प्रतिनिधि एलेन लेबेर के लिए गुरुग्राम का अनुभव शानदार रहा। उन्होंने बताया कि किसी भी शहर के प्रति समझ विकसित करने के लिए वहां के स्थानीय लोगों के बारे में जानना जरुरी होता है। यहां के लोग मृदुभाषी, मिलनसार व हमेशा मदद के लिए तैयार बताया। उन्होंने गुरुग्राम को भारत का विकसित शहर बताते हुए यहां के इंफ्रास्ट्रक्टर की भी प्रशंसा की।



एलेन लेबेर।

### गुरुग्राम में हुआ परफेक्ट आयोजन : एलेना

**इटली** की एलेना तोमासिनी ने जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की गुरुग्राम में आयोजित बैठक के प्रबंधों की प्रशंसा की। भारत की इस यात्रा ने उन्हें प्रभावित किया है। यहां के लोगों से अच्छा व्यवहार मिला है और यह पूरा आयोजन परफेक्ट है।



एलेना तोमासिनी।

# फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय ट्रायल 10 को रेवाड़ी में

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय सिविल सेवा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 23 मार्च के बीच ओडिशा के भुवनेश्वर शहर में स्थित कलिंगा स्टेडियम स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में किया जा रहा है।

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला के मुताबिक प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए राज्य स्तरीय ट्रायल 10 मार्च को सुबह 10 बजे रेवाड़ी के राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का चयन करने के लिए संबंधित जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड की हिदायतों अनुसार इन सिविल सेवा प्रतियोगिताओं में अर्धसैनिक संगठन, केंद्रीय पुलिस संगठन, पुलिस आरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एनएसजी, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारी व अधिकारी भाग नहीं लेगें। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सिविल सेवा कर्मचारी टीए डीए अपने विभाग से लेंगे। सिविल सेवा प्रतियोगिता से संबंधित हिदायते वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# Fibe ने 10,000 करोड़ रुपये डिस्बर्स करने का कीर्तिमान बनाकर अपनी सातवीं वर्षगांठ का उत्सव मनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े कंज्यूमर लेंडिंग ऐप, Fibe ने काम करते हुए 7 साल पूरे कर लिए हैं, और यह 10,000 करोड़ रु. मूल्य के 4 मिलियन लोन डिस्बर्स कर चुका है। कंपनी ने अपना 3.0 ऐप वर्जन भी लॉन्च किया है। जिसमें एक संवादपूर्ण यूआई है। इस नए ऐप द्वारा ब्रांड का उद्देश्य नए व मौजूदा यूजर्स को सरल एवं संलग्नकारी अनुभव प्रदान करना है। ग्राहकों के साथ इस उपलब्धि की खुशी मनाने के लिए ब्रांड ने Fibe कार्निवल का अनावरण किया, जो फिनटेक स्पेस में सबसे बड़ा गेमिफाईड प्लेटफॉर्म है।

इस कार्निवल की थीम नए ऐप की कार्निवल ऑफ अपग्रेड्स थीम के अनुरूप है। इस अभियान में कार्निवल थीम के साथ गेम्स आकर्षक और दिलचस्प ग्राफिक्स में प्रदर्शित होंगे। इस संवाद द्वारा उपभोक्ताओं को नए फीचर्स के बारे में जानने और Fibe की लेंडिंग सेवाओं और उत्पादों के बारे में जानकारी पाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, ग्राहकों को लेटेस्ट आईफोन, एयरपॉड्स, एलेक्सा जैसी फ्रीबीज और अग्रणी ब्रांड्स के गिफ्ट वाउचर जीतने का मौका भी मिलेगा। Fibe ने डिजिटल लेंडिंग स्पेस में 7 साल का सफर पूरा कर लिया है और यह 10,000 करोड़ रुपये के लोन डिस्बर्स कर चुका है। बीपीएनएल (बाय नाउ, पे लेटर) के लॉन्च के साथ Fibe किफायत के सेगमेंट में प्रवेश करके Fibe विभिन्न वर्टिकल्स में पहुँच चुका है, और एडटेक, हैल्थटेक, शॉपिंग एवं लाईफस्टाईल में विस्तृत ग्राहक वर्ग हासिल कर चुका है। नए अभियान का लॉन्च डिजिटल लेंडिंग के लिए अद्वितीय फीचर्स के ऐप की शुरुआत को इंगित करता है, जिससे बेहतर संवादपूर्ण यूआई, पर्सनलाईज़्ड एवं क्रॉस-सैलिंग क्षमताएं बढ़ेंगी। गेमिफिकेशन द्वारा ग्राहकों को Fibe के उत्पादों के बारे में ज्यादा जानने का अवसर मिलेगा।





ग्राहकों और निवेशकों को धन्यवाद देते हुए अक्षय महरोत्रा, को-फाउंडर एवं सीईओ, Fibe ने कहा, ''Fibe में हमें युवा वर्किंग प्रोफेशनल्स को पैसा उधार देने के मामले में अपनी ग्राहक-केंद्रित फिलॉसफी पर गर्व है। हम बेहतर टेक्नॉलॉजी और ग्राहक डेटा की सुरक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। इस नए ऐप के लॉन्च से हमारे इस प्रयास को बल मिलेगा। हमारे इस नए फीचर का उद्देश्य लोन आवेदन की प्रक्रिया को ज्यादा संवादपूर्ण और आसान बनाकर ग्राहकों के अनुभव में सुधार करना है।'' नया ऐप लॉन्च करते हुए आशीष गोयर, को-फाउंडर एवं सीएफओ, Fibe ने कहा, ''हमारा मुख्य उद्देश्य अपने ग्राहकों को आसानी से वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। हम 10,000 करोड़ रुपये का वितरण पूरा होने पर बहुत खुश हैं। बदलती पसंदों के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ ग्राहक अनुभव और महत्वपूर्ण वृद्धि के उद्देश्य के साथ हमारा नया ऐप फीचर ग्राहकों को ज्यादा तीव्र लोन आवेदन प्रक्रिया, बेहतर संलग्नता और वित्तीय समझदारी प्रदान करेगा।'' कंपनी अपनी शुरुआत से ही अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए अनेक उपाय कर चुकी है। Fibe ब्रांड अनेक युवा लोगों की मदद करते हुए अपने विकास के 7 साल पूरे कर चुका है। आने वाले सालों में Fibe ज्यादा संख्या में ग्राहकों को सेवाएं देगा और उपभोक्ता की उम्मीदें बढ़ने के साथ भारत में हर प्रोफेशनल का पसंदीदा ऋणदाता बन जाएगा।

# ब्रेन में क्लॉट का शुरूआत में पता लगाऐगी मशीन: डॉ. पांडे

कविता। फरीदाबाद

**एनएच-तीन** स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार नई एवं आधुनिक तकनीकी जांच मशीनें मंगवाई जा रही हैं। साथ ही मरीजों को बेहतर चिकित्सक उपलब्ध करवाये जा रहे है। दिमाग से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए न्यूरो सर्जनों की टीम मौजूद है। वहीं यहां अब जर्मनी से मंगवाई गई मशीने भी स्थापित कर दी गई है। जिससे

## ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज में लगातार बढ़ाई जा रही है सुविधाएं

दिमाग के ऑपरेशन अब यहीं किए जा रहे है। इसी कड़ी में अस्पताल में ट्रांसप्रेरियल ड्रोप्लर इमेजिंग मशीन लगाई गई है। जिससे ब्रेन क्लॉट का शुरूआती दौर में ही पता लगाया जा सकता है।

जिले में फिलहाल नौ लाख के आसपास ईएसआई कार्ड धारक ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और



ईएसआई मेडिकल कॉलेज व अस्पताल।

डिस्पेंसरियों से जुड़ चुके हैं। ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज में फरीदाबाद समेत, पलवल, हथीन, होडल, सोनीपत, गोहना, रेवाड़ी इत्यादि जिलों से रोजाना करीब तीन हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं। इनमें से दिमागी से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की संख्या काफी होती है। पहले इस तरह की बीमारियों का इलाज यहां नहीं था। न्यूरो सर्जनों के आभाव में पहले मरीजों को यहां से रेफर कर दिया जाता था। लेकिन अब न्यूरो सर्जन आने से यहां से मरीजों को रेफर न के बराबर किया जा रहा है। आधुनिक मशीनों के जरिये मरीजों को न्यूरो सर्जन बेहतर इलाज की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवा रहे हैं। यह जानकारी ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट एके पांडे ने दी। उन्होंने कहा कि अब एक नई मशीन मंगवाई है, जिससे क्लॉट का शुरूआत में ही पता चल सकेगा।

**क्लॉट का पता :** डॉ. एके पांडे ने बताया कि अब मरीजों की सुविधा के लिए नई मशीनें भी मंगवाई गई है। विभाग की तरफ से एक ऐसी मशीन मंगवाई गई है, जिससे ब्रेन में बनने वाले क्लॉट का पहले ही पता चल जाएगा। जिसका पता चलते ही उसे तुरंत दवाओं से रोका जा सकता है। डॉ. पांडे ने बताया कि न्यूरो सर्जरी विभाग में ट्रांसप्रेरियल ड्रोप्लर इमेजिंग नामक मशीन मंगवाई गइ हैं। यह मशीन ब्रेन की जटिल बीमारियों से निजात दिलाने में मददगार साबित हो रही है। खासकर ब्रेन में जमने वाले थक्के का पलभर में पता करके उसका पहले ही सफाया किया जा सकेगा।

# गुरुग्राम से लौट रहे कार सवार छह युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

## दोस्त के जन्मदिन की पार्टी मनाकर देर रात गुरूग्राम से पलवल लौट रहे थे

राजेश दास। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** गुरूग्राम रोड पर बीती रात मांगर चुंगी के पास गुरूग्राम की ओर से आ रही एक आल्टो कार का अचानक संतुलन बिगड़ गया। जिसके कारण कार डिवाइडर को पार करती हुई दूसरी सड़क पर पहुंच गई। तभी गुरूग्राम जा रहे एक तेज रफ्तार हाइवा ने कार को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर चकनाचूर हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार में फंसे युवकों को किसी तरह बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित दिया। हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। शव मोरचरी में रखवाने के बाद पुलिस ने मामले की



हादसे के बाद मौके पर पड़ी क्षतिग्रस्त कार।

गहना के साथ जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक 26 वर्षीय जतिन छावड़ा, 18 वर्षीय विशाल सेठी, 29 वर्षीय आकाश गुलाटी, 26 वर्षीय पुनित अग्रवाल और 25 वर्षीय बलजीत उर्फ बंटी पलवल के जवाहर नगर कैंप में अपने अपने परिवारों के साथ रहते थे। सभी युवक अलग अलग स्थानों पर अपने काम धंधे करते थे। इनमें से संदीप और बलजीत शादीशुदा है।

संदीप के परिवार में पत्नी के अलावा तीन साल और सात माह की दो बेटियां भी है। जबकि बलजीत की हाल ही में जनवरी में शादी हुई थी। बताया गया है कि इनके एक अन्य दोस्त रिंकू का बृहस्पतिवार को



बीके अस्पताल पोस्टमॉर्टम के दौरान लगी भीड़।

जन्मदिन था। रिंकू ने पलवल में इन दोस्तों के साथ केक काटकर पार्टी दी थी। जिसके बाद सभी गुरूग्राम में पार्टी करने की बात कहने लगे। लेकिन रिंकू ने बताया कि उसके पिता ने गुरूग्राम जाने से मना कर दिया है। जिसके कारण यह छह युवक रिंकू को पलवल में छोड़कर अल्टो कार पर सवार होकर गुरूग्राम चले गए। जहां पार्टी करने के बाद सभी रात करीब साढ़े 12 बजे पलवल लौट रहे थे। उसी दौरान मांगर चुंगी के पास पहुंच कर उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई। ऐसे में कार डिवाइडर को पार करते हुए गुरूग्राम की जाने वाली सड़क पर पहुंची गई। तभी फरीदाबाद की और से तेज रफ्तार हाइवा ने अचानक सामने आई कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मशक्कत के बाद युवको कार से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये गए है। पुलिस ने अज्ञात हाइवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# स्वास्थ्य विभाग ने मध्यप्रदेश में किया भ्रूणलिंग जांच का पर्दाफाश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गर्भवती** महिलाओं से पैसे लेकर भ्रूणलिंग जांच करवाने वाले गिरोह का जिला स्वास्थ्य विभाग ने पर्दाफाश किया है। स्वाथ्स्य विभाग की टीम ने मध्यप्रदेश में 13 महिलाओं की लिंग जांच करने वाले एक गिरोह को पकड़ा है। विभाग की टीम को सूचना मिली थी, कि महिलाओं का लिंग जांच पलवल, होडल में करवाया जा रहा है। लेकिन टीम ने मध्यप्रदेश तक पीछा करते हुए आरोपियों को दबोचा है।

पीएनटीडी के नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को सूचना मिली कि पलवल में महिलाओं की लिंग जांच की जा रही है। उन्होंने डॉ. मान सिंह और लिपिक विजेन्द्र को भेजा। टीम ने पलवल स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रवीन, डॉ. संतोष, डॉ. अक्षय जैन को साथ ले लिया। टीम को नकली ग्राहक का पीछा करते हुए पता चला कि कौसी में जांच होगी। जहां नरेन्द्र नाम के व्यक्ति ने नकली ग्राहक गर्भवती से 40 हजार में सौदा तय किया और पैसे ले लिए। जिसके बाद टीम उनका पीछा करते हुए मध्यप्रदेश के मुरैना में पहुंची। जहां टीम ने मध्यप्रदेश के डीएम और सीएमओ को सूचना देकर



टीम के संग गिरफ्तार आरोपी नरेन्द्र और सचिन।

लोकल टीम को साथ ले लिया। नहर पर सचिन नामक युवक बाइक लेकर आया और मरीज को अपने साथ ले गया। जहां टोलटैक्स पर उसने एक मैजिक कार में मरीज को भेज दिया। जहां जैतपुर में लाखन सिंह के घर जांच हुई। वहां नकली ग्राहक के अलावा 12 अन्य महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कर भ्रूणलिंग जांच की जा रही थी। जिसके बाद मैजिक कार ने मरीज को बस स्टैंड पर छोड़ा। वहां पर सचिन और नरेन्द्र दोनो पहुंचे। जहां टीम ने दोनो को काबू कर लिया और लाखन के घर लेकर गए। लेकिन लाखन मौके से फरार हो गया। मैजिक कार का तीन माह पहले जेल से छुटे धीरज प्रजापति ने इंतजाम किया है। जिसमें सचिन उसके पास काम करता है। वहीं धीरज, सचिन, नरेन्द्र और लाखन समेत पांच के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# अग्रिम जमा राशि के खिलाफ आंदोलन करेगा सेव फरीदाबाद

**फरीदाबाद।** शहर के प्रमुख नागरिक संगठन सेव फरीदाबाद के संयोजक पारस भारद्वाज ने हरियाणा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि बिजली बिल में लग कर आ रही अग्रिम जमा राशि को या तो सरकार वापस ले ले अन्यथा उनका संगठन हरियाणा सरकार के खिलाफ एक बड़ा मोर्चा खोलने के लिए तैयार है।

अग्रिम जमा राशि को जनता के ऊपर एक कुठाराघात बताते हुए उन्होंने इसको जनविरोधी और औचित्यहीन नीति बताया। दरअसल 2020 में हरियाणा विद्युत् विनियामक आयोग ने 2016 के अपने एक नियम का हवाला देते हुए हरियाणा के उपभोक्ताओं पर अग्रिम जमा राशि का अतिरिक्त बोझ डालने का आदेश दिया था। इस नियम के हिसाब से उपभोक्ता के एक साल के बिजली के बिल को संख्या 12 से भाग कर के एक महीने का औसत बिल निकाला जाएगा। फिर इस बिल को संख्या 4 से गुणा करके दो चक्रों की देय राशि की गणना की जायेगी जो कि उपभोक्ता के बिजली बिल में जोड़ कर वसूली जायेगी। पारस भारद्वाज का कहना है कि मीटर लगवाते समय पहले से ही सिक्योरिटी डिपाजिट के नाम पर बिजली विभाग उगाही करता है। अब चार महीने की अग्रिम राशि जमा करवाकर सरकार मध्यमवर्गीय व गरीब परिवारों की कमर तोडना चाहती है। मनोहर सरकार हरियाणा की जनता को चोर समझती है क्योंकि बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह राशि इसलिए इकट्ठा की जा रही है जिससे कि यदि कोई उपभोक्ता बिजली का बिल बिना भरे शहर छोड़ के भाग जाता है तो बिजली विभाग का नुक्सान ना हो। दु:ख और विस्मय की बात यह है कि आयोग ने 2016 में हरियाणा सभी विधायकों और सांसदों से इस नियम के खिलाफ आपत्ति दर्ज़ कराने के बाबत पत्र लिखा था। जिसपर किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। बता दें कि इस नीति के खिलाफ सबसे पहला प्रदर्शन 4 अप्रैल 2021 को सेव फरीदाबाद संस्था के नेतृत्व में सैंकड़ों समाजसेवियों व आरडब्लूए ने लालटेन यात्रा निकाल कर किया था।

# जिले को जल्द ही मिलेगी एक और नए कालेज की सौगात : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**हरियाणा** सरकार प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में शिक्षा और चिकित्सा को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है और इस क्षेत्र में भाजपा सरकार जमकर विकास कार्य करा रही है। इसके साथ साथ हरियाणा की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए संकल्परत है और भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने का कार्य कर रही है। यह शब्द प्रदेश के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को सेक्टर- 23 बल्लबगढ़ में बनाए जाने वाले नए कॉलेज की जमीन का निरीक्षण करते समय कहे।

प्रदेश के उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लभगढ़ में बेटियों के लिए कॉलेज देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। परिवहन मंत्री शर्मा ने कहा की बल्लभगढ़ विधानसभा और उसके आसपास लगते हुए घनी आबादी



कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सैक्टर-23 में कालेज के लिए जमीन का निरीक्षण करते हुए।

वाले क्षेत्र में लाखों की आबादी के बीच बिजली बोर्ड की जमीन पर सेक्टर-23 में छात्र छात्राओं के लिए जल्द ही भाजपा की मनोहर सरकार कालेज बनाने जा रही है। बिजली बोर्ड से उच्च शिक्षा विभाग को जल्द जमीन ट्रांसफर हो जाएगी। उसके बाद कॉलेज निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी। इस कॉलेज के बनने से बल्लभगढ़ विधानसभा और उसके आसपास लगते इलाके के बच्चों को न्यूनतम फीस पर शिक्षा मिलेगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और उसके आसपास इलाकों में लाखों की आबादी में मजदूर वर्ग रहता है। जो अपने बच्चों को शिक्षा के लिए दूर भेजने अथवा प्राइवेट कॉलेजों में पढ़ाने में असमर्थ है। हरियाणा सरकार जर्जर अवस्था में पड़ी हुई बिजली बोर्ड की इस कॉलोनी में करीब 5 एकड़ से ज्यादा जमीन पर नया कॉलेज बनवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब बेहतर शिक्षा बच्चों को मिलेगी तो वह सरकारी नौकरी के साथ-साथ अपना व्यापार अच्छे ढंग से कर सकेंगे और प्रदेश का शिक्षा का स्तर भी मजबूत होगा।

# युवा सांसद कार्यक्रम किया आयोजित

**फरीदाबाद।** जहां भारत देश के कोने कोने में जी20 का आगाज किया जा रहा है। शहरों को सजाया जा रहा है अलग अलग देशों के विभिन्न विभागों की मीटिंग्स का आयोजन भारत देश के अलग अलग पर किया जा रहा। वहीं हरियाणा के गुरुग्राम ओर झज्जर में भी जी20 का आगाज हो रहा है हरियाणा में जी20 का आगाज 4 मार्च तक चलेगा।

नेहरू युवा केन्द्र फरीदाबाद की जिला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक ने बताया कि फरीदाबाद में जी20 एवं वाई-20 के कार्यक्रम आस पड़ोस युवा सांसद कार्यक्रम आयोजन नेहरू युवा केन्द्र संगठन (खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार) एवं जज्बा फाउंडेशन के द्वारा डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। जिसमें शहर विभिन्न महाविद्यालय के छात्रों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल वर्मा, गौरव ठाकुर, रमन प्रसार, वंदना, हर्षित, कृष्ण जसवंत पंवार, राकेश टोंगर, हर्ष कौशिक, विजयपाल, केशब गौर व समस्त डीएवी के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# मोटापे से हृदय रोग समेत कई बीमारियों का खतरा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**मोटापे** से डायबिटीज, हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक और कुछ कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा हो सकता है। हर साल चार मार्च को विश्व मोटापा दिवस (वर्ल्ड ओबेसिटी डे) मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मोटापे के बारे में लोगों को जागरूक करना है।

मेट्रो अस्पताल के चेयरमैन और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. पुरुषोत्तम लाल ने बताया कि बदलती जीवनशैली के कारण जंकफूड का सेवन भी खूब होने लगा है। तंबाकू, शराब, सिगरेट, अनियंत्रित शुगर, तेल-मसाला, घी, अत्यधिक मांसाहार फैटी लिवर का कारण है। अक्सर लोग भोजन करते हैं और टीबी देखते है। इससे मोटापा दिन पर दिन बढ़ता जाता है। डाइबिटीज और मोटापे का चोली दामन का साथ है। जिन लोगों के शरीर में वसा की मात्रा अधिक होती हैं, उन्हें डायबिटीज होने का ज्यादा खतरा है। डायबिटीज के मरीजों के लिए मोटापा को कंट्रोल करना जरूरी है। टाइप 2 में 80 प्रतिशत ऐसे लोग रहे, जिन्हें मोटापा अधिक रहा। मोटापा को कंट्रोल करने में डाइट का अहम है। कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन करने से बचना चाहिए। फास्ट फड नहीं खाने चाहिए, इसके लिए इवनिंग, मॉर्निंग वॉक और योग करना चाहिए। यदि किसी को डाइबिटीज है तो अधिक संभावना है कि ब्लड प्रेशर हाई रहने लगे। लाइफस्टाइल खराब रहने पर हाइपरटेंशन होता है। एक बात और वजन बढ़ने के बावजूद शरीर में ब्लड पम्प करने क क्षमता पहले जैसी ही रहती है।

ऐसे में मोटापे से परेशान व्यक्ति के दिल को रक्त पंप करने के लिए बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इस प्रक्रिया के दौरान शरीर के बाकी अंगों पर भी दबाव पड़ता है। इसी से ब्लड प्रेशर हाई रहने लगता है। मोटापा होने पर दिल को ब्लड सप्लाई के लिए दबाव पड़ता है। इससे हार्ट पर प्रेशर बढ़ने लगता है। मोटापे से हाई कोलेस्ट्रॉल हो जाता है।



डॉ. पुरूषोत्तम लाल।

कोलेस्ट्रॉल ब्लड वेसेल्स में जमा होकर ब्लड सप्लाई अवरुद्ध कर देता है। इससे हार्ट अटैक आने का खतरा रहता है। वहीं ब्लड प्रोपरली फ्लो न होने के कारण किडनी पर भी प्रेशर बढ़ने लगता है। इससे किडनी को अतिरिक्त काम करना पड़ता है। वह सही ढंग से ब्लड प्यूरीफाई नहीं कर पाती। इससे किडनी फेलियर का खतरा बढ़ जाता है। पेट संबंधी कई बीमारियों की जड़ मोटापा है। फैटी लिवर, पेट में गैस, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर आदि बीमारियों का कारण भी मोटापा है। गैस, कब्जीयत आदि भी लाइफ स्टाइल जनित बीमारियों का कारण मोटापा ही है।

# एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में आठ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बता** दे कि 17 जनवरी को दिल्ली में स्थित एक कम्पनी ईकेईएनवेयर हाउस एडं लोजस्टीक के नाम की एक करोड रुपए की बैंक डी.डी. बनी। असली डी.डी. का फोटो अन्य आरोपियो के माध्यम से व्हाट्सएप के जरिए आरोपी गौरव के पास आई। आरोपी ने हसली डीडी की हु-ब-हू नकली डीडी तैयार करके अन्य आरोपियों की सहायता से यूनियन बैंक आफ इण्डिया एनआईटी फरीदाबाद से कैश करा लिया। जिसने बैंक से एक करोड़ की हसली डीडी बनवाई थी उसको कैंसिल करा दिया गया। बाद मे पता लगने पर बैंक मैनेजर ने फर्जी डी.डी. द्वारा फ्रॉड करने के संबंध में थाना एनआईटी में शिकायत दी। जिसपर थाना एनआईटी में मामाल दर्ज किया गया।


इस मामले में डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादयान के द्वारा तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना एनआईटी प्रभारी सुनीता और उसकी टीम ने लगातार कार्य करते हुए बैंक का फर्जी डीडी बनाकर 1 करोड़ रुपए का फ्रॉड करने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में ओमकार, जगन सिंह, प्रदीप, संजय, अमित, मधुर, विजय कुमार और गौरव सिंह का नाम शामिल है। मामले में मुख्य आरोपी गौरव दिल्ली के मुखर्जी नगर के गांव धीरपुर का, आरोपी विजय कुमार दिल्ली के अशोका विहार फेस -2 का, आरोपी मधुर उत्तर प्रदेश के



बागपत जिले के बड़ौत का, आरोपी अमित उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के शमशाबाद का, आरोपी संजय फरीदाबाद के सेक्टर-16 का, आरोपी प्रदीप धवन उर्फ राजू बल्लबगढ की, हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-3 का, आरोपी जगन सिंह एनआईटी का तथा आरोपी ओमकार बल्लभगढ की सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। यूनियन बैंक आफ इण्डिया एनआईटी के मैनेजर की शिकायत पर लगातार कार्य करते हुए मामले में सब इंस्पेक्टर नरपत सिंह और सहायक सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने तफ्तीश करते हुए आरोपी ओमकार व जगन सिंह को मामले में 15 फरवरी को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी ओमकार को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया तथा आरोपी जगन सिंह को पुलिस रिमांड पर लिया गया पूछताछ के बाद आरोपी जगन को 19 फरवरी को जेल भेजा गया। तफ्तीश में सामने आया कि 17 जनवरी को दिल्ली में स्थित एक कम्पनी ईकेईएन वेयर हाउस एव लोजस्टीक के मालिक आरोपी नम्बर एक ने एक करोड रुपए की डी.डी. बनबाई, डी.डी. को आरोपी नम्बर-2 को तथा आरोपी नम्बर-2 ने आरोपी नम्बर-3 को व्हाट्सएप के माध्यम से आरोपी गौरव के पास भेजी।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्रवाल कॉलेज में वार्ता और स्लोगन प्रतियोगिता



**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में सतत विकास लक्ष्य क्लब के तत्वावधान में एक वार्ता तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि विद्यार्थियों में बेहतर स्वास्थ्य, स्त्री पुरुष समानता शिक्षा, तकनीकी जानकारी पर्यावरण की रक्षा इत्यादि विषयों को पूर्ण रूप से समझ सकें। कार्यक्रम की वक्ता डॉ. भावना सयाल, एसोसिएट प्रो. रावल इंस्टीट्यूट, फरीदाबाद ने अपने वक्तव्य में बताया कि भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए सभी को आपस में सहयोग होना चाहिए। वो केवल हम क्लब के माध्यम से कर सकते हैं। सभी गतिविधियों में भागीदारी करना ही आपकी शिक्षा की गुणवत्ता को परिभाषित करता है। स्त्री पुरुष समानता को हम नुक्कड़ नाटक में प्रदर्शन से समाज को सन्देश दे सकते हैं। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रेखा सैन तथा डॉ. देवेंद्र के द्वारा इस वार्ता तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ताकि छात्र छात्राएं सतत विकास में लक्ष्य को अपनी जीवन शैली में अपना सकें। सतत विकास लक्ष्य के कन्वीनर डॉ. मनोज शुक्ला के द्वारा इस क्लब में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता रहता है। स्लोगन प्रतियोगिता में राखी (बीए-II) ने प्रथम स्थान, मनविंदर (बीएससी फिजिक्स ऑनर्स-III) ने द्वितीय स्थान तथा अंजलि (बीए-II) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचर्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा प्रतिभगियों को उनकी भागीदारी के लिए प्रशंसा की।

### जगद्गुरु शंकराचार्य से लिया आशीर्वाद

**फरीदाबाद।** जिले में आगमन पर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी विमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती से अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने आशीर्वाद लिया। शंकराचार्य स्वामी फरीदाबाद के सेक्टर-11 में पधारे हुए थे। इस दौरान पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने उनका भगवान परशुराम की फोटो भेंट कर उनका स्वागत व आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सुरेंद शर्मा बबली ने कहा कि फरीदाबाद के लोगों के लिए यह गर्व की बात है कि जगदगुरु इस जिले में पधारे है। लोगों को आशीर्वाद दे रहे है। उन्होंने कहा कि भारत देश ऋषि मुनियों का देश रहा है। उनके तप और तपस्या की बदौलत ही देश में सुख-समृद्धि कायम रहती है। जगदगुरु स्वामी शंकराचार्य ने धर्म को लेकर जो कार्य कर रहे है, वह सराहनीय है और इस कार्य में ब्राह्मण सभा उनका पूरा सहयोग करेगी।

### युवा सांसद कार्यक्रम किया आयोजित

**फरीदाबाद।** जहां भारत देश के कोने कोने में जी20 का आगाज किया जा रहा है। शहरों को सजाया जा रहा है अलग अलग देशों के विभिन्न विभागों की मीटिंग्स का आयोजन भारत देश के अलग अलग पर किया जा रहा। वहीं हरियाणा के गुरुग्राम ओर झज्जर में भी जी20 का आगाज़ हो रहा है हरियाणा में जी20 का आगाज़ 4 मार्च तक चलेगा। नेहरू युवा केन्द्र फरीदाबाद की जिला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक ने बताया कि फरीदाबाद में जी20 एवं वाई20 के कार्यक्रम आस पड़ोस युवा सांसद कार्यक्रम आयोजन नेहरू युवा केन्द्र संगठन (खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार) एवं जज्बा फाउंडेशन के द्वारा डी. ए. वी. शताब्दी महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। जिसमें शहर विभिन्न महाविद्यालय के छात्रों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल वर्मा, गौरव ठाकुर, रमन प्रसार, वंदना, हर्षित, कृष्ण जसवंत पंवार, राकेश टोंगर, हर्ष कौशिक, विजयपाल, केशब गौर व समस्त डी. ए. वी. महाविद्यालय के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

### सांसद खेल महोत्सव के लिए मैराथन आज

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के लिए आज शनिवार को प्रात: छह बजे फरीदाबाद स्थित खेल परिसर से मैराथन का शुभारंभ किया जाएगा। मैराथन में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जबकि हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, तिगांव के विधायक राजेश नागर, पृथला के विधायक नयन पाल रावत, होडल के विधायक जगदीश नायर, पलवल के विधायक दीपक मंगला सहित हथीन के विधायक प्रवीण डागर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### पुरानी पेंशन बहाली को दिल्ली के लिए करेंगे कूच : शास्त्री

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज बीके चौक स्थित नगर निगम मुख्यालय पर दर्जनों विभागों बिजली, नगर निगम, हुड्डा, जनस्वास्थ्य, स्वास्थ्य, पर्यटन, परिवहन, शिक्षा आदि विभागों के सैंकड़ों कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकार की जन सेवाओं के विभागों के निजीकरण, दो लाख के करीब नियमित पदों पर भर्ती न करके पहले से चले आ रहे 28 हजार के करीब अनुबंध कर्मचारियो को पक्का करने की बजाय कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कच्चे कर्मचारी रखने की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान करतार सिंह नेकी तथा मंच का संचालन जिला वरिष्ठ उपप्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने किया। अन्यथा भविष्य में तमाम विभागों के कर्मचारी साझा आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। उक्त नेताओं ने पुरानी पेंशन बहाली के साथ-साथ तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, हरियाणा कौशल विकास निगम को फौरन रद्द करने, रिक्त पदों को पक्की भर्ती प्रक्रिया के जरिए भरने, आबादी के अनुपात में 10 लाख नए पद स्वीकृत करने आदि मांगों को भी जोरशोर से उठाया। गेट मीटिंग में अलावा, नगर निगम के राज्य उपमहासचिव सुनील चिडालिया,सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान, गुरचणसिंह खाडिया, मुकेश बेनीवाल, प्रेमपाल, कृष्णकुमार, अनुप चिंडालिया, मनोज बालगुहेर, ब्लॉक बल्लभगढ प्रधान रामकेश सहारण, आदि ने भी अपने विचारों को साझा किया।

### आधार में 10 साल पुराना डेमोग्राफिक विवरण सत्यापित हो

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि जिन नागरिकों के आधार कार्ड को 10 साल या उससे अधिक का समय हो चुका है, उन सभी के लिए अपने आधार कार्ड में डेमोग्राफिक विवरण जैसे पहचान के प्रूफ और पते के प्रूफ को सत्यापित कराना जरूरी है। ऐसा न करने पर नागरिक को सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। एडीसी अपराजिता ने बताया कि आधार अपडेट करने उपरांत नागरिक 1000 से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ जिसमें आधार जरूरी है जैसे एक देश, एक राशन कार्ड, बैंक खाता खुलवाना, छात्रवृति योजना, बैंकों में ऋण हेतु आवेदन, इनकम टैक्स रिटर्न ई-वेरिफिकेशन जैसी योजनाओं एवं सुविधाओं का आसानी से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। नागरिक अपने आधार को ऑफ-लाइन या खुद ऑन-लाइन अपडेट भी कर सकते हैं।

### अप्रैल में लगाया जाएगा विशाल व्यापार मेला : एसीएस

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने कहा कि फरीदाबाद में अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह में विशाल व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जिला फरीदाबाद के सभी औद्योगिक एसोसिएशनो, उद्योगिक इकाईयों और सामाजिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों तथा आरडब्लूए के प्रतिनिधियों सहित अधिक से अधिक आमजन को भागीदार बना कर शामिल करें। एसीएस आनंद मोहन शरण शुक्रवार को दोपहर बाद वीडियो कांफ्रेंस के जरिये यह दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में फरीदाबाद में जिला स्तरीय विशाल व्यापार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में मंत्रीगण, विधायकगण और तमाम उद्योगपतियों को शामिल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विशाल व्यापार मेले में सभी विभागों को शामिल करें। वहीं सरकारी एजेंसियों, स्मार्ट सीटी और एमसीएफ सहित सरकार के अन्य सभी डिपार्टमेंट को शामिल करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में विशाल मेले के लिए एचएसआईडीसी, एमएसएमई सहित उद्योग,श्रम तथा अन्य विभागों से आपस में तालमेल कर लिया गया है और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# पूर्वोत्तर चुनाव

## खिला कमल

**भारतीय जनता पार्टी** ने एक बार फिर अपनी चुनावी शक्ति प्रदर्शित की है। इस बार उसने पूर्वोत्तर में सफलता के झंडे गाड़े हैं। यह तथ्य अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है कि उसने त्रिपुरा में पुन: विजय प्राप्त की है। अन्य राज्यों की तरह भाजपा ने यहां भी पिछले साल मुख्यमंत्री बिप्लव देव को हटा दिया था। हालांकि, बिप्लव देव ने 2018 में भाजपा की यहां विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, पर मुख्यमंत्री के रूप में उनका प्रदर्शन थोड़ा कमजोर था। इससे भी बुरी बात है कि अक्सर अपनी 'बड़बोली' टिप्पणियों के कारण वे आलोचनाओं का शिकार हो जाते थे। भाजपा ने उनकी कमियां पहचानीं और पिछले साल मई में उनके स्थान पर मानिक साहा को मुख्यमंत्री बनाया गया। उल्लेखनीय है कि साहा को टाउन बारोडोवाली निर्वाचन क्षेत्र की अपनी सीट पर विजय पाने में सफलता मिली है। पूर्व राज-परिवार के प्रद्योत किशोर की पार्टी 'टिपरा मोथा' ने भाजपा की संभावनाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया, हालांकि वह काफी संख्या में सीटें जीतने में सफल हुई। भाजपा ने पहले ही कह दिया था कि वह टिपरा मोथा की ग्रेटर टिपरालैंड की मांग छोड़ कर बाकी सभी मांगे मानने को तैयार है। नागालैंड में भी भाजपा ने स्थानीय साझीदार एनडीपीपी से गठबंधन बनाया था जहां उसे विजय प्राप्त हुई है। हालांकि, मेघालय में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा, पर वहां भी वह सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी एनपीपी के कोनराड संगमा को समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। कुल मिला कर देखें तो भाजपा पूर्वोत्तर में अपने प्रदर्शन से बहुत प्रसन्न है। वह न केवल त्रिपुरा पर अपना कब्जा बनाए रखने में सफल हुई है, बल्कि पूरे क्षेत्र में उसने अपनी पकड़ मजबूत की है।



इस तथ्य पर गौर किया जा सकता है कि पूर्वोत्तर में लंबे समय से स्थानीय पार्टियों के अलावा कांग्रेस व कुछ हिस्सों में वामपंथ का प्रभाव था। इस पृष्ठभूमि में देखें तो इस क्षेत्र में भाजपा का प्रदर्शन बहुत शानदार रहा है। भाजपा इस क्षेत्र में अपना प्रभाव और बढ़ाने तथा इस उद्देश्य से स्थानीय पार्टियों के साथ संबंध मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। पूर्वोत्तर की स्थानीय पार्टियां हमेशा केन्द्र सरकार से बेहतर संबंधों की पक्षधर रही हैं, भले ही केन्द्र में किसी पार्टी का शासन हो। भारतीय जनता पार्टी को इस क्षेत्र में अपने कार्यकर्ताओं के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का पूरा समर्थन मिला जो लंबे समय से यहां कठोर परिश्रम कर रहे थे। पूर्वोत्तर में भाजपा की सफलता से उसके ऐसे आलोचकों का मुंह बंद हो गया है जो उसे केवल 'हिंदी पट्टी' की पार्टी बताते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यालय में विजय के बाद उत्साहित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने भाजपा की विजय का 'रहस्य' बताते हुए उसका श्रेय भाजपा सरकारों के कामकाज तथा कार्यकर्ताओं के जुझारूपन व निष्ठा को दिया। तीन पूर्वोत्तर राज्यों के चुनाव परिणामों ने कांग्रेस के लगातार पतन को भी प्रदर्शित किया है। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने भले ही कार्यकर्ताओं में जोश भरा हो, पर कांग्रेस कम से कम इन तीन राज्यों में उसे वोटों में बदलने में विफल रही है। पूर्वोत्तर की विजय ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करिश्मा लगातार बढ़ता जा रहा है तथा अमित शाह की सांगठनिक क्षमता का कोई मुकाबला नहीं है। नरेन्द्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने लगभग 50 बार पूर्वोत्तर की यात्रा कर उसे देश की मुख्यधारा में जोड़ा है। मोदी सरकार ने इस क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं का असाधारण विकास किया है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर अब न दिल्ली से दूर है और न हमारे दिल से। जनता ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है।

# मोदी-विरोधी विदेशी शक्तियां

कुछ विदेशी शक्तियां लगातार मोदी सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रही हैं, पर वे अपने इस खेल में सफल नहीं होंगी।



**शशांक सौरव**
(लेखक, सार्वजनिक नीति विश्लेषक हैं)



आजकल भारत और भारतीय राजनीति को विदेशी प्रेस में बहुत स्थान मिल रहा है। कुछ विदेशी शक्तियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व में संचालित केन्द्र सरकार को लगातार बदनाम करने के प्रयास कर रही हैं। ऐसे प्रयास करने वाले व्यक्तियों व संस्थानों के पास पैसे की कोई कमी नहीं है और वे इसका प्रयोग अपने दुष्टतापूर्ण षडयंत्रों में कर रहे हैं। बीबीसी, हिंडेनबर्ग व जार्ज सोरोस बहुत समृद्ध हैं और वे अपनी रणनीतियों के अंतर्गत जनता की राय तय करने वालों को प्रभावित कर रहे हैं। उनके द्वारा अपनाई रणनीतियों के गंभीर विश्लेषण से दो महत्वपूर्ण सवाल पैदा होते हैं। पहला सवाल यह है कि क्या भारत और मोदी सरकार पर सवाल उठाने वाले विदेशी व्यक्ति व संस्थान अपने दृष्टिकोण में निष्पक्ष हैं और क्या उनकी रिपोर्टों को 'पूर्ण सत्य' माना जा सकता है? दूसरा सवाल यह है कि क्या उनकी सक्रियता व संभवत: सहभागिता से भारतीय राजनीति पर कोई प्रभाव पड़ेगा?

यदि यह मान लिया जाए कि इनका भारतीय राजनीति पर प्रभाव पड़ेगा तो यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस प्रभाव की दिशा क्या होगी? इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बीबीसी की पहचान 'पक्षपाती रिपोर्टिंग' के कारण भी है और इस पर भारत में दो बार प्रतिबंध लगाया जा चुका है। विदेशी प्रेस के लिए वामपंथी झुकाव वाले लेख व डाक्यूमेंट्री कोई नई बात नहीं हैं। अनेक ब्रिटिश विधि-निर्माताओं ने बीबीसी द्वारा जारी ऐसे 'प्रचार दस्तावेजों' को खारिज किया है।

कुछ समय पहले बीबीसी द्वारा गुजरात दंगों के संदर्भ में जारी डाक्यूमेंट्री को उन्होंने यह कह कर खारिज कर दिया था कि मोदी को न्यायपालिका ने बेदाग घोषित किया है और यह डाक्यूमेंट्री दुनिया के सबसे बड़े निर्वाचित लोकतंत्र के लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित प्रधानमंत्री का अपमान करती है।

हालांकि, राजनीति के लिए कहा जाता है कि यहां संतों के लिए कोई स्थान नहीं है और यह बात वित्तीय दुनिया पर भी लागू होती है।

अमेरिका की 'शार्ट सेलर' फर्म हिंडेनबर्ग ने भारतीय उद्यमी अडाणी समूह पर गलत कामों का आरोप लगाया और यह भी कहा कि अडाणी समूह ने वित्तीय अनियमिततायें की हैं। वास्तव में शार्ट सेलर की कमाई किसी उद्यम के शेयर गिरने पर निर्भर होती है जिससे वह लाभ कमाता है। ऐसी स्थिति में भारतीय मीडिया के लिए यह जरूरी था कि वह हिंडेनबर्ग द्वारा लगाए आरोपों का गंभीरता से विश्लेषण करे तथा उसे प्रथमदृष्टया सही न मान ले। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि अडाणी समूह के शेयर गिरने से हिंडेनबर्ग को लाभ होता। अत: उसकी रिपोर्ट से 'हितों का टकराव' पैदा होता है। इसके साथ ही साथ ऐसी रिपोर्ट नैतिकता पर भी सवाल खड़े करती है।

विडंबना है कि हिंडेनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी समूह की वित्तीय स्थिति पर सवाल उठाने के बजाय एक काल्पनिक स्थिति पेश की गई। इन वित्तीय स्थितियों में उद्यमों का वित्तीय प्रदर्शन, तरलता, साल्वेंसी, कर्ज की स्थिति, प्रमोटरों द्वारा बंधक परिसंपत्तियां, नकद व ब्याज के प्रति नकद प्रवाह-कवरेज अनुपात, मुनाफा, कार्पोरेट प्रबंधन, आदि शामिल हैं। लेकिन मीडिया के एक हिस्से ने इस मामले में बहुत जल्दबाजी की क्योंकि इससे उनको अडाणी के साथ कथित निकटता के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करने का अवसर मिलता था। हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के बाद विपक्ष और मीडिया के एक हिस्से ने अपनी बंदूकों का निशाना मुख्यत: मोदी की ओर कर दिया जिसके लिए गोला-बारूद विदेशी एजेंसियां सप्लाई कर रही थीं। मजेदार बात है कि जब एयर इंडिया ने विमानों की खरीद के आर्डर दिए तो अमेरिका, ब्रिटेन व फ्रांस के नेताओं ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे रोजगारों का सृजन होगा तथा उनकी अर्थव्यवस्थाओं में गति आएगी। यदि ऐसा भारत में हुआ होता तो पूरा विपक्ष प्रधानमंत्री पर यह आरोप लगाता कि वे उस कंपनी से पैसा खा रहे हैं और देश को बेच रहे हैं।

जार्ज सोरोस एक अरबपति हैं। काफी समय पहले उन्होंने एक साक्षात्कार में स्वीकार किया था कि उनकी दिलचस्पी केवल पैसा कमाने में है और वे अपने काम के सामाजिक परिणामों की चिन्ता नहीं करते हैं। सोरोस वित्तीय संकट की स्थितियों से पैसा कमाने के लिए कुख्यात हैं और इसके लिए उनको कोई द:ख भी नहीं है। उन्होंने 1992 में बैंक आफ इंग्लैंड की समस्या तथा 1997 में एशियाई वित्तीय संकट का लाभ उठाया था। उन्होंने 'राष्ट्रवादियों' को रोकने के लिए एक अरब डालर खर्च करने का वादा किया था। वे लोकतंत्र को मजबूत करने की बात करते हैं, पर वे ऐसे संगठनों को पैसा देते हैं जो इस्राइल के अस्तित्व पर सवाल उठाते हैं, जबकि इस्राइल पश्चिम एशिया में एकमात्र लोकतंत्र है। वे स्वयं को एक 'मसीहा' की तरह पेश करते हैं, पर उनके तौर-तरीकों से संकेत मिलता है कि वे राजनीति को प्रभावित कर अव्यवस्था पैदा करना तथा संकट से मुनाफा कमाना चाहते हैं। उनका इतिहास अतीत में ऐसे संगठनों को पैसा देना है जो अराजकता पैदा करते हैं।

उनके संगठन 'ओपेन सोसाइटी फाउंडेशन' ने 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद भारत-केन्द्रित फंड की घोषणा की। हमारे आंतरिक मामलों में इस व्यक्ति के हस्तक्षेप का स्वागत करने के बजाय हर भारतीय को अतीत में उनके तथा उनके संगठन द्वारा किए दुष्टतापूर्ण कृत्यों को देखते हुए जार्ज सोरोस से सावधान रहना चाहिए। जहां तक ऐसी रिपोर्टों के प्रभाव का सवाल है, सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है कि भाजपा ने अपना काम बहुत सटीक तरीके से किया है और ऐसे दुष्ट संगठनों व व्यक्तियों का भारत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अक्सर देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के विदेशी संस्थाओं से संपर्क पाए गए हैं जिनमें से अनेक भारत के प्रति मित्रतापूर्ण नहीं रहे हैं। कुछ साल पहले एक टेलीविजन साक्षात्कार में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणि शंकर अय्यर ने पाकिस्तान से प्रार्थना की थी कि वह कांग्रेस को पुन: सत्ता प्राप्ति में सहायता करे।

इसके साथ ही, जब भी भारत-चीन संबंध खराब होते हैं तब कांग्रेस व चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच एक गोपनीय सहमति या 'एमओयू' की चर्चा स्वाभाविक रूप से होने लगती है। कांग्रेस का संदिग्ध अतीत तथा विदेशी धरती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला यह संदेश देता है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' केवल एक फर्जी कार्यक्रम है, जबकि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस वास्तव में हमारे देश को तोड़ना चाहती है। यदि राजनीति को थोड़ी देर के लिए अलग रख दिया जाए तो भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत सरकार तथा भारत देश पर ऐसे मनगढंत आरोप व हमारे आंतरिक मामलों में खुले हस्तक्षेप से स्पष्ट होता है कि अनेक विदेशी शक्तियां आज भी 'औपनिवेशिक सोच' का शिकार हैं। वास्तव में वे यह सहन नहीं कर पा रही हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से अब पांचवें नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। अब भारत का कद विश्व बिरादरी में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच रहा है और वह जल्द ही दुनिया की तीन सर्वाधिक विकसित अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा।

वास्तव में बीबीसी, हिंडेनबर्ग व जार्ज सोरोस द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर किए हमलों से भाजपा शस्त्रागार को नए हथियार प्रदान कर दिए हैं। नए युग की भाजपा जानती है कि हर अवसर का कैसे लाभ उठाया जाए जो उसे प्लेट में रख कर सौंपे जा रहे हैं। सत्तारूढ़ दल ने उचित ही देश की जनता को संदेश देना शुरू कर दिया है कि अनेक विदेशी पार्टियों व संगठनों से देश की विपक्षी दलों की मिलीभगत है और वे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। कांग्रेस इन उचित सवालों से स्वयं को दूर रखना चाहती है। लेकिन वह चाहे जितने हाथ-पैर मारे आने वाले संसदीय चुनाव में उसे इन सवालों के जवाब देने पड़ेंगे। आखिरकार भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और भारत की जनता को ही अंतिम निर्णय लेना है।

# युद्ध के कारण मंद पड़ती आर्थिक वृद्धि की गति

"जी-20 समूह के देशों की बैठक में विश्व सुरक्षा व अर्थव्यवस्था की परस्पर निर्भरता पर बल दिया गया है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



पिछले हफ्ते बेंगलुरू में जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक हुई, जिसमें दुनिया भर के लगभग हर महत्वपूर्ण पर्यावरण रणनीति नीति निर्माता प्रमुख नीतिगत मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए मेज पर बैठे। इसने सुरक्षा और आर्थिक मुद्दों की अन्योन्याश्रित प्रकृति को भी उजागर किया, जिसका आज विश्व सामना कर रहा है। राष्ट्रों के अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन और रूस के प्रति सहानुभूति रखने वाले राष्ट्रों के बीच अंतर के दिल में, यूक्रेन में चल रहे युद्ध की कड़ी निंदा के साथ दो विवादास्पद पैराग्राफ रखे गए हैं। बैठक के अंत में जारी चेयर के सारांश के पैराग्राफ 2 में कहा गया है, फरवरी 2022 से, हमने यूक्रेन में युद्ध को वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालते देखा है। मुद्दे पर चर्चा हुई। हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा सहित अन्य मंचों में व्यक्त किए गए अपने राष्ट्रीय पदों को दोहराया, जो संकल्प संख्या ईएस-11/1 दिनांक 2 मार्च 2022 में, जैसा कि बहुमत से अपनाया गया था (141 वोट के लिए, 5 के खिलाफ , 35 अनुपस्थिति, 12 अनुपस्थित), यूक्रेन के खिलाफ रूसी संघ द्वारा आक्रामकता की कड़ी शब्दों में निंदा करता है और यूक्रेन के क्षेत्र से इसकी पूर्ण और बिना शर्त वापसी की मांग करता है।

जी-20 सुरक्षा मुद्दों को हल करने का मंच नहीं है, हम स्वीकार करते हैं कि सुरक्षा मुद्दों के वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण परिणाम हो सकते हैं। दो अनुच्छेदों के संबंध में, इसे अध्यक्ष के सारांश में परिवर्तित कर दिया गया। इस बीच सारांश में धीमी वैश्विक वृद्धि, मुद्रास्फीति के रुझान, महामारी के नए रूपों में पुनरुत्थान और वित्तीय स्थितियों को कड़ा करने के कारण कई उभरते बाजारों की कमजोरियों पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष के सारांश में कई छोटे लेकिन प्रभावी मूर्त परिणामों को शामिल करके, भारत बहुपक्षीय विकास बैंकों के कामकाज में सुधार लाने के अपने घोषित एजेंडे को आगे बढ़ाने में कामयाब रहा। सारांश ने भारत के जी20 अध्यक्ष के तहत विशेषज्ञ समूह को अगले कुछ महीनों में बैंक के मिशन, परिचालन दृष्टिकोण, और उनके देश सगाई मॉडल के भीतर वित्तीय क्षमता विकसित करने के लिए विश्व बैंक के रोडमैप पर एक रिपोर्ट पेश करने का काम सौंपा और रिपोर्ट करने के लिए अन्य एमडीबी समान चुनौतियों का समाधान करने के उनके प्रयासों पर। पिछले कई वर्षों में विश्व बैंकों की भूमिका, कार्यों, लक्ष्यों और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं पर प्रभाव की कड़ी आलोचना हुई है, जो महामारी के दौरान बेहद गंभीर थी। भू-राजनीतिक परिदृश्य की बदलती गतिशीलता और विशेष रूप से एशिया में कई आर्थिक महाशक्तियों के उदय को दर्शाने के लिए भारत बहुपक्षीय संस्था सुधारों का समर्थन करता रहा है।



जी20 वित्त मंत्री भारत के जी20 अध्यक्षीय कार्यकाल के भीतर बहुपक्षीय विकास बैंकों की जी20 स्वतंत्र समीक्षा की सिफारिशों को लागू करने के लिए अंतर्राष्टीय वित्तीय वास्तुकला कार्य समूह से एक रोडमैप की मांग करेंगे। इसी तरह, भारत एक मजबूत कोटा-आधारित और पर्याप्त रूप से संसाधनों वाले अंतर्राष्टीय मुद्रा कोष के साथ, एक मजबूत वैश्विक वित्तीय सुरक्षा जाल को बनाए रखने के सारांश में सही शब्दावलियों को शामिल करके, वैश्विक दक्षिण के मशाल वाहक होने पर अडिग रहने में कामयाब रहा। कई निम्न और मध्यम आय वाले देशों की ऋण भेद्यता, जिनमें से कई दिवालिया होने से पहले हैं या बाड़ पर बैठे हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था में अराजकता पैदा कर सकते हैं। भारत ने अपने दक्षिणी पड़ोसी देश श्रीलंका को एकतरफा राहत दी है।

स्पष्ट रूप से, भारत ने वित्त नीति निर्माताओं की पहली बैठक में एक अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन यूक्रेन से संबंधित सुरक्षा मुद्दों पर अंतर्निहित मतभेदों ने इसे चित्र-परिपूर्ण समापन होने से रोक दिया। भारत को इन संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखना होगा क्योंकि यह जी20 के आसपास शेष 200 से अधिक बैठकों के साथ आगे बढ़ता है, विशेष रूप से वे जो विदेश मामलों, सुरक्षा और वित्त जैसे बड़े रणनीतिक हितों के साथ हैं।

यह एक कसौटी होगी जिस पर भारत को चलने की जरूरत है, एक समय में एक कदम जैसा कि वह पिछले दो वर्षों से कर रहा है।

## आप की बात

### विपक्ष को सबक

**त्रिपुरा,** नगालैंड और मेघालय के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करके 2 राज्यों में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया। इन राज्यों में सत्ता मिलने के साथ-साथ इस वर्ष के अंत में होने वाले कई राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव व उसके पश्चात 2024 में होने वाले आम चुनाव में भाजपा के लिए यह जीत टॉनिक का काम करेगी। इसके साथ ही विपक्षी दलों को आत्ममंथन का अंतिम मौका मिला है। यदि वह व्यर्थ आरोप-प्रत्यारोप से हटकर अपने शासन वाले राज्यों में जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़े मुद्दे हल करें तथा जनता को अधिकाधिक सुविधाएं प्रदान करें तो उनको भविष्य में कुछ लाभ मिल सकता है। केवल भाजपा को कोसने से कुछ फायदा मिलने वाला नहीं है। टुकड़े-टुकड़े में बंटकर विपक्षी दल भाजपा के लिए कोई चुनौती पेश करने की कूवत नहीं रखते हैं। वैसे विपक्षी दलों की केवल भाजपा को हराने के लिए की जाने वाली दिशाहीन एकजुटता का भी कोई नतीजा नहीं निकलेगा। कांग्रेस को अपनी पराजय से खासतौर से सबक सीखने की जरूरत है। खड़गे ने झटके में कह दिया कि छोटे राज्यों में पराजय से कोई फर्क नहीं पड़ता है। छोटे-बड़े राज्यों की यह सोच विनाशकारी है और देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को और रसातल में ले जा सकती है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### युद्ध के दुष्परिणाम

**यूक्रेन** पर रुसी हमले का दुष्परिणाम रूस और यूक्रेन में दिखने तो लगा है। मगर दुनिया भर के देश भी इसके दुष्प्रभाव से प्रभावित होते नज़र आ रहे हैं। महंगाई एवं मुद्रास्फीति से तो विकासशील एवं अविकसित देशों का बुरा हाल कर ही दिया है कुछ विकसित देशों का आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। ये सब तो तात्कालिक प्रभाव हैं जो कालान्तर में खत्म हो जायेंगे। मगर जो दूरगामी भय दिख रहा है वो है दुनिया का दो खेमों में बंट जाना। जैसे शीत युद्ध के समय वारसा गुट एवं नाटो गुट में बंटा हुआ था। अमेरिका और चीन के बीच जिस तरह से वाकयुद्ध चल रहा है। उससे तो यही प्रतीत हो रहा है के एक गुट चीन के साथ जाने वाला है दूसरा अमेरिकियों के पीछे होता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी एफबीआई जिस तरह से कोरोना वायरस का उद्गम स्थल चीन के वूहान शहर को फिर से बताने का प्रयास कर रही है उससे तनाव और बढ़ेंगे। पुतिन द्वारा रूस-अमेरिका के बीच परमाणु समझौते से पीछे हटने की घोषणा सर्वाधिक चिन्ताजनक है क्योंकि इससे आणविक आयुधों व मिसाइलों की दौड़ और तेज हो जाएगी। इससे केवल हथियार कंपनियों को लाभ होगा।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### सामाजिक समरसता

**इस** समय चारों ओर धार्मिक वचनों व प्रवचनों का बोलबाला तेजी से बढ़ रहा है। सबकी अपनी-अपनी आस्था और विचार के साथ पूजा इबादत पद्धति के तरीके हो सकते हैं लेकिन आश्चर्य है कि उसके बाद भी समाज में सामाजिक समरसता घट रही है तथा रिश्तेदारों, नातेदारों व पड़ोसियों में आपसी रिश्ते कमजोर होते जा रहे हैं। आज सामाजिक संगठनों के साथ धार्मिक संगठनों को भी सामाजिक समरसता पर ध्यान देना होगा जिससे समाज का ताना-बाना मजबूत हो सके अन्यथा यह विचार वास्तविक धरातल पर निरंतर कमजोर होते जाएंगे और सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपराएं तथा सामाजिक समरसता खंडित होने लगेगी। सामाजिक समरसता मजबूत करने का काम परिवारों के साथ ही विद्यालयों को भी करना होगा। एक-दूसरे के धर्म के बारे में जानकारियां बढ़ाना तथा सबकी पूजा पद्धतियों के प्रति सम्मान के साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर परस्पर सहयोग के रास्ते खोजने होंगे। इनमें सामुदायिक स्वच्छता, जल संरक्षण, पशु कल्याण जैसे कार्यक्रम शामिल किए जा सकते हैं।

**सज्जाद अहमद कुरेशी,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**वैश्विक** चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न देश आम सहमति बनाएं और भू-राजनीतिक तनाव से समग्र सहयोग को प्रभावित न होने दें।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**जो** कहते थे अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता, वहां भगवान राम का भव्य मंदिर बनने जा रहा है। जिन लोगों ने राम को कोसा था, जनता ने उन्हें कहां पहुंचा दिया।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**पाकिस्तान** में कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठन मौजूद हैं और इस देश को अमेरिका से मदद नहीं मिलनी चाहिए।

– **निक्की हेली**
अमेरिकी राजनेत्री"

# दोनों सदन अनिश्चिकाल के लिए स्थगित, ध्वनिमत से बजट पारित

● यूपी में बनेगी नई विधान सभा

● नोएडा की तर्ज पर बनेगा झांसी-बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शुक्रवार** को विधानमंडल के दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट ध्वनिमत से पारित हो गया और विधान सभा और विधान परिषद को अनिश्चिकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। विधान सभा में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि यूपी में नई विधान सभा का काम जल्द शुरू होगा और उम्मींद है कि अगले चार साल के भीतर विधान सभा के सभी सदस्य नई विधान सभा में बैठे और बजट में भी नई विधान सभा के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के अनुदान मांगों को सदन के पटल पर रखा और एक साथ सभी मांगे ध्वनिमत के साथ पारित हो गई जबकि विपक्षी दलों ने न तो बजट पारित होने का विरोध किया और न ही सदन से बर्हिगमन किया। करीब तीन मिनट में ही सारे विभाग के बजट पारित कर दिए गए। ध्वनिमत से विनियोग विधेयक 2023 भी पारित हो गया। इसके साथ ही संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में घोषणा करते हुए कहा कि नोएडा की तर्ज पर ही झांसी-बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण जेविडा बनाया जाएगा। इसे नोएडा की तरह एक औद्योगिक शहर के रूप विकसित किया जाएगा।

सुरेश खन्ना ने कहा कि यह एक नया प्रयोग है। जेविडा का काम इसी साल शुरू होगा। इस क्षेत्र में जमीन काफी सस्ती है। निवेश की आपार संभावनाएं हैं। यहां डिफेंस इंडस्ट्रियल कारीडोर बन ही रहा है। सरकार की मंशा है कि विकास का फैलाव अन्य जगहों पर भी हो। इसीलिए नोएडा की तर्ज पर इस क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि हाल में वैश्विक निवेशक सम्मेलन की काफी चर्चा हुई। यूपी निवेश का बड़ा गंतव्य बन रहा है। झांसी में ही 223 से ज्यादा निवेश के प्रस्ताव आए हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि नई विधानसभा बनने जा रही है। 18 वीं विधानसभा के मौजूदा सदस्यों को नई विधानसभा में बैठने का मौका मिलेगा। योगी सरकार लखनऊ में नई विधानसभा भवन बनाने का ऐलान पहले ही कर चुकी है। 2027 से पहले यह विधानभवन बन कर तैयार हो जाएगा। मौजूदा भवन के काफी पुराने हो जाने, बढ़ती जरूरतों के मुताबिक जगह कम होने, आसपास भारी यातायात का दबाव के चलते अन्यत्र इको फ्रेंडली, भूकंपरोधी, आधुनिक सुविधाओं से लैस नए स्थापत्य कला के हिसाब से विधानभवन बनाने की तैयारी है। इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 50 करोड़ रुपये बजट में रखे गए हैं।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में जितनी भूमिका सत्तापक्ष की उतनी ही विपक्ष की भी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जितनी भूमिका सत्तापक्ष की होती है उतनी ही भूमिका विपक्ष की भी होती है। लोकतंत्र में सबको मिलकर चलना होता है। एक दूसरे को कमजोर करके लोकतंत्र पूरा नहीं हो सकता है। सत्र के दौरान समय.समय पर सरकार की उपलब्धियों के साथ कई और नये कार्य देखने को मिले। उन्होंने कहा कि अगर इस सत्र की तुलना हम पिछले सत्रों से करें तो इस बार सदन दोगुना चला है।

विधान सभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर सतीश महाना ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामना देने के साथ

करने की घोषणा की। श्री महाना ने बताया कि 18 वीं विधानसभा के चौथे सत्र में समय-समय पर सरकार ने अपनी उपलब्धियां गिनाई तथा विपक्ष ने सकारात्मक आलोचना भी की। सदन संचालन में सभी दलों का सहयोग मिला। नेता प्रतिपक्ष ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इस बार सदन में बहुत सारी नई व्यवस्थाएं देखने को मिली। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष के बिना लोकतान्त्रिक ढांचा पूरा नहीं हो सकता है। जब दोनो साथ मिलकर चलतें है तब यह पूरा होता है। तथा एक दूसरे को नीचा दिखाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को पूरा नहीं किया जा सकता है। श्री महाना ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और चौथे स्तंभ के रूप में महत्वपूर्ण पत्रकारिता को हम सबको मिलकर चलना होगा इसमें कहीं प्रतिस्पर्धा का भाव नही दिखना चाहिए। अगर एक दूसरे के प्रति प्रतिस्पर्घा का भाव होगा तो लोकतन्त्र कभी मजबूत नहीं होगा। हम सबको अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के साथ अपना सम्मान भी बनाये रखना होगा। जब वी द पीपुल की बात होती है तो जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि ही यहां वी द पीपुल का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सत्र में ही नई नियमावली लाई जाती पर अभी उसमें कुछ और सुधार की जरूरत है। अगले सत्र में नई नियमावली आ जायेगी। जिसे हम लागू करेंगे। विधानसभा की डिजिटल गैलरी भी तैयार है। जिसमें विधान सभा का पूरा इतिहास बताया गया है।साथ ही विधान सभा का पूरा विवरण भी देखने को मिलेगा। श्री महाना ने कहा कि होली के बाद डिजटल लाइब्रेरी सबको देखने को मिलेगी। आने वाले समय में विधानसभा में और बदलाव देखने को मिलेंगे। हर एक सत्र में कुछ नया करने का प्रयास किया जाएगा। अगले सत्र के पहले विधान सभा में कुछ नया देखने को मिलेगा। इस अवसर पर विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी लोग स्वस्थ रहते हुए जनता की सेवा करें, यही मेरी शुभकामना है। अध्यक्ष ने कहा कि उप्र विधानसभा का मौजूदा सत्र 11 दिन चला। इसमें कुल 83 घंटे 38 मिनट सदन की कार्यवाही चली। एक दिन तो रात बारह बजे के बाद तक सदन चला। सदन की कुल बैठकें 11, हंगामें के कारण स्थगन अवधि 36 मिनट, एक दिन सर्वाधिक सदन चलने की अवधि 13 घंटे 16 मिनटढ रही, कुल प्रश्न पूछे गए 2883 है।

## विधान सभा में पहले भी उठे हैं विशेषाधिकार हनन के कई मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** विधान सभा के इतिहास में यह कोई नया मामला नहीं है जिसमें विशेषाधिकार हनन के मामले में सजा न सुनाई गई हो, इससे पहले अधिकारी, अभियंता और समाचार जगत से जुड़े भी कई लोगों को विशेषाधिकार के मामले में नोटिस दी गई और उन्होंने सदन में माफी भी मांगी है। पहला मामला 1952 में ब्लिट्ज के स्थानापन्न संपादक रहे होमी दिनशा मिस्त्री के विरुद्ध भी आपत्तिजनक रिपोर्टिंग को लेकर सदन में विशेषाधिकार हनन का मामले पर विचार किया गया था।

साप्ताहिक समाचार पत्रिका ब्लिटज के कार्यवाहक संपादक होमी डी मिस्त्री को विधान सभा अध्यक्ष के द्वारा जारी किए गए वांरट के आधार पर पुलिस ने उन्हें बम्बई में 11 मार्च 1952 को गिरफ्तार लिया जिससे की श्री मिस्त्री को विशेषाधिकार भंग के आरोप का उत्तर देने के लिए 19 मार्च 1952 को विधान सभा के सामने पेश किया जा सके। श्री मिस्त्री को 18 मार्च 1952 तक लखनऊ में हिरासत में रखा गया जिस दिन की उन्हें बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसरण में रिहा कर दिया गया।

बाद में माफी मांगने पर प्रकरण समाप्त कर दिया गया। 1964 में विशेषाधिकार हनन को लेकर यूपी विधानसभा ने तो हाईकोर्ट के दो जजों को गिरफ्तार कर सदन में पेश करने का वॉरंट जारी कर दिया था। बात यूपी विधानसभा के तीसरे कार्यकाल की है। सोशलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता केशव सिंह ने गोरखपुर से लेकर विधानभवन के गलियारों तक एक पोस्टर चिपकाया जिसमें कांग्रेस के विधायक नरसिंह नारायण पांडेय पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। विधायक ने इसे विशेषाधिकार हनन मानते हुए विधानसभा स्पीकर मदन मोहन वर्मा के सामने गुहार लगाई और मामला विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया। समिति ने केशव सिंह सहित चार लोगों को विशेषाधिकार हनन का दोषी माना और सदन के सामने पेश होने को कहा। बाकी लोग तो सदन के सामने आए लेकिन केशव सिंह ने यह कहकर मना कर दिया कि उनके पास गोरखपुर से आने के लिए पैसे नहीं हैं। इस बीच उन्होंने स्पीकर को चिट्ठी भेज कर कहा कि सदन में तलब कर उन्हें चेतावनी दिए जाने का फैसला नादिरशाही है। मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी ने सदन में प्रस्ताव रखा कि केशव सिंह को गिरफ्तार कर सात दिन के लिए जेल भेजा जाए जो पारित भी हो गया। केशव सिंह को मार्शल गोरखपुर से गिरफ्तार करके लाए और उन्हें जेल भेज दिया गया। इसी बीच एक वकील बी सोलेमन ने 19 मार्च 1964 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने गिरफ्तारी को गलत बताते हुए याचिका दायर कर दी। केशव जेल के छह दिन काट चुके थे। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कोई वकील पेश नहीं हुआ और हाईकोर्ट ने केशव सिंह को जमानत दे दी। स्पीकर ने इसे विधानसभा के अधिकार में हस्तक्षेप मानते हुए फैसला देने वाले हाईकोर्ट के दोनों जज नसीरुल्ला बेग और जीडी सहगल के साथ ही वकील बी सोलेमन को गिरफ्तार कर सदन में पेश करने के लिए वॉरंट जारी कर दिया। जजों ने अपने ही हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफयाचिका दायर की। हाईकोर्ट ने जजों के पक्ष में फैसला सुनवाया। बाद में यह मामला राष्ट्रपति को संदर्भित किया गया। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से मामले में सलाह देने को कहा। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय बेंच ने छह एक से हाईकोर्ट के फैसले को उचित ठहराया और कहा कि विधायिका को दंड देने के अधिकार सुरक्षित हैं चूंकि केशव सिंह को संविधान के अनुच्छेद-311 के तहत सुनवाई का मौका नहीं दिया गया इसलिए हाईकोर्ट का फैसला उचित है। तीसरा मामला 1989 का है जिसमें तराई विकास जनजाति निगम के अधिकारी शंकर दत्त ओझा के खिलाफबलिया के विधायक हरदेव ने शिकायत की थी। 2 मार्च 1989 को प्रकरण की सुनाई हुई और शंकर दत्त ओझा ने यह कहते हुए कि मैं माननीय सदस्यों का पूरा सम्मान करता हैं और माफी मांगता हूं।

## शून्य काल में नेता प्रतिपक्ष ने उठाया सपा को बहरूपिया ब्रांड कहने का मामला

● सदन से सपा ने किया बर्हिगमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** सभा में शुक्रवार को शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समाजवाद पर की गयी टिप्पणी पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि नेता सदन को यह बताना चाहिए कि उन्होंने किस नेता के भाषण की कांपी की है। सदन में मौजूद संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि उनकी सरकार संविधान का पूरा सम्मान करती है। नेता सदन ने अपने भाषण में जो भी कहा उसमें कुछ भी आपित्तजनक या अमर्यादित नहीं था। संसदीय कार्यमत्री के इस जवाब से अंसतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

विधानसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ने समाजवाद को बहरूपिया ब्रांड कहने का मुद्दा उठाया। सपा प्रमुख व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने इस पर चर्चा कराए जाने की मांग करते हुए इसे संविधान विरोधी करार दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि नेता सदन ने बहरूपिया ब्रांड कहने के साथ जो कुछ कहा वह एक बड़े नेता की स्पीच का हिस्सा है। प्रश्न प्रहर समाप्त होते ही अखिलेश यादव ने दो दिन पहले नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नेता सदन यहां मौजूद नहीं हैं लेकिन उन्होंने समाजवाद का जो पहाड़ा पढ़ाया था, वह कहां से लाए। यह किसकी अंग्रेजी में दी गई स्पीच है यह बताया जाए। उन्होंने कहा कि आखिर कहां से समाजवाद की परिभाषा दी जा रही है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसमें समाजवाद का जिक्र है। सपा सदस्य माता प्रसाद पाण्डेय ने भी इस पर आपत्ति जताई। सुरेश खन्ना ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान में समाजवाद का जिक्र नहीं था। इसे तीन जनवरी 1977 को संविधान में जोड़ा गया था। इस पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने इसे संविधान के खिलाफबताते हुए सपा सदस्यों समेत वाकआउट कर दिया।

## विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है: श्रम मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रश्न** प्रहर में श्रम सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सपा सदस्य डा आरके वर्मा के एक सवाल के जवाब में बताया कि विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है। कोविडकाल में दूसरे प्रदेशों के प्रवासी मजदूरों का ख्याल रखा गया उनके रहने खाने के साथ ही उनके रोजगार के अवसर मुहैया कराए गए। करीब दस लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी नेतत्व सरकार में उप्र श्रमिक कामगार आयोग का गठन किया है। जिसके जरिए बड़ी संख्या में लोगों के रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में कैरियर कांउसलिंग का भी गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी के साथ लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए विभिन्न आयोगों का गठन किया गया। श्रममंत्री ने कहा कि युवा बेरोजगार सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

विधान परिषद की कार्यवाही

## यूपी के शानदार समर्थन के साथ हम तीसरी बार फिर मोदी को बनाएंगे पीएम: केशव मौर्या

● डिप्टीसीएम ने कहा कि यूपी में 2027 और 2032 में भी सपा का नहीं है कोई भविष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** परिषद में नेता सदन व उप मख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हम फिर से यूपी के शानदार समर्थन के साथ तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे। उन्होंने सपा सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि आंख पर पट्टी बांधकर सरकार की उपलब्धियों को मत देखें। 2022 ही नहीं 2027 और 2032 में भी सपा का कोई भविष्य नहीं है। या तो आप लोग अपनी आदत बदलो, आंखों पर चढ़ी काली पट्टी उतारो तभी आपको कोई अनुकूल परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई पिछले छह साल से रोजगार के अवसर प्रदान करने के सार्थक प्रयास किए गए। उन्होंने सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आपके समय में बम और कट्टा बनाने की फैक्ट्री लगती थी और हमारे शासनकाल में देश की रक्षा-सुरक्षा करने वाले देश की सेना और पुलिस को मजबूत करने वाले शस्त्रों को बनाने की फैक्ट्री लग रही हैं।

उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को उच्च सदन में सपा सदस्यों की ओर से प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा अपने कार्यकाल में भू-माफि या, नकल माफि या, खनन माफि या व शराब माफिया के कार्यों को रोजगार के अवसर के तौर पर देखती थी लेकिन यह उत्तर प्रदेश के लिए अच्छा नहीं था। अब परिदृश्य बदला है। माफियाराज का खात्मा हो गया है तो सरकारी नौकरियां दिलाने के लिए कोई झोला लेकर घूमने वाला भी नहीं है। जब कोई सरकार अच्छा काम करती है तो जनता उसे दोबारा मौका देती है। सपा ने अपने शासनकाल में बबूल के पेड़ न बोए होते तो जनता नहीं नकारती। उसके कारनामे अच्छे होते तो उसे आज विपक्ष में नहीं बैठना पड़ता। सपा की तरफ से उनके सिराथु से चुनाव हार जाने पर टिप्पणी किए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम चुनाव लड़ते हैं तो 403 सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और जनादेश का फैसला सभी सीटों के चुनाव परिणाम से होता है। सपा को आत्ममंथन करना चाहिए कि सदन में उसकी सीटें क्यों घटती गईं। उन्होंने कहा कि मैं 2012 से सपा चरित्र देख रहा हूं। वह गरीबों की पीड़ा को नहीं समझती। विपक्ष के रूप में भी जब वह बिना सिर-पैर के मुद्दे उठाती है तो जनता देखती है कि सपा के पास मुद्दे भी नहीं बचे हैं। उन्होंन कहा कि हम यूपी के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। यूपी का भविष्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम यूपी को अपराध शून्य बनाने की दिशा में लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारी सरकार में किसी भी अपराधी और भ्रष्टाचारी का बच पाना असंभव है। नेता सदन की ओर से दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

## कानपुर देहात कांड की जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज से कराने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में प्रश्न प्रहर प्रारम्भ होने पर बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान जनपद कानपुर देहात के ग्राम मड़ौली में जलता हुआ छप्पर गिर जाने से मां और बेटी के मौत की उच्च स्तरीय जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज से कराने की मांग की। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि सरकार ने एक ही घटना की जांच के लिए दो-दो एसआईटी गठित कर रखी है। एक एसआईटी हरदोई के एसपी की अध्यक्षता में तो दूसरी कानपुर के पुलिस कमिश्नर और मंडलायुक्त की है। उन्होंने इस पर सवाल उठाए तो नेता सदन ने बताया कि स्थानीय स्तर पर गठित एसआईटी मुकदमे की विवेचना का सुपरवीजन करेगी और जो उच्च स्तरीय एसआईटी गठित हुई है वह पूरे मामले की जांच कर रही है।

सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य ने जनपद बुलन्दशहर, तहसील शिकारपुर के ग्राम सभा सुर्खरू के सरकारी भूमि को खेल मैदान दर्ज करने के प्रस्ताव के सम्बन्ध में सवाल किया। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सपा के आशुतोष सिन्हा ने जनपद वाराणसी के अस्सी घाट व राजघाट पर बिना एनजीटी की अनुमति लिए नहर के निर्माण के का मामला उठाया। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। भोजनावकाश के पश्चात् सदन की बैठक अपरान्हत चार बजे अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए सपा के शहनवाज खान ने कहा कि इस बजट में पूर्व की योजनाओं को नाकारा गया है। गरीब किसानों कर्मचारियों के हितों के लिए यह बजट लाभप्रद नहीं है। इस बजट का मै विरोध करता हूं। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि यह बजट गरीब किसानों, मजदूरों, असहाय लोगों का बजट है। इस बजट में स्टार्टप नीति 2020 में बनी जो हर क्षेत्र में अग्रसारित हो कार्य कर रही है। इस बजट में सड़कों का जाल, एक जनपद एक मेडिकल कालेज और उद्योगों का विस्तार होगा। मैं इसका समर्थन करता हूं। मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने कहा कि कृषि एवं खाद, गन्ना, चिकित्सा, परिवहन, पर्यटन, पर्यावरण, शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए यह बजट सर्व समाज, सर्व हितैषी, जनकल्याण के लिए है। इसी दौरान सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सदन का सभापतित्व प्रारम्भ किया।

प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक-2023 (जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ) को सदन की मेज पर रखा। अध्यक्ष ने प्रमाणित किया है कि यह एक धन विधेयक है। विधेयक विचारोपरान्त ध्वनिमत से पारित हुआ। तत्पश्चात सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह द्वारा सदन के संचालन में उन्हें सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद देने के उपरान्त राष्ट्रगान के पश्चात नेता सदन के प्रस्ताव पर सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई।

## हाथरस में दंगा फैलाने की साजिश रचने वाला पीएफआई का सदस्य केरल से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हाथरस** में दलित लड़की के साथ कथित गैंगरेप के मामले को हथियार बनाकर प्रदेश में हिंसा फैलाने के केस में यूपी एसटीएफ ने केरल से एक वांछित अपराधी और प्रतिबंधित संगठन पीएफ आई के शीर्ष पदाधिकारी कमाल केपी को गिरफ्तार किया है। हाल ही में जमानत पर छूटे सिद्दीक कप्पन ने गिरफ्तार किए गए कमाल केपी को दंगा भड़काने के लिए कोड वर्ड में मैसेज भेज कर मीटिंग बुलाने के लिए कहा था। एसटीएफने यह गिरफ्तारी तब की है जब गुरुवार को हाथरस कोर्ट ने एक आरोपी को सजा सुनाते हुए तीन अन्य को बरी कर दिया है।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि पांच अक्टूबर 2020 को मथुरा टोल प्लाजा के पास से सिद्दीक कप्पन को हाथरस में जातीय हिंसा फैला कर दंगा भड़काने का प्रयास करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान सिद्दीक



कप्पन के मोबाइल डेटा से एक वाइस नोट रिकवर किया गया था, जो प्रतिबंधित संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों में शामिल कमाल केपी को भेजा गया था। जिसमें कोड वर्ड का प्रयोग करके सीक्रट मीटिंग बुलाई गई थी। जिसमें दंगा भड़काने का षड्यंत्र रचा गया था। इसके अतिरिक्त कमाल केपी विस्फ ोटक पदार्थो के साथ लखनऊ में पकड़े गए हिट स्क्वायड के सदस्य बदरुद्दीन से भी कनेक्टेड था।

उन्होंने बताया कि कमला केपी के खिलाफ मथुरा के मांट थाने में मुकदमा दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ ने प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के शीर्ष पदाधिकारियों में शामिल कमाल केपी पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मल्लापुरम केरला को थाना मेलाटूर क्षेत्र ज़िला मल्लापुरम से गिरफ्तार किया है।

## बसपा ने उठाया शिक्षित बेरोजगारों का मामला सरकार पर लगाया मनमानेपन का आरोप

● डॉ. दिनेश शर्मा व स्वामी प्रसाद मौर्या के बीच हुई तू-तू, मैं-मैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा और सपा सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्या के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हुई। दरअसल बसपा सदस्य भीमराव अंबेडकर की ओर से शिक्षित बेरोजगारों की समस्याओं को लेकर उठाए गए एक सवाल के संबंध में नेता सदन के बोलने के बाद डॉ दिनेश शर्मा भी अपने विचार रख रहे थे। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने कमेंट किया कि क्या उन्होंने नेता सदन का स्थान ले लिया है। बस इसी के बाद से दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

बसपा के भीमराव अंबेडकर ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षित बेरोजगार युवकों के साथ मनमाना रवैया अपना रही है। न्यूनतम मजदूरी बोर्ड का गठन न पाने की वजह से प्रदेश के लाखों श्रमिकों को सही मजदूरी तक नहीं मिल पा रही है। प्रदेश में 20 से 25 लाख डिग्री धारक बेरोजगार घूम रहे हैं।

जवाब में नेता सदन केशव मौर्या ने कहा कि शिक्षित बेरोजगारों को रोजागार मुहैया कराना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। सरकार बनने के बाद से हम इस दिशा में गंभीर रूप से प्रयत्नशील हैं। सरकारी विभागों में भर्ती के लिए बोर्ड और आयोग बने हुए हैं। जिनके माध्यम से पारदर्शी तरीके से भर्ती की प्रकिया संपन्न कराई जाती है। नेता सदन ने जानकारी दी कि 2017 से जनवरी 2023 तक हमारी सरकार ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से 41 हजार 192 और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के जरिए 30811 नियुक्तियां की हैं। इसके अलावा सभी सरकारी विभागों में रिक्त पदों के लिए आयोग को अधियाचन भेजे जाने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। सबको सरकारी नौकरी नहीं दी जा सकती है। इस कारण सरकार गरीब कल्याण योजनाएं भी चला रही है। मनरेगा में 31 करोड़ मानव दिवस सृजित किया गया है। नेता सदन के बोलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने सभापति से अपने विचार रखने की अनुमति मांगी। अनुमति के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष बेरोजगारी को लेकर जो आंकड़े पेश कर रहा है वह असत्य हैं। उन्हें अभी और अध्ययन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों का यह बयाना अत्यंत हास्यास्पद है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ओबीसी वर्ग का एक भी प्रोफेसर नहीं है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन में यूपी ने रिकार्ड कायम किया है। जहां इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा होता है वहां स्वयं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होता है। हमने इंफ्रोस्ट्रक्चर को बढया है और उससे अप्रत्यक्ष रूप से रोजगारों की बाढ़ आ गई है। डॉ. शर्मा ने कहा कि पिछले पांच सालों में यूपी में इतिहास की सबसे अधिक नियुक्तियां हुई हैं।

पांच साल में माध्यमिक शिक्षा में 40 हजार, बेसिक शिक्षा में 1 लाख 25 हजार और उच्च शिक्षा में साढ़े पांच हजार नियुक्तियां हुई हैं। पुलिस महकमे में 1 लाख 53 हजार कर्मियों को नियुक्त किया गया है। पांच साल में साढ़े पांच लाख सरकारी नौकरी और साढ़े तीन लाख नौकरी मल्टी नेशनल कंपनियों में दिलाई गई हैं। इतना ही नहीं एमएसएमई के जरिए भी नियुक्तियों का जाल बिछाया गया है।

## संस्कृत विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शासन प्रतिबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के संस्कृत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शासन प्रतिबद्ध है। यह पहला मौका है जब 15000 मानदेय पर 518 संस्कृत शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। संस्कृत शिक्षकों के रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति के लिए पारदर्शी ढंग से कार्रवाई की जा रही है। उनकी वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए भी कार्रवाई चल रही है। यह जानकारी मंत्री गुलाब देवी ने विधान परिषद सदस्य शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में दी।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 4 मार्च, 2023



# थाने में कार्यकर्ता को धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### एक संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ थाने के अंदर पीटने का आरोप, धमकाता दिख रहा शख्स सकरन का बताया जा रहा एसओ

### सीएम योगी, एडीजी, आईजी, सीतापुर पुलिस को किया गया ट्वीट- ट्वीट के बाद पुलिस ने दिया जवाब, सीओ बिसवां को सौंपी गई जांच

### एसओ सकरन मुकेश वर्मा बोले-दो पक्षों के बीच विवाद का है मामला

**संवाददाता।** सीतापुर

पुलिस महकमे के सबसे बड़े आला हाकिम डीएस चौहान भले ही थाने पर लोगों से अच्छा व्यवहार करने की नसीहतें देते हों, लेकिन सूबे की राजधानी लखनऊ से सटे सीतापुर जिले के एक रंगबाज थानेदार के लिए ये आदेश मायने नहीं रखते हैं। वह अपनी वर्दी की रौब में इस कदर चूर हैं कि थाने में आने वाले किसी भी व्यक्ति को धमकाने और अर्दब में लेने से बाज नहीं आते हैं। ये थानेदार साहब पहले भी अपनी विवादित कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। पुराने मामलों में जाएं इससे पहले आपको ताजा मामले से रूबरू करा देते हैं। जिन थानेदार साहब की बात हो रही है, दरअसल वह इन दिनों सीतापुर के गांजर इलाके में आने वाले सकरन के थानेदार मुकेश वर्मा हैं। वह एकाएक सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहे हैं। किसी अच्छे कार्य के लिए नहीं, बल्कि अपनी वर्दी की रौब के खातिर। पूरे मामले से आपको रूबरू कराएं, उससे पहले तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो को दिखा देते हैं, जिसमें देखिए कि वह किस तरह से एक शख्स को धमका रहे हैं। जिस शख्स को वह धमका रहे हैं वह हिंदू संगठन का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। पहले आप वीडियो देखिए, फिर हम आपको पूरे मामले से सिलसिलेवार ढंग से अवगत कराएंगे। किस तरह से थानेदार मुकेश वर्मा वीडियो में कार्यकर्ता को धमकाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में कई और पुलिस कर्मी दिख रहे हैं। कुछ वर्दी में हैं। हालांकि, वीडियो पूरी तरह से साफ नहीं होने की वजह से थानेदार और कार्यकर्ता का चेहरा साफ नहीं दिख रहा है। जानकारी मिल रही है कि जिस समय विवाद हो रहा था, उस समय किसी ने पुलिस वालों की नजरों से बचते हुए चुपके से बनाने के बाद वीडियो को वायरल किया है। तो ये थी वायरल वीडियो की सच्चाई। अब जानिए पूरा मामला क्या था। दरअसल, सकरन के सेमराखुर्द गांव निवासी सतीश सटरिंग का कार्य करते हैं। इन्होंने गांव के जलीस के घर सटरिंग लगाई थी। जलीस ने 10 दिन में पैसा देने की बात कही थी। इसके बाद 1 फरवरी को सतीश के भाई रिंकू, शुभम पैसा लेने गए, जहां पर पैसे को लेकर विवाद हो गया था। धक्का लगकर गिरने से जलीस का बेटा एहतिशाम घायल हो गया था। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई थी। सकरन पुलिस ने मामले में सतीश, रिंकू, शुभम के साथ जलीस को भी थाने में बिठा लिया था। बताया जाता है कि इसकी सूचना पाकर क्षेत्र के निवासी कमलाकांत अवस्थी कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे थे और सतीश पक्ष को छोड़ने की सिफारिश कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद बढ़ने पर एसओ की ओर से कार्यकर्ता को धमकाया गया। इसका वीडियो बनाकर कुछ लोगों ने सीएम योगी, एडीजी, आईजी, सीतापुर पुलिस को ट्वीट किया गया। ट्वीट में आशुतोष वर्मा ने लिखा गया कि गालीबाज एसओ सकरन ने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जिम्मेदार मौन। कब होगी कार्रवाई। इसके अलावा एके सोशल वर्कर ने ट्वीट में कहा कि उक्त वीडियो का संज्ञान लेकर एसओ पर कार्रवाई करने की कृपा करें। इसके बाद सीतापुर पुलिस की ओर से ट्वीट का जवाब देते हुए कहा गया कि मामले में सीओ बिसवां को सभी बिंदुओं पर गहनता से जांचकर आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। बताते हैं कि शुक्रवार को सीओ बिसवां, एसओ सकरन मुकेश वर्मा व दूसरे पक्ष के लोग सकरन की सांडा चौकी पहुंचे, जहां पर दोनों पक्षों के बीच वार्ता के बाद मामला सुलट जाना बताया जा रहा है। एसओ सकरन मुकेश वर्मा के अनुसार, जलीस के बेटे के सिर में चोट लगने की वजह से उससे पूछताछ के दौरान बात की जा रही है। धमकाने जैसी कोई बात नहीं है। दोनों पक्षों को छोड़ दिया गया था। मामले में सुलह हो गया है। मामले के जांचकर्ता सीओ बिसवां अभिषेक प्रताप अजेय के अनुसार, थाने में बातचीत के दौरान कुछ बातें हों गई थी, लेकिन अब शांत है। चौकी पर शुक्रवार को दोनों पक्षों के लोग थे। एसओ भी थे। संगठन के पदाधिकारी भी थे। विवाद वाली कोई बात नहीं है।

सीओ साहब, ये तो अच्छी बात है। मामला सुलट जाना ही सभी के हित में है क्योंकि फसाद न बढ़े। यही बेहतर है, लेकिन एसओ मुकेश वर्मा कोई पहली बार विवादों में नहीं आएं हैं। ये कहा जाए कि इनका विवादों से पुराना नाता है तो गलत नहीं है। थानेदार साहब शायद भूले गए होंगे तो हम उन्हें याद दिला देते हैं। बात विधानसभा चुनाव 2022 के परिणाम आने वाले दिन की है। एसओ मुकेश वर्मा की ड्यूटी मतगणना स्थल के बाहर लगी थी। ये उस वक्त एसओ कमलापुर हुआ करते थे। अपनी ड्यूटी के दौरान थानेदार साहब ने इतना कड़क मिजाजी रूख अख्तियार किया था कि जिले के जिला सूचना अधिकारी लाल कमल को ही अंदर जाने से रोक लिया था। इसको लेकर मौके पर काफी नोकझोक भी हो गई थी।

## लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर हुआ सड़क हादसा, एक की मौत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में बाइक सवार कारोबारी की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई हादसे में घायल हो गया है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। दरअसल, सीतापुर के रेउसा इलाके के कस्बा निवासी 20 वर्षीय अमन अपने चचेरे भाई बिरजू के साथ काम के सिलसिले में बाइक से सवार होकर लखनऊ जा रहे थे, इस बीच रास्ते में इटौंजा इलाके में लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर उनकी बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। घायलावस्था में चचेरे भाइयों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान अमन की मौत हो गई है, जबकि शिवम की हालत गंभीर बनी हुई है। लखनऊ में पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पायलट प्रोजेक्ट कार्यान्वयन के लिए बीएसए ने प्रदान की अनुमति

### गैर सरकारी संगठन अथर्व भारत फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति के प्रस्ताव को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दी मंजूरी

**संवाददाता।** सीतापुर

**गैर सरकारी** संगठन अथर्व भारत फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति के प्रस्ताव को बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने ब्लॉक पिसावां के ग्रामसभा दुबावां में एक पायलट प्रोजेक्ट कार्यान्वयन के लिए अनुमति प्रदान की। प्रस्ताव में प्राथमिक विद्यालय में एनईपी 2020 के संदर्भ में स्वास्थ्य और शिक्षा के सशक्तिकरण के लिए अमृत वाटिका, हेल्थ वेद, अमृतशाला और एजुहेल्थ लैब्स की स्थापना की जाएगी। महिला सशक्तिकरण, बाल एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधार के विचार के साथ ग्रामीण समाज के लाभ के लिए भारत की नई शिक्षा नीति 2020, आयुष्मान भारत, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम, आयुष, नैशनल हेल्थ रुरल मिशन,



जननी सुरक्षा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, नैशनल डिजीज सर्वेलेन्स प्रोग्राम, एमएए नैशनल हेल्थ मिशन के अलावा और भी सरकारी योजनाओं को एकसाथ मिला कर एक परियोजना के अंतर्गत काम किया जाएगा। ये स्वास्थ शिक्षा का मॉडल डेनमार्क की शिक्षा पद्धति पे आधारित है।

# शहर कोतवाली इलाके में फायरिंग करने वाले दो आरोपी दबोचे

### आरोपियों के खिलाफ केस दर्जकर जांच में जुटी पुलिस, आरोपी गए जेल

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिले** में गुरुवार को फायरिंग की घटनाओं को अंजाम देकर इलाके को दहलाने वाले दबंगों पर कानून का शिकंजा कस गया है। मामले में पहले आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने वाली पुलिस ने अब गिरफ्तारी की कार्रवाई की है। फायरिंग की घटनाएं सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर और शहर कोतवाली इलाके में हुई थी। पुलिस ने दोनों घटनाओं में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी को जेल भेजने की कार्रवाई की है। दोनों घटनाओं में पुलिस ने क्या कुछ कार्रवाई की है। आइए आपको सिलसिलेवार ढंग से रूबरू करा देते हैं। दरअसल, आपको बता दें कि गुरुवार को इमलिया सुल्तानपुर इलाके के सैदापुर गांव निवासी इसाद अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर जा रहा था, इसी बीच सड़क से सटा हुआ रफीक के छप्पर में ट्रैक्टर-ट्रॉली छू गई थी। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। विवाद के बाद दोनों में लाठी-डंडे चले थे। फायरिंग भी हुई थी। घटना में छह लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। एसओ इमलिया सुल्तानपुर मनीष सिंह के अनुसार, मामले में नामजद आरोपी रशीद अहमद, रफीक अहमद, मिर्जा, इकबाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि आरोपी मिर्जा के पास से एक राइफल बरामद हुई है। एक कारतूस और असलहा भी मिला है। वहीं, दूसरी ओर शहर कोतवाली इलाके के मुंशीगंज जनकपुरी में कुछ लोगों ने सावित्री नाम की महिला के घर पर बाइक पर सवार होकर पहुंचे दबंगों ने बवाल किा था। महिला से अभद्रता करते हुए फायरिंग कर दी थी। कई राउंड की घटना से इलाके में दहशत फैल गई थी। गोलियों के निशान महिला के घर के दरवाजे पर भी पाए गए थे। मौके से खोखा बरामद हुई थी। घटना की जो वजह निकलकर सामने आई है, उसके अनुसार, पीड़ित महिला के मुताबिक, एक सौतेला बेटा है। वह लखनऊ में रहकर नौकरी करता है। आरोप लगाया कि मकान हड़पने के लिए उसने ही फायरिंग करवाई है। इस मामले में महिला की तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने देर रात मानस शुक्ला, रिशु गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, सचिन पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। नामजद आरोपी मानस शुक्ला दबंग किस्म का बताया जा रहा है। पुलिस की माने तो इसके खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज है। फायरिंग के मामले में वह पहले भी धरा जा चुका है। कई बार जेल की हवा भी खा चुका है। शहर कोतवाल टीपी सिंह के मुताबिक, घटना में नामजद आवास विकास कालोनी के निवासी रिशु, मानस शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के कब्जे से दो अवैध असलहे, तीन कारतूस, मोबाइल और बाइक बरामद कर ली गई है। बताया कि बरामद बाइक का इस्तेमाल वारदात में किया गया था। मामले में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## नगर आयुक्त ने चेक की व्यवस्थाएं, पेच कसे



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा नगर क्षेत्र में निकलने वाले लाट साहब के जुलूस के मद्देनजर नगर में मार्गों का निरीक्षण कर रोड पर मौजूद गड्ढो को तत्काल प्रभाव से भरने का फरमान कर्मचारियों को सुनाया । इस मौके पर नगर आयुक्त ने काम में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत देते हुए कई के पेच कसे होली पर्व एवं होली पर्व के अवसर पर नगर क्षेत्र में निकलने वाले छोटे एवं बड़े लाट साहब के जूलूस मार्गो केरुगंज, अंटा चौराहा, सराय काईयां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केरुगंज रोड पर गड्ढों को लेवल कराये जाने हेतु किये जा रहें कार्य की स्थिति को देखा गया। अंटा चौराहें के पास सड़क मार्ग पर गड्ढों को समतल कराये जाने के कार्य की स्थिति को भी देखा गया। निर्देशित किया गया कि होली से पूर्व ही नगर क्षेत्र के समस्त मार्गों पर जहाँ पर गड्ढें हो, उनको तत्काल लेवल करा दिया जायें। साथ ही जूलूस मार्गों पर पड़ें ईंट, पत्थर, रोड़ा, कंकरीट आदि को भी हटवा दिया जायें, जिससे लाट साहब के जूलूस में किसी प्रकार की जान-माल की हानि न हो। इसके उपरान्त मो सराय काईयां में होली पर्व के अवसर पर निकलने वाले छोटे लाट साहब के जूलूस के दृष्टिगत क्षेत्रवासियों के साथ जूलूस मार्गो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय क्षेत्र में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं बेरीकेटिंग आदि की स्थिति को देखा गया। निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने के साथ-साथ शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश व्यवसी को दुरस्त रखा जायें। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, मुख्य अभियता- सिविल एसके अम्बेडकर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

## एसपी ने थाना मैलानी का निरीक्षण किया

**मैलानी-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना मैलानी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालयए मालखानाए हवालातए मेसए बैरकए कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्सध्अभिलेखों के व्यवस्थित रख.रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख.रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा.निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं प्रभारी निरीक्षक को करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान साफसुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# प्रदर्शनी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचेंगी सरकारी योजनाएं

**लखीमपुर खीरी।** नये भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा को परिचित कराने के उद्देश्य से जीआईसी ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए दूसरे दिन शुक्रवार को सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय व अंबरीश सिंह पहुंचे।

सूचना एवं जन सम्पर्क विभागए के तत्वावधान में लगी तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी को देखकर सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह श्संजयश् ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी उपलब्धियों के छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगी है। प्रदर्शनी से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी होगी और कैसे योजनाओं का लाभ प्राप्त करेंए इस दिशा में भी यह प्रदर्शनी बहुत सहायक सिद्ध होगी। आज हमने पूरी प्रदर्शनी का अवलोकन कियाए जिस तरह से यूपी का विकास हो रहा है। निश्चित रूप से एक अलग तरह की उप्र की




छवि वैश्विक स्तर पर बनी है। प्रदर्शनी में जिले के दुधवा नेशनल पार्क को शामिल किया गया। यह देखकर बहुत खुशी होती है। जिस तरीके का काम सरकार कर रही हैए यह हम प्रदर्शनी के माध्यम से देख सकते हैं। सांसद प्रवक्ता अंबरीश सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को बेहतर ढंग से प्रदर्शनी के माध्यम से मिल रही है।

प्रदर्शनी में पुरुषोंए महिलाओंए छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कटआउटसए विभिन्न छाया चित्रों के साथ अपनी सेल्फी ली। प्रदर्शनी को देखकर आमजन उत्साह से लबरेज दिखे। एनएसएस की छात्राओं की ओर से प्रदर्शनी के अवलोकन के समय से मौजूद अफसरों से भी रूबरू हुई। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने बेटियोंए युवाओंए महिलाओं एवं रोज़गारपरक योजनाओं की जानकारी भी साझा किया।

उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जन सम्पर्क विभागए उप्रए लखनऊ की ओर से प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण नीतियोंए निर्णयोंए उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं यथा मुफ्त वैक्सीनए मुफ्त राशनए मुफ्त इलाजए एक्सप्रेस.वेए एयरपोर्टए मिशन रोज़गारए मिशन किसानए मिशन शक्तिए ओण्डीण्ओण्पीण् सहित ष्सबका साथ.सबका विकास.सबका विश्वासए इरादे नेक.काम अनेकष् एवं ष्सोच ईमानदार.काम दमदारष् विषयक 02 से 04 मार्च 2023 तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन जिला मुख्यालय पर जीआईसी ग्राउंड में किया जा रहा है।

## अधिशाषी अभियंता ने संभाला कार्यभार

**गाजीपुर।** जनपद में विद्युत वितरण खंड द्युतीय आमघाट में अधिशाषी अभियंता सुजीत कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण किए। इनसे पहले संजय सिंह थे जिनका तबादला मिर्जापुर मंडल में पिछले दिनों हो गया था, जिनके जगह पर इनकी न्युक्ति हुई है। इनका इससे पहले प्रयागराज में तैनाती थी। पत्रकार वार्ता में अधिशाषी अभियन्ता ने बताया की मेरी पहली प्राथमिकता आम उपभोक्ताओं के लिए होगी समय से बिल सही से बिल निर्गत करवाना, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित करना, मोहल्ला एवम गांव में विद्युत विभाग के तरफ से कैंप लगाकर लोगो की समस्या सुनकर तत्काल समाधान करने के साथ ही साथ राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए टीम गठित करके कटिया मारो एवम विद्युत चोरों के खिलाफ गहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा जो भी गलत तरीके से विद्युत उपभोग करते हुए पाए जायेगे उनके ऊपर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा कर राजस्व क्षतिपूर्ति के रूप आरसी भेजकर वसूल की जायेगी। वही नगर क्षेत्र में जितने भी पोल, तार, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त है उसको बदलने के लिए रिवैम्ड योजना के तहत मोंटी कार्लो द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं ताकि नगर की विद्युत व्यवस्था में कोई कमी न हो। वही ग्रीष्म कालीन ऋतु को देखते हुवे नगर की विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए चार टाली ट्रांसफार्मर की बेवस्था के साथ ही साथ विद्युत आयल, ट्रांसफार्मर लग सहित सभी उपकरण रख लिया गया है ताकि विद्युत सप्लाई में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, वही सभी अवर अभियंता, गैंग, संविदा कर्मी, मीटर रीडर को मार्च माह को देखते हुवे राजस्व वसूली के लिए फील्ड में लगा दिया गया है ताकि अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके ताकि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## अभियान में 180 लीटर शराब बरामद

**मोहम्मदी खीरी।** शासन के दिशा निर्देश और होली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार को देखते हुए अवैध शराब के विरुद्ध लगातार पूरे क्षेत्र में आबकारी विभाग के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज आबकारी विभाग इंस्पेक्टर आरके मिश्रा द्वारा अबैध शराब के विरुद्ध टेगुनखुर्रमनगरए बौधनियाए गदमापुर मे दविस दी गयी ए जिसमे 180 लीटर अवैध शराब बरामद जब्त की गयीए लगभग 1000 लीटर लहन भी बरामद कर मौके पर नष्ट किया गयाए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गयाएदविस मे मनोज कुमार शर्मा आबकारी सिपाही एवं नीरज कुमार पाण्डेय आबकारी सिपाही शामिल रहे।

## स्कूली वाहनों की सुरक्षा संबंधी जांच करें

**शाहजहांपुर** अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा की तथा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं यातायात को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया गया।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित स्कूल वाहनों की सुरक्षा सम्बन्धी जांच हेतु सतत् रूप से भौतिक निरीक्षण करने के निर्देश दिये तथा स्कूलों में उवप्रव मोटरयान नियमावली में निहित नियमों को पूरा न करने वाले वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किये जाने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने शहर के अन्दर ई.रिक्शा की संख्या को नियंत्रित करने एवं उनके संचालन हेतु रोडमैप् रूट निर्धारित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**105 गांव को तहसील जलालाबाद में जोड़ने का प्रस्ताव पास किया जाए:** शाहजहांपुर । जनपद के तहसील जलालाबाद में तहसील सदर की ब्लाक मदनापुर व कांट के 105 गांव शामिल किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बरखा सिंह को सौंपा। बार एसोसिएशन जलालाबाद के तत्वावधान में दिया ज्ञापन में लिखा गया कि जनपद शाहजहांपुर में पुवायां, तिलहर, सदर व जलालाबाद 4 तहसीलें थी ।तहसील पुवायां में 716 गाँव ,तहसील तिलहर में 661 गाँव, तहसील सदर में 560 गांव है। तहसील जलालाबाद में 448 गांव थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी दूरगामी बा अपनी पार्टी के लिए यादव विधानसभा बनाने के उद्देश्य से जनपद की सबसे कम गांव की तहसील जलालाबाद 212 गाँव काटकर वर्ष 2016 में नई तहसील कलान का सृजन किया।

## हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी के नकली प्रोडक्ट की बड़े पैमाने पर हो रही सेल

### छह व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए दुकानों से पांच लाख रूपए की कीमत के नकली माल बरामद किए



**शाहजहांपुर।** हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड कंपनी की बड़े पैमाने पर नकली प्रोडक्ट क्रीम, पाउडर, लिपस्टिक और काजल बेचकर ग्राहकों को चूना लगाने वाले व्यापारियों पर पुलिस ने शिकंजा कस्ते हुए छह व्यापारियों के मुकदमा दर्ज करते हुए इनकी दुकानों से पांच लाख रूपए की कीमत के नकली प्रोडक्ट बरामद किए व्यापारियों की दूकान पर छापेमारी की खबर फैलते ही व्यापर मंडल के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे । पुलिस के सख्त रूख को देखते हुए खामोशी को अख्तियार करना ही बेहतर समझकर बैरंग वापस हुए ग्राहक की सूचना पर हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड कंपनी की टीम और पुलिस ने संयुक्त छापामारी की है। पुलिस ने छह दुकानों से पांच लाख रुपये की कीमत के नकली प्रोडक्ट बरामद किए हैं। बरामद नकली प्रोडक्ट को थाने ले आई। जहां आरोपी दुकानदारों के खिलाफकापीराइट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शाहजहांपुर में थाना सदर बाजार क्षेत्र के चूड़ी वाली गली में स्थित कास्मेटिक दुकानदार शुभम वाजपेयी, तरुण कुमार जुनेजा, अनुप कुमार, मनीष गुप्ता, अमित गुप्ता और सुशील हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड कंपनी के नाम पर बड़े पैमाने पर नकली प्रोडक्ट बेच रहे थे। एक ग्राहक की सूचना पर हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड कंपनी के अधिकारी ने थाना सदर बाजार में सूचना दी। उसके बाद टीम ने पुलिस के साथ दुकानों पर छापामारी की ।

**व्यापारियों ने किया थाने का घेराव:** जहां से पुलिस ने भारी मात्रा में नकली काजल, क्रीम, पाउडर और लिपस्टिक बरामद की है। जिसकी कीमत 5 लाख रुपये बताई गई है। छापामारी की सूचना पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने थाने का घेराव करते हुए दुकानदारों को बेगुनाह बताते हुए कार्रवाई करने पर आन्दोलन की चेतावनी दी थी। उनका कहना था कि, कार्रवाई करना है तो उन लोगों पर करो, जो लोग इन दुकानदारों को नकली प्रोडक्ट बेचते हैं। हालांकि पुलिस ने व्यापार मंडल की नाराजगी को दरकिनार करते हुए छह दुकानदारों पर कापीराइट अधिनियम तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।**एसपी सिटी बोले- कॉपीराइट के तहत की गई कार्रवाई:** एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने बताया कि, कंपनी की टीम के साथ पुलिस ने छापामारी कर पांच लाख रुपये कीमत के नकली प्रोडक्ट बरामद किए हैं। आरोपी दुकानदारों पर कापीराइट अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# पेज एक का शेष

### अलग सोच...

है तो भारतीय पर्यटन क्षेत्र में कई गुना वृद्धि हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पसंदीदा स्थानों या ऐतिहासिक महत्व के स्थानों पर विवाह (वेडिंग डेस्टिनेशन) करने का चलन बढ़ रहा है और भारत में इसकी भारी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें ऐसे कम से कम 50 पर्यटन केंद्र विकसित करने होंगे, जो भारत आने की योजना बना रहे किसी भी पर्यटक के दिमाग में सबसे पहले आएं।

### आतंकवाद से...

स्वर में निंदा की। उन्होंने आतंकी हमलों को अंजाम देने या उनकी साजिश रचने में इस्तेमाल किए जा सकने वाले आतंकी संगठनों को वित्तीय या सैन्य सहयोग की भी निंदा की। इनमें एक देश की सीमा पार कर दूसरे देश में किए जाने वाले आतंकी हमले भी शामिल हैं। उन्होंने 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई आतंकी हमले सहित अन्य आतंकवादी हमलों और पठानकोट हमले की निंदा भी की। मुंबई हमले में क्वाड देशों के नागरिक भी मारे गए थे। बयान में कहा गया है, हम स्वतंत्रता, कानून के शासन, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता, समुद्री तथा वायु परिवहन की आजादी और धमकी या बल प्रयोग का सहारा लेने के बजाय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों का दृढ़ता से समर्थन करते हैं।

### कफ सीरप...

मैन्युफैक्चरर है। कंपनी रूस, एक्स सोवियत रिपब्लिक साउथ ईस्ट एशिया अफ्रीका लेटिन अमेरिका में दवाओं को सप्लाई करता है। कंपनी एंटी वायरल, एंटी कोल्ड मेडिसिन, दर्द और बुखार की दवाएं साथ ही एंटीबायोटिक्स की दवाएं बनाती है।

### डीयू छात्राओं...

बिलासपुर क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि घायलों में से एक यात्री को पीजीआई चंडीगढ़ और दो को एम्स बिलासपुर स्थानांतरित किया गया है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। गर्ग ने बताया कि हादसे के बाद चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए।

### चीनी विदेश...

से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता पर केंद्रित रही। उन्होंने कहा, जी20 में क्या हो रहा है, इस पर भी हमने संक्षिप्त चर्चा की। लेकिन बैठक में वास्तव में हमारे द्विपक्षीय संबंधों और उनके समक्ष खड़ीं चुनौतियों, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता पर जोर रहा। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने विदेश मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के हवाले से कहा, किन ने जयशंकर से कहा कि दोनों पक्षों को दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करना, संवाद बनाए रखना, विवादों को सही ढंग से सुलझाना, और द्विपक्षीय संबंधों में सुधार को बढ़ावा देना व लगातार मजबूत बनाना चाहिए। किन ने कहा," द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को उचित स्थान पर रखा जाना चाहिए।

### क्रिकेटरों, अभिनेताओं...

जानकारी थी कि जीएसटीआईएन के पहले दो अंक राज्य का कोड और उसके बाद के 10 अंक पैन नंबर हैं। इन हस्तियों की जन्मतिथि भी गूगल पर मौजूद थी। पैन नंबर और जन्मतिथि मिलने से उन्हें पैन संबंधी आवश्यक विवरण हासिल हो गया। इसके बार उन्होंने धोखे से पैन कार्ड को दोबारा बनवाया और उस पर अपनी तस्वीर लगा दी, ताकि वीडियो सत्यापन के दौरान उनका चेहरा पैन या आधार कार्ड पर उपलब्ध तस्वीर से मेल खा जाए। सूत्रों ने बताया कि उदाहरण के लिए अभिषेक बच्चन के पैन कार्ड में उनका पैन नंबर और जन्मतिथि थी, लेकिन आरोपियों में से एक ने उनके पैन पर अपनी तस्वीर लगवा ली। पुलिस अब इस दिशा में जांच कर रही है कि कहीं आरोपियों ने अन्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों से तो क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए यही तरीका नहीं अपनाया। पुणे स्थित कंपनी ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि एफपीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड वन कार्ड जारी करती है, जो एक संपर्क रहित क्रेडिट कार्ड है। वन कार्ड और वन स्कोर एप के जरिए ऑनलाइन सेवाएं भी मुहैया कराई जाती हैं, ताकि ग्राहक इसे किसी वेबसाइट या एप पर ऑनलाइन लेन-देन या खरीदारी के लिए इस्तेमाल कर सकें। कंपनी ने आरोप लगाया कि इन जालसाजों ने अपने नाम पर जारी किए गए क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने के लिए पैन और आधार संख्या जैसे विवरण अपलोड कर एप के माध्यम से कंपनी से संपर्क किया था।

# भाजपा सरकार ने स्थापित किया देश प्रदेश के विकास का कीर्तिमान : पटेल

संवाददाता। चित्रकूट



● सूचना विभाग की विकास प्रदर्शनी का सांसद ने किया शुभारम्भ

**विभिन्न** जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, नये कीर्तिमानों एवं नीतियों के विकास प्रदर्शनी व एलईडी वैन से किये जा रहे प्रचार-प्रसार एवं केंद्र व राज्य सरकार से संचालित विभिन्न योजनाओं की मुख्यालय के पुरानी कोतवाली परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि मोदी-योगी सरकार ने देश और प्रदेश का ऐतिहासिक विकास कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मुख्यालय के पुरानी कोतवाली परिसर में आयोजित त्रिदिवसीय प्रदर्शनी 'सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का फीता काटकर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने शुभारम्भ किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में देश-प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनमानस को रूबरू कराने को ये विकास प्रदर्शनी लगाई गई है। सांसद ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए प्रदर्शनी में लगे विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों को देखने का लोगों से अनुरोध किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, अंत्योदय राशन कार्ड,बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे,डिफेंस कारिडोर आदि विकास परक कार्यों के बारे में छात्रों को बताया। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल,युवा मोर्चा के जिला महामंत्री शिवाकांत पांडेय व जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुरस्कार पाकर खिल उठे विजेता छात्राओं के चेहरे

**फतेहपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मौके पर 50 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, कैरम की अवशेष प्रतियोगिताएं, रिले रेस इत्यादि का आयोजन हुआ। 200 मीटर दौड़ में निकिता बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, 50 मीटर दौड़ में हिमांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता में जाह्नवी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य ने पुरस्कृत व सम्मानित किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अपर्णा मिश्रा ने कहा कि आज का दिन विजेता छात्राओं के पुरस्कार पाने का है लेकिन हमारे लिए वे छात्राएं भी महत्वपूर्ण हैं, जिन्होंने इन खेलों में प्रतिभाग किया है। खेल में प्रतिभागिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम मेहनत से अवश्य ही सफल होते हैं।

## डीएम-एसपी ने अतिक्रमणकारियों को अपनी सीमा में रहने की दी चेतावनी



संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर

**शुक्रवार** की शाम अचानक डीएम और एसपी कस्बा पहुंच गए और पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा इंटरलॉकिंग पर अवैध अतिक्रमण किए, दुकानदारों के टीन टप्पर तुड़वा कर अतिक्रमणकारियों को अपनी हद में रहने की चेतावनी भी दी। शुक्रवार की शाम जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने दल बल के साथ कस्बे के रहमानिया रोड से नरहिया होते हुए देवी चौराहा, थाना चौराहा से गांधी इंटर कॉलेज तथा बंश नाले तक पैदल गस्त किया। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा अपने हदों से आगे बढ़ रहे दुकानदारों की दुकानों में तोड़फोड़ भी की और स्वयं ही लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाकर कस्बा वासियों को अतिक्रमण मुक्त रहने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में बने पिंक शौचालय और सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा भ्रमण के दौरान होलिका दहन वाले स्थानों को भी देखकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। गस्त करते समय बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों के चालान भी किए गए।

## क्विक न्यूज

### खेल-खेल में दो मासूमों ने फांसी लगाकर दी जान

**हमीरपुर।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में खेल खेल में दो मासूमों ने फांसी लगाकर जान दे दी। जब कि एक किशोर को गंभीर हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मौदहा क्षेत्र के कम्हरियां गांव के वहीद शाह कल गांव से बाहर गये हुये थे घर में उनकी पुत्री व उनका पुत्र था,आज सुबह पुत्र अरवाज(12) से उसकी बहन स्कूल जाने की जिद करने लगी मगर उसने स्कूल जाने से साफइंकार कर दिया,तभी उसकी बहन उस पर नाराजगी जाहिर करने लगी तभी अरवाज अपनी बहन से फांसी लगाकर जान देने की बात कही और खेल खेल में गले में रस्सी डालकर फांसी लगाने का नाटक करने लगा मगर तभी छत पर बंधी रस्सी उसके गले में कस गयी और उसकी मृत्यु हो गयी। सी प्रकार दूसरी घटना रागौल गांव के जुल्फ खान(17) ने फांसी लगाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया परिवारीजनों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। तीसरी घटना हमीरपुर शहर के कोतवाली क्षेत्र के केशरिया डेरा गांव में रामखिलावन की पुत्री लक्ष्मी(11) गले में रस्सी बांधकर दौड़ लगा रही थी तभी उसका दौड़ते समय पैर सीढ़ियों से फिसल गया और गले का फंदा कस गया और उसकी मृत्यु हो गयी।

### दो से नौ अप्रैल तक ओरछा धाम में होगा राम महोत्सव

**उरई, जालौन।** शुक्रवार को रूद्राणी कलाग्राम ओरछा में आयोजित होने वाले राम महोत्सव के लिए डॉ. संदीप सरावली (विभाग संयोजक सहकार भारती) को मुख्य सचेतक चुना गया। उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजा बुंदेला (उपाध्यक्ष बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड) ने संदीप सरावली को यह जिम्मेदारी देते हुये कहा कि श्री राम जन जन के राम है और इस बार राम महोत्सव का आयोजन 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक होगा। राजा बुंदेला ने बताया कि इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार, मध्य प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के कई मंत्री शिरकत करेंगे। उन्होंने यह भी साझा किया राम महोत्सव में 9 विधाओं में देश भर के मुख्य कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे व 7 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। रामलीला का मंचन होगा, टपरा टाकीज में राम चरित्र पर फिल्मों का प्रसारण होगा, धर्म गुरुओं और बुद्धजीवियों पर धार्मिक संवाद, श्रीराम चरित्र पर पेंटिंग और कला का प्रदर्शन, भजन गायकी, स्थानीय बुंदेली कलाकारों द्वारा श्री राम आधारित गायन व बाद्य यंत्रों के मध्यम से प्रदर्शन होगा।

### बड़े पैमाने पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर छापेमारी

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर होली पर्व पर आम जनता को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एक मार्च से छह मार्च तक जिले में विशेष अभियान के तहत टीमें जांच कर रही हैं। शुक्रवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी लालजीत यादव, दीपेन्द्र कुमार सिंह, झनकार सिंह तथा सुमित पाण्डेय की टीमें जिले में खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर जगह-जगह छापामार रही है। नमूनें संग्रहित किये जा रहे हैं। शुक्रवार को अभियान दल ने छह नमूनें लालजीत यादव ने एक नमूना मिश्रित दूध, दीपेन्द्र कुमार सिंह ने एक नमूना मिश्रित दूध, झनकार सिंह ने दो नमूनें (एक खोया व एक रिफाइंड पॉम ऑयल) तथा सुमित पाण्डेय ने दो नमूने (एक मिश्रित दूध व एक पापड़) के संग्रहीत किये।

### सिपाही ने युवती का कराया गर्भपात, की मारपीट

**फतेहपुर।** शादी का झांसा देकर सिपाही ने एक युवती से शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया। दबाव बनाने पर मंदिर में शादी रचाने के बाद अब साथ रखने से इन्कार कर दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजरही निवासी बचौली की पुत्री राजरानी ने बताया कि तीन साल पहले खागा कोतवाली में यूपी 112 में तैनात सिपाही रमाकांत से मुलाकात हुई थी। उसने खुद को अविवाहित होना बताया। उससे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। वह गर्भवती हो गई। तभी उसने तीन अगस्त 2020 को गर्भपात कराया। इसकी शिकायत पुलिस से की। उसने मामला दबाने के लिए उसके साथ मंदिर में शादी की। एक साल पहले बेटी को जन्म दिया। अब वह उसे साथ रखने को तैयार नहीं है। गालीगलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने 19 फरवरी को घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट की। उसने घटना की कोतवाली में शिकायत की। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाल अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन के आमोद तिवारी दोबारा बने जिला अध्यक्ष



**फर्रुखाबाद।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन जनपद इकाई का गठन शुक्रवार को सिटी न्यूज चैनल के भोलेपुर सिथित कार्यालय में संपन्न हुआ। नई जिला कार्यकारिणी में आमोद तिवारी दूसरी बार जिला अध्यक्ष,आलोक दुबे मंडल महामंत्री, प्रमुख महासचिव करुनेश अवस्थी, जिला महामंत्री सुन्दरम सिंह (अंशुल चौहान) सर्व सम्मति से मनोनीत किये गये। प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी एसोसिएशन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह की अध्यक्षता में भोलेपुर स्थित सिटी चैनल कार्यालय में हुई। नई जिला कार्यकारिणी में आमोद तिवारी जनता टीवी जिला अध्यक्ष,आलोक दुबे मंडल महामंत्री कानपुर परिक्षेत्र ईटीवीभारत , प्रमुख महासचिव करुनेश अवस्थी अमर उजाला, जिला महामंत्री सुन्दरम सिंह (अंशुल चौहान)प्राईमटीवी, व अमृत विचार सर्व सम्मति से मनोनीत किये गये। इसके बाद जिला कार्यकारिणी में सुरेश गुप्ता ब्यूरो स्पष्ट आवाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इरशाद अली भ्रष्टाचारी दुश्मन संपादक - यूपी 76 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविन्द शर्मा लोकभारती उपाध्यक्ष, हर्ष वर्मा अमर उजाला उपाध्यक्ष, देवराज सिंह विश्व गुरु सचिव, राज अग्रवाल टाइमटीवी संगठन मंत्री, अभय प्रताप सिंह टीवी 100 मीडिया प्रभारी ,सह मीडिया प्रभारी अवधनामा आशीष मिश्रा, जिला कार्यकारिणी सदस्य अश्वनी कुमार सिटी न्यूज बनाए गए।

## प्रतिमा खंडित करने के मामले में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**कुरारा,** हमीरपुर। कस्बा स्थित महर्षि बाल्मीकि पार्क में बाल्मीकि जी की प्रतिमा को चार दिन पहले खंडित करने के मामले में आज पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। दर्ज करवाया गया था। जिसपर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक कस्वे में बाल्मीकि उपवन बना हुआ है जिसमे महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित है। बीते मंगलवार को कस्बे के कुछ अराजक तत्वों द्वारा महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा को खंडित करते हुए बने उनके हाथ व पैर को तोड़ा गया था। जिसपर कस्बे की पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि द्वारा आपत्ति जताते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। जिसपर पुलिस ने गुरुवार को कस्बे के रामलीला मैदान के पास के निवासी सोनू पुत्र देवनारायण को हिरासत में लिया है। वही इस संबंध में थानाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि सोनू से पूछताछ चल रही है फिलहाल उक्त व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वन विभाग से मजदूरी न मिलने से आहत मजदूरों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमाया डेरा

● डीएम ने डीएफओ को तलब कर प्रकरण की ली जानकारी

● केंद्रीय राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने दिलाया भुगतान का आश्वासन



संवाददाता। उरई, जालौन

**प्रदेश** सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ जहां एक ओर गरीब, मजदूर और निचले पायदान से जुड़े लोगों को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं तो वहीं कुछ विभागीय आला अफसर ऐसे भी हैं जो उनकी मंशा को पलीता लगाने में पीछे नहीं हैं। शुक्रवार को ऐसा ही एक मामला उस वक्त प्रशासन तक पहुंचा जब गैर प्रांत से आये डेढ़ सैकड़ा मजदूरों ने वन विभाग कालपी के एक अधिकारी पर उत्पीड़न करने के आरोप मढ़े। मजदूरों की मानें तो जिम्मेदार अधिकारी ने उन्हें बीते कई महीनों की मजदूरी न देकर उनके परिवार को भुखमरी की कगार पर खड़ा कर दिया है। बहरहाल केंद्रीय राज्यमंत्री के प्रतिनिधि अवध शर्मा बब्बा के हस्तक्षेप से प्रशासन ने आनन फानन में डीएफओ को तलब कर शीघ्र भुगतान कराये जाने का आश्वासन दिया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक सभी मजदूर परिवार कलैक्ट्रेट परिसर में डेरा जमाये हुये थे। उनका साफ कहना है कि जब तक उन्हें मजदूरी का पूरा भुगतान नहीं हो जाता वह यहां से नहीं हिलेंगे। जानकारी के मुताबिक मप्र के जनपद कटनी निवासी अमोल, महेंद्र, शानिराम, दर्शन लोनी, अमर लोनी, राम लौनी, अतुल, राजा कोल, सत्यप्रकाश, पूजा, दीपिका, सुकाराती, सीमा, द्रोपती, पुष्पा, मुकेश, खुशबू, केदार, कप, राजरानी सहित डेढ़ सैकड़ा के लगभग मजदूरों से वन विभाग की कालपी रेंज व वीर सोहरापुर नर्सरी में प्लांटेशन का कार्य कराया गया था। बताया जाता है कि उप वनाधिकारी ने उन्हें दो माह से अधिक समय तक काम लेने के उपरांत उन्हें निर्धारित मजदूरी जो कि 19 लाख 11 हजार 620 रुपये बतायी जाती है के सापेक्ष महज 44 हजार रुपये देकर ही अपना पल्ला झाड़ लिया।

# ऐतिहासिक कोठी तालाब में मन्दिर तक बनायें ओवरब्रिज : अभिषेक आनंद



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने पर्यटन विकास के मद्देनजर तहसील कर्वी के कोठी तालाब, भरतकूप मंदिर एवं बरहा हनुमान मंदिर, खोही परिक्रमा मार्ग का औचक निरीक्षण कर कोठी तालाब को देखकर आर्किटेक्टों एवं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि तालाब मंदिर का सुंदरीकरण कराने का प्रस्ताव बनायें। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि कोठी तालाब के बीच में मंदिर के आने-जाने को फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराने के साथ गेट निर्माण, बाउंड्रीवाल का भी निर्माण, साफ-सफाई, लाइटिंग, चारों ओर सीढ़ियों पर बैठने की बेंच, सेल्फी प्वाइंट्स आदि के प्रस्ताव बनाये जाए। पार्क देखने के बाद अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर ने बताया कि टिकट विंडो, गार्ड रूम, गेट का निर्माण कार्य शेष हैं। शौचालय, बैठने की व्यवस्था, खेलकूद सामग्री आदि की व्यवस्था करा दी गई है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि बसस्टॉप से पार्क वाले रोड के अगल-बगल जो अतिक्रमण है, उसे तत्काल हटायें। पार्क में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाए। कैंटीन की व्यवस्था कराई जाए। जो दुकाने कोठी तालाब के सामने की पीछे से टूटी है, उसमें बाउंड्रीवॉल बनाकर पीछे किया जाए। जो दुकाने आगे सड़क पर अतिक्रमण करे हैं उन दुकानदारों को बुलाकर हटायें। भरतपुर मंदिर का निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी से कहा कि रास्ते की दुकानें महंत से लिखवाकर नोटिस देकर हटायें। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि यहां पर शौचालय, यात्री शेड, चेंजिंग रूम का निर्माण कराया गया है।

### खदानों में हो रही ब्लास्टिंग से पर्यावरण को खतरा : अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने बजट सत्र में विधानसभा पटल पर नियम 301 के तहत जनहित एवं लोक महत्व के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष लोक महत्व के मुद्दे उठाये। सदर विधायक ने कहा कि जिले में पार्टी विशेष के जनप्रतिनिधियों एवं सत्ता संरक्षित खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन की नाक के नीचे नियम एवं कानूनों का लगातार उल्लंघन जारी है। शुक्रवार को विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा में उठाये मुद्दे में कहा कि भरतकूप में खनन माफिया एनजीटी नियमों का उल्लंघन कर अवैध ब्लास्टिंग कर रहे हैं। चार इंच चौड़ा और 80 फीट गहराई के बोरवेल कर डायनामाइट का प्रयोग कर रहे हैं। इससे भयंकर विस्फोट एवं पर्यावरण की क्षति होती है। आसपास के इलाकों में विस्फोट से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोग टीबी, अस्थमा जैसी घातक बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं। यह पर्यावरण की दृष्टि से भी अति घातक है।

# नगरीय क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों का कराएं कायाकल्प: जिलाधिकारी

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन द्वारा मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में नगर निकाय एवं कायाकल्प की बैठक कर समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों के विद्यालयों में कायाकल्प के तहत कराए जाने वाले कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। 31 मार्च तक सभी स्कूलों का मानक अनुसार कायाकल्प कराने के सख्त आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को उपलब्ध बजट के अनुसार कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा के दौरान नगर पालिका सहित समस्त नगर पंचायतों में कूड़ा निस्तारण के लिए भूमि के चिन्हांकन एवं की जा रही कार्यवाहियों की विस्तार से जानकारी ली। वही जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि रसूलाबाद एवं झींझक नगरी निकाय में एमआरएफ सेंटर सक्रिय हैं तथा अन्य जगहों पर अभी सक्रियता न होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिए, उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड चौपाल लगाई जाए इसमें लोगों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण किया जाए।

इस दौरान उन्होंने जनपद के नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में चलाए जा रहे सफाई के विशेष अभियान की भी जानकारी ली तथा समस्त नगरीय क्षेत्रों में नियमित सफाई एवं फागिंग कराये जाने के निर्देश दिये। नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थित निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों की चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त गोशालाओं में संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने हेतु निर्देशित किया । जिलाधिकारी ने कहा कि जनता को पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से साफ सफाई, सड़क सुरक्षा हेतु जागरूक करें।

# आंख मूंदे रहे जिम्मेदार और 31 लाख डकार गए भ्रष्टाचारी

## टीएसी जांच में अमौली के आजमपुर गढ़वा गांव में खुला बड़ा घोटाला

● डीएम ने दिए तत्कालीन प्रधान व दो सचिवों से रिकवरी के आदेश

● जेल में सजा काट रहा है भ्रष्टाचार का आरोपी सचिव रमेश चंद्र गिहार

संवाददाता। फतेहपुर

**ग्राम** पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों में प्रधानों एवं सचिवों के भ्रष्टाचार की कहानी कोई नई नहीं है। अमौली विकास खंड के आजमपुर गढ़वा में 3 वर्ष पहले हुई एक शिकायत पर जिस प्रधान व सचिव को मामूली से घोटाले में दोषी पाया गया था उसी की जांच जब टीएसी की 5 सदस्यीय टीम ने किया तो बड़ा घोटाला सामने आया है। जांच में 31 लाख 45 हजार 3 सौ 13 रुपए का घोटाला पकड़ा गया है और इस धनराशि के लिए तत्कालीन प्रधान एवं दो सचिवों को घोटाले में दोषी पाया गया है। इनसे अलग-अलग धनराशि की रिकवरी 15 दिन के अंदर करने के निर्देश जिलाधिकारी श्रुति ने दिए हैं। 'जिस तत्कालीन सचिव रमेश चंद्र गिहार को घोटाले में दोषी पाया गया है वह मौजूदा समय में एक अन्य घोटाले में जेल की हवा खा रहा है जबकि दूसरे ग्राम पंचायत सचिव कौशल किशोर को निलंबित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

अमौली विकास खंड के आजमपुर गढ़वा ग्राम पंचायत में शिकायतकर्ता राम खेलावन ने तत्कालीन ग्राम प्रधान रामबाबू एवं सचिव रमेश चंद्र गिहार एवं कौशल किशोर द्वारा गांव के विकास के लिए दी गई धनराशि में भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत की गई थी। जांच हुई तो लेकिन तत्समय मामूली घोटाला ही सामने आया। जिस पर शिकायतकर्ता रामखेलावन संतुष्ट नहीं हुआ और उसने शासन में ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार की शिकायत की।

शासन से 5 सदस्यीय टीएसी टीम का गठन किया गया' जांच टीम में उपनिदेशक पंचायत प्रयागराज, अधिशाषी अभियंता आरईडी प्रयागराज, अभियंता जिला पंचायत प्रयागराज, अवर अभियंता जिला पंचायत प्रयागराज एवं अवर अभियंता आरईडी प्रयागराज को शामिल कर घोटाले की जांच करने के निर्देश दिए गए। शिकायतकर्ता ने जो शिकायत की थी उसमें आई टीम ने वर्ष 2016-17 वर्ष 2017-18 एवं वर्ष 2018-19 की जांच की तो घोटाले का पूरा का पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। ग्राम प्रधान एवं सचिव की मिलीभगत से खेले गए खेल में खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, बाउंड्री वॉल, स्ट्रीट लाइट, नाला निर्माण, हैंडपंप, सोक्ता पिट, मिट्टी पुराई आदि के कामों में बड़ा घोटाला सामने आया। कई काम तो ऐसे थे जिसमें एक ही काम को दो-दो बार दिखा कर ग्राम प्रधान व सचिव ने पैसा निकाल लिया। जांच के बाद 3145313 रुपए के घोटाले का खुलासा हुआ।

# चौधरी चरण सिंह विवि में दूसरे दिन भी जारी रहा नैक पीयर टीम का निरीक्षण

संवाददाता। मेरठ



● नैक टीम को भाया बदला हुआ विश्वविद्यालय

● कुलपति ने टीम के समक्ष रखीं उपलब्धियां

**चौधरी** चरण सिंह विश्वविद्यालय में नैक पीयर टीम का निरीक्षण शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। छह सदस्यीय नैक पीयर टीम ने विश्वविद्यालय के बदले हुए स्वरूप को पैनी नजरों से देखा और सराहा। टीम ने धुआंधार गति से विश्वविद्यालय के तमाम विभागों, प्रशासनिक भवन, क्रीड़ा विभाग से लेकर सर छोटूराम इंजीनियरिंग कॉलिज व छात्रावासों की व्यवस्था व गुणवत्ता को परखा। कल शनिवार को तीसरे दिन नैक पीयर टीम एग्जिट मीटिंग के बाद रिपोर्ट तैयार करेगी।

प्रो0 अरुण दिवाकरनाथ बाजपेयी की अध्यक्षता में सदस्य समन्वयक प्रो0 सुधांशु रंजन महापात्रा एवं सदस्य प्रो0 बस्वराज पदमाशाली, प्रो अनुपमा शर्मा, प्रो संजीव कुमार महाजन एवं प्रो चन्द्रशेखरन कल्याणी थेवर की पीयर टीम बृहस्पतिवार को चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय पहुंची। एनसीसी कैडट के गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सीसीएसयू की कुलपति प्रो संगीता शुक्ला ने सभी टीम सदस्यों का स्वागत किया एवं पिछले पांच वर्ष की उपलब्धि, गतिविधियाँ, कोर्स, एकेडमिक एक्सिलेंस एवं सामाजिक जुड़ाव जैसे विभिन्न बिन्दुओं की प्रस्तुति दी। प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता ने आईक्यूएसी की प्रस्तुति दी। टीम ने दो समूहों में विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग, अर्थशास्त्र, शिक्षा, ललित कला, मनोविज्ञान, इतिहास, इंक्यूवेशन सेन्टर, हिन्दी, उर्दू, वाणिज्य, गृह विज्ञान, प्रबन्धन, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, भौतिक विज्ञान, भूगोल, पादप प्रजनन, गणित, सांख्यिकी, विधि, रसायन, उद्यान विभाग, सूक्ष्मजीव, जन्तु विज्ञान, विष विज्ञान, सेन्ट्रल इंस्ट्रूमेन्ट फैसिलिटी, वनस्पति विज्ञान, एससीआरआईटी एवं छात्रावासों की स्थिति देखी।

दोनों टीमों ने सभी विभागों की एकेडमिक गतिविधि, शोध पब्लिकेशन, किताब, प्लेसमेंट सहित तमाम उपलब्धियों को जाना। शाम के समय सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति और संगीत की मनोहारी झलक देखने को मिली। नेताजी सुभाष चन्द्र बोर्ड ऑडिटोरियम ने छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति और संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति गीत, भारतीय संस्कृति एवं संगीत पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। समारोह में नैक टीम सहित कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला, कुलसचिव धीरेन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी रमेश चन्द्र, प्रो0 संजीव शर्मा, प्रो0 मृदुल गुप्ता, प्रो0 वाई0 विमला, प्रो0 भूपेन्द्र सिंह, प्रो0 वीरपाल सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ0 अश्विन कुमार सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय की गुणवत्ता की परख के दूसरे दिन शुक्रवार को नैक पीयर टीम ने सबसे पहले परिसर स्थिति मन्दिर में पूजा अर्चना की, उसके बाद पार्क में वृक्षारोपण किया। इसके बाद कैन्टीन, साहित्य कुटीर, कांशीराम शोधपीठ, मूल्यांकन भवन, छोटूराम इंस्टीट्यूट के हॉस्टल, सैन्ट्रल लाईब्रेरी, दारा सिंह कुश्ती हॉल, स्पोर्ट ग्राउण्ड, फिजिकल एजुकेशन, तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार संस्थान आदि का गहनता से परीक्षण एवं निरीक्षण किया। भोजनावकाश के बाद नैक पीयर टीम के सदस्य विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य, कर्मचारी एवं छात्रों से अलग-अलग रूबरू हुए एवं संवाद किया।

दोपहर बाद नैक पीयर टीम विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी कार्यालय, एकाउन्ट डिपार्टमेंट पहुंची एवं बारीकी से चीजों को परखा। नैक पीयर टीम के सदस्यों का विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी रमेश चन्द्र निरंजन ने स्वागत किया एवं विभाग के बारे में समस्त जानकारी प्रदान करायी। इसके बाद नैक टीम के सदस्य कुलसचिव कार्यालय पहुंचे एवं वहां भी संतोषजनक निरीक्षण किया। कुलसचिव धीरेन्द्र कुमार ने टीम के सदस्यों का स्वागत किया। निरीक्षण के अंतिम दिन कल शनिवार को विभिन्न बैठकों के बाद नैक पीयर टीम के सदस्य एग्जिट मीटिंग करेंगे।

## 215 ली. कच्ची शराब बरामद पांच कुंतल लहन नष्ट किया

**फतेहपुर।** आगामी होली पर्व को लेकर मिलावटी शराब की बिक्री रोकने के उद्देश्य से बकेवर पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कंजरन डेरा मजरे बेंता में अभियान चलाकर दो स्थानों से 215 लीटर कच्ची शराब व उपकरण बरामद करते हुए पांच कुंतल लहन को नष्ट कराने का काम किया। बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक को मुखबिर ने सूचना दिया कि कंजरन डेरा मजरे बेंता में होली पर्व को लेकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने गांव में छापा मारा और दो गैलन से 105 लीटर कच्ची शराब, एक प्लास्टिक का डिब्बा, एक शराब बनाने की भट्ठी व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर 250 किलोग्राम लहन को मौके पर नष्ट कराया। इसी तरह दूसरे स्थान पर दो गैलन से 110 लीटर कच्ची शराब, एक प्लास्टिक का डिब्बा, एक शराब बनाने की भट्ठी बरामद करते हुए 250 किलोग्राम लहन को नष्ट कर दिया।

# विश्व श्रवण दिवस पर सीएचसी में लगाया गया परीक्षण शिविर



**जालौन,** उरई। शब्दों को सुनना ईश्वर का दिया गया अनुपम उपहार है। इसलिए अपने कानों की अच्छे से देखभाल करें। यह बात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व श्रवण दिवस पर आयोजित कैंप में सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने कही। विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लोगों की कानों को चेक पर उन्हें श्रवण शक्ति के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान डॉ. राजीव दुबे ने कहा कि विश्व श्रवण दिवस का उद्देश्य दुनियाभर में बहरेपन व श्रवण हानि को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना है। लोगों को ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूक करना भी है। क्योंकि भारत में बहरेपन की सबसे अधिक समस्या में ध्वनि प्रदूषण एक बड़ा कारक है। यह समस्या उन लोगों में अधिक देखी जाती है, जो शोर वाले इलाके में काम करते हैं। वहीं तेज आवाज में गाना सुनने से भी लोग इस समस्या की चपेट में आ जाते हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि यदि हम दूसरों के बोले गए शब्दों को सुन पा रहे हैं। तो यह ईश्वर का एक अनुपम उपहार है। कानों की अच्छी तरह देखभाल करें।

पायनियर
नई दिल्ली , शनिवार, 4 मार्च, 2023



# ‘भारत खत्म करवा सकता है युद्ध’

## विशिष्ट भूमिका निभानी , रुस से है एतिहासिक संबंध : अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका ने कहा है** कि जी20 समूह के अध्यक्ष के रूप में भारत को यूक्रेन में जारी युद्ध को समाप्त करने में विशिष्ट भूमिका निभानी है, क्योंकि रूस के साथ उसके लंबे समय से ऐतिहासिक संबंध हैं। साथ ही उसने कहा कि भारत के पास जबरदस्त नैतिक स्पष्टता के साथ बोलने की क्षमता है, जैसा कि वह प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के मामले में देख चुका है। अमेरिका ने यूक्रेन में संघर्ष को रोकने का उपाय तलाशने में भारत के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद भी जताई। यूक्रेन युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों और रूस के बीच मतभेद दूर करने की भारत की कोशिशों के बावजूद दोनों पक्षों में विवाद बरकरार रहने के कारण भारत की मेजबानी में बृहस्पतिवार को आयोजित जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में साझा बयान जारी नहीं किया जा सका था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बृहस्पतिवार को वाशिंगटन में अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज तक जिस तरह से उन्होंने जी-20 का नेतृत्व किया है, उसके लिए हम अपने भारतीय भागीदारों के आभारी हैं। जैसा कि आपने बताया कि अभी इस वर्ष बहुत कुछ और किया जाना है... भारत ने जी-20 की अपनी अध्यक्षता की एक बहुत ही आशाजनक शुरुआत की है। प्राइस ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी पर विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के बीच नई दिल्ली में चर्चा हुई। उन्होंने भारत के साथ संबंधों को अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बताते हुए कहा, ऐसा इसलिए है, क्योंकि हम भारत के साथ मिलकर हर उस चीज पर काम करते हैं, जो हमारे लिए प्राथमिकता है और जो भारत के लिए भी प्राथमिकता है... इसमें हमारी आपसी समृद्धि को बढ़ाना, लोकतंत्र का समर्थन करना, जलवायु संकट पर काबू पाना और अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित शासन को कायम रखना शामिल है।

### भारत को कभी न कभी यूक्रेन युद्ध में किसी एक पक्ष को चुनना होगा: अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रभावशाली सांसद मार्क वार्नर ने बृहस्पतिवार को भारत को अपने नैतिक मूल्यों पर गर्व करने वाला एक शक्तिशाली देश बताते हुए कहा कि उसे कभी न कभी यूक्रेन युद्ध में किसी एक पक्ष को चुनना पड़ेगा। वार्नर लंबे समय से अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंधो की वकालत करते रहे है। खुफिया मामलो से संबंधित सीनेट की प्रवर समिति के अध्यक्ष वार्नर ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार के दौरान, चीनी आक्रमकता और उससे मिलने वाली चुनौतियो के सामने डटकर खड़े रहने के लिए भारत की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूक्रेन संघर्ष के संबंध मे भारत ने अब तक जो कदम उठाए है वे पर्याप्त नही है और वह इससे ज्यादा कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान कि यह युद्ध का दौर नही है का जिक्र करते हुए वार्नर ने कहा, उज्बेकिस्तान मे (रूसी राष्ट्रपति) श्रीमान (व्लादिमीर) पुतिन के सामने यह टिप्पणी करने के लिए मै प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी की सराहना करता हू।

## नाइजीरिया में एक अवैध रिफाइनरी में हुए विस्फोट में कम से कम 12 की मौत

**भाषा।** अबुजा

**नाइडीरिया के** नाइजर डेल्टा क्षेत्र में एक अवैध तेल रिफाइनरी स्थल के पास विस्फोट और आग लगने से शुक्रवार को कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय निवासियों ने हालांकि बताया कि घंटों तक लगी आग में मरने वालों की संख्या कहीं अधिक है। पुलिस के प्रवक्ता ग्रेस इरिंगे-कोको ने बताया कि देश के एमुहा परिषद क्षेत्र में अवैध रिफाइनरी संचालकों द्वारा तेल चोरी करने की कोशिश के दौरान विस्फोट हुआ। हम जानते हैं कि पाइपलाइन में छेद करने की (बंकरिंग) गतिविधियों के कारण विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि अधिकारी हताहतों की संख्या और घटना के कारणों का पता लगा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि घंटों तक लगी आग में दर्जनों लोगों की मौत हो गई।

## कंबोडिया के विपक्षी नेता केम सोखा राजद्रोह के मामले में 27 साल नजरबंद रखने का आदेश

**भाषा।** नोम पेन्ह (कंबोडिया)



**कंबोडिया की** एक अदालत ने भंग हो चुकी कंबोडिया नेशनल रेस्क्यू पार्टी के नेता केम सोखा को शुक्रवार को राजद्रोह के एक मामले में दोषी करार देते हुए उन्हें 27 वर्ष नजरबंद रखने का आदेश सुनाया। नोम पेन्ह नगर अदालत ने कहा कि विपक्षी नेता सोखा ने 2010 से लेकर 2017 तक विदेशी ताकतों का साथ दिया। सोखा को 2017 में गिरफ्तार कर लिया गया था। अदालत ने कहा कि सोखा एक महीने के अंदर उसके आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकते हैं। साल 2017 में संबंधित आरोपों में सोखा की गिरफ्तारी के कुछ समय बाद कंबोडिया नेशनल रेस्क्यू पार्टी भंग कर दी गई थी और उसके सदस्यों को संसद से निष्कासित कर दिया गया था। कंबोडिया में आम चुनाव से चार महीने पहले अदालत का यह फैसला आया है, जिसे विपक्ष के लिए एक नया झटका माना जा रहा है। प्रधानमंत्री हुन सेन की सरकार पर आरोप है कि वह वर्षों से विपक्ष का कानूनी उत्पीड़न कर रही है।सोखा (69) कंबोडिया के उन प्रमुख विपक्षी नेताओं में शामिल हैं, जो स्वनिर्वासन में नहीं गए हैं। अधिकतर अन्य नेता विदेश चले गए हैं, जिसे आमतौर पर राजनीति से प्रेरित उत्पीड़न के तौर पर देखा जाता है। अदालत ने कहा है कि सोखा मतदान समेत किसी भी राजनीतिक गतिविधि से दूर रहेंगे और उन्हें परिवार के सदस्यों के अलावा किसी अन्य कंबोडियाई व विदेशी व्यक्ति से मिलने की अनुमति नहीं होगी। वह अदालत की अनुमति से ही घर से बाहर निकल सकते हैं।केम सोखा कंबोडिया नेशनल रेस्क्यू पार्टी के प्रमुख थे। उन्हें सितंबर 2017 में एक पुराने वीडियो के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। वीडियो में उन्हें एक सेमिनार में अमेरिकी लोकतंत्र समर्थक समूहों से सलाह लेने के बारे में बोलते हुए सुना जा सकता था। प्रधानमंत्री हुन सेन की सरकार ने कहा था कि यह अवैध रूप से सत्ता हासिल करने के लिए एक विदेशी शक्ति के साथ मिलीभगत का सबूत है। विभिन्न अधिकार समूहों ने शुक्रवार को आए अदालत के इस फैसले की आलोचना की है।

### इज़राइली बलों ने एक किशोर की गोली मारकर हत्या की : फलस्तीन

**यरुशलम।** वेस्ट बैंक मे इज़राइली बलो ने बृहस्पतिवार को एक किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, कलकिल्या शहर के पास अज़ौन गांव मे मोहम्मद सलीम (15) की पीठ मे, जबकि एक अन्य किशोर के सीने मे गोली लगी थी। सलीम की अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गई। फलस्तीनी मीडिया की खबरो के मुताबिक, गोलीबारी मे दो लोग घायल हो गए, जिन्होने गांव मे घुसे इज़राइली सैनिको की ओर कथित तौर पर पत्थर फेंके थे।

### नोबेल शांति पुरस्कार विजेता बियालियात्स्की को 10 साल कैद की सजा

**ताल्लिन (एस्टोनिया)।** बेलारूस की एक अदालत ने शुक्रवार को मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं 2022 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एलेस बियालियात्स्की को 10 साल कैद की सजा सुनाई। वियास्ना मानवाधिकार केंद्र के संस्थापक एलेस (60) और इसके तीन अन्य शीर्ष अधिकारियो को लोक व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियो का वित्तपोषण करने और तस्करी का दोषी करार देते हुए अलग-अलग अवधि की सजा सुनाई गई। वियास्ना ने यह जानकारी दी।

### भारतीय-अमेरिकी सोन्या कैलिफोर्निया में होंगी चांसलर

**न्यूयॉर्क।** भारतीय-अमेरिकी डॉ सोन्या क्रिश्चियन कैलिफोर्निया कम्युनिटी कॉलेजो की स्थाई चांसलर के रूप मे नियुक्त होने वाली पहली दक्षिण एशियाई महिला बन गई है। यह अमेरिका मे सार्वजनिक उच्च शिक्षा का सबसे बड़ा और सबसे विविध पद है। कैलिफोर्निया कम्यूनिटी कॉलेज देश मे उच्च शिक्षा की सबसे बड़ी प्रणाली है, जिसमे 73 जिले और 116 कॉलेज है।

### सिख ट्रक चालकों ने नियोक्ता को मानवाधिकार आयोग में घसीटा

**मेलबर्न।** न्यूजीलैड मे दो सिख ट्रक चालको ने नस्लवादी टिप्पणी करने को लेकर प्रबंधक के खिलाफ कोई कार्वाई नही करने पर अपने पूर्व नियोक्ता के खिलाफ मानवाधिकार आयोग मे शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि प्रबंधक ने सभी सिखो को आतंकवादी करार दिया था। मीडिया मे आई खबर मे यह जानकारी दी गई।

### सरकार मेरे परिवार को प्रताड़ित कर रही

**बैंकॉक।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सियन लूंग के भाई ली सियन यांग ने सरकारी प्राधिकारियो पर अपने परिवार को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

## जी-20 बैठक में यूक्रेन को लेकर संयुक्त घोषणापत्र का अभाव देशों के बीच विभाजन का संकेत : संयुक्त राष्ट्र

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा है कि जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में यूक्रेन को लेकर संयुक्त घोषणापत्र पर सहमति नहीं बनना अंतरराष्ट्रीय मंच पर देशों के बीच विभाजन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह एक मेजबान के रूप में भारत के प्रयासों का परिचायक नहीं है। जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विदेश मंत्रियों की बैठक बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में आयोजित की थी जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और चीनी विदेश मंत्री क्विन गांग समेत अन्य देशों के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। मेजबान भारत की ओर से मतभेदों को कम करने की कोशिशों के बाजवूद यूक्रेन संघर्ष को लेकर रूस और पश्चिम के बीच गहरी खाई दिखी जिसके कारण संयुक्त घोषणापत्र पर सहमति बनाने के लिहाज से यह बैठक नाकाम रही। नई दिल्ली में एक प्रेसवार्ता के दौरान ब्लिंकन ने कहा कि रूस और चीन दो देश थे जिन्होंने बैठक के दौरान संयुक्त घोषणापत्र का समर्थन नहीं किया। गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने प्रेसवार्ता में बृहस्पतिवार को कहा, हम बैठक में एक पक्षकार नहीं थे। मुझे लगता है कि स्वाभाविक रूप से यह किसी भी तरह से जी-20 के मेजबान के रूप में भारत के प्रयासों को प्रदर्शित नहीं करता।

### रूस ने यूक्रेन में सर्बियाई रॉकेट को लेकर मांगा स्पष्टीकरण



**बेलग्राद।** रूस ने इस खबर पर अपने सहयोगी सर्बिया से आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा है कि उसने रूसी आक्रमण का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन को हजारो रॉकेट की आपूर्ति की है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने इन खबरो पर गहरी चिंता प्रकट की जो पिछले महीने सबसे पहले सरकारी रूसी मीडिया से आई। उन्होने बृहस्पतिवार को रूस के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर डाले गए एक बयान मे कहा, हमारी नजर इस खबर पर है। यूक्रेन को हथियारो की संभावित आपूर्ति से सर्बिया-रूस संबंधो के लिए गंभीर प्रश्न खड़ा हो गया है। मीडिया की खबर मे कहा गया है कि एक सर्बियाई हथियार फैक्टरी ने ग्रेड मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर के लिए करीब 3500 मिसाइल की हाल मे आपूर्ति की है। यूक्रेन और रूसी सैन्यबलो द्वारा इस लॉन्चर का इस्तेमाल किया जाता है। यूक्रेन को तुर्की और स्लोवाकिया के रास्ते 122 एमएम रॉकेट कथित रूप से पहुंचाए गए।

### यूक्रेन के लिए नई सैन्य सहायता की घोषणा कर सकता है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका शुक्रवार को यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा कर सकता है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी अधिकारियों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि नए सहायता पैकेज में पहली बार आठ बख्तरबंद वाहन शामिल होंगे, जो सैनिकों को नदियों या अन्य जटिल स्थानों को पार करने में मदद करेंगे। पैकेज की कुल लागत लगभग 40 करोड़ डॉलर होगी और इसमें हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम के लिए रॉकेट सहित बड़ी मात्रा में गोला-बारूद भी शामिल होगा। यह खबर ऐसे समय में सामने आई है, जब जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की।

## रूस को तकनीक मुहैया कराने के आरोप में दो अमेरिकी गिरफ्तार

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** न्याय विभाग ने रूस को विमानन संबंधी तकनीक और उपकरण मरम्मत सेवा प्रदान करने के आरोप में कंसास के रहने वाले दो लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों- सिरिल ग्रेगरी बुयानोस्की और डगलस रॉबर्टसन पर षड्यंत्र रचने, बिना लाइसेंस के तकनीक मुहैया कराने और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्यात संबंधी जानकारी न देने समेत विभिन्न आरोप लगाए गए हैं। पिछले साल 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर अमेरिका ने रूस के खिलाफ पाबंदियां और वित्तीय दंड का सिलसिला तेज कर दिया है, जिसके बीच ए गिरफ्तारियां हुई हैं। अमेरिका ने रूसी व्यक्तियों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के अलावा उसे किए जाने वाले निर्यात पर भी लगाम लगाई है, जिसका मकसद रूसी सेना के आधुनिक उपकरणों से लैस होने के लिए जरूरी कंप्यूटर चिप और अन्य उपकरणों तक पहुंच सीमित करना है। अभियोग में कहा गया है कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने 2020 के बाद से, अमेरिकी निर्यात कानूनों से बचते हुए रूस को विमानन संबंधी तकनीक व उपकरण मरम्मत सेवा मुहैया कराई।

### स्पेन में सबसे पुराना मानव जीनोम मिला

**बर्लिन।** अंतराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक दल ने एक व्यक्ति का 23,000 साल पुराना जीनोम डेटा बरामद किया है। माना जा रहा है कि यह व्यक्ति आखिरी हिमयुग के चरम पर संभवत: यूरोप के सबसे गर्म स्थान पर रहता था। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, सबसे पुराना मानव जीनोम दक्षिण स्पेन के कुएवा डेल मलालमुएर्जो से बरामद हुआ है। इसके अलावा, देश के कुएवा डी अर्डेल्स सहित अन्य स्थानों से प्राचीन किसानों का सात हजार से पांच हजार साल पुराना जीनोम मिला है। वैज्ञानिकों ने दक्षिण स्पेन के आंदालुसिया में स्थित कई पुरातात्विक स्थलों से बरामद प्राचीन मानव डीएनए का विश्लेषण किया है। स्पेन के दक्षिणी हिस्से से बरामद सबसे पुराना मानव जीनोम यूरोप के अनुवांशिक इतिहास में रहस्य की एक और कड़ी जोड़ता है। दरअसल, किसी जीव की मौत के बाद उसका डीएनए अनुकूल जलवायु परिस्थितियों में केवल निर्धारित अवधि के लिए सुरक्षित रहता है।

### आक्रमक दरियाई घोड़ों को भारत, मेक्सिको भेजने की योजना बना रहा कोलंबिया

बोगोटा। कोलंबिया कुख्यात मादक तस्कर पाब्लो एस्कोबार के पशु फार्म के पास रहने वाले कम से कम 70 दरियाई घोड़ों को भारत और मेक्सिको भेजने की योजना बना रहा है। गुजरात (भारत) के जामनगर स्थित ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलेशन किंगडम में 60 दरियाई घोड़ों को भेजा जाएगा। इसके लिए दरियाई घोड़ों को पकड़ने से जुड़े अभियान, उन्हें ढोने वाले लोहे के कंटेनर और विमान के जरिए भारत भेजने का पूरा खर्च कोलंबिया सरकार उठाएगी। कोलंबिया सरकार ने दरियाई घोड़ों की आबादी पर लगाम लगाने के मकसद से यह फैसला लिया है।

### अमेरिकी राजदूत सिंडी मैक्केन संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम की नई प्रमुख होंगी

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिकी राजदूत सिंडी मैक्केन को बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम का प्रमुख नियुक्त किया गया। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय संगठन है, जिसका लक्ष्य इस साल संघर्ष, आपदा और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना करने वाले लगभग 15 करोड़ लोगों की मदद करना है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक क्यू डोंग्यू द्वारा संयुक्त रूप से मैक्केन की नियुक्ति की घोषणा की गई। सिंडी मैक्केन एरिजोना के पूर्व सीनेटर एवं 2008 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार दिवंगत जॉन मैक्केन की पत्नी हैं। सिंडी मैक्केन दक्षिण कैरोलाइना के पूर्व गवर्नर डेविड बियस्ली की जगह लेंगी, जो पिछले छह साल से इस पद पर काबिज हैं।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 30 अप्रैल को होंगे असेम्बली चुनावः राष्ट्रपति अल्वी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने शुक्रवार को घोषणा की कि पंजाब प्रांत में 30 अप्रैल को चुनाव होंगे। उससे कुछ घंटे पहले देश के चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर चुनाव की तारीखों का सुझाव देने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखा था। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित की गई तिथियों पर विचार करने के बाद अल्वी ने यह निर्णय लिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति डॉ आरिफ अल्वी ने पंजाब की प्रांतीय असेम्बली के वास्ते आम चुनाव कराने के लिए 30 अप्रैल, 2023 की तारीख की घोषणा की है। इससे पहले शुक्रवार को, चुनाव आयोग ने अल्वी को भेजे अपने पत्र में अनुशंसा की थी कि पंजाब में 30 अप्रैल और सात मई के बीच प्रांतीय असेम्बली के चुनाव कराए जाएं। आज की इस घोषणा से दो दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी थी।

## अमेरिका, रुस और यूएई के अंतरिक्ष यात्रियों का नया दल आईएसएस पहुंचा

● तकनीकी समस्या के कारण दल कुछ घंटों के लिए 65 फुट की दूरी पर अटका रहा

**भाषा।** केप केनवरल

**अंतरिक्ष यात्रियों** का एक नया दल छह महीने के मिशन के लिए शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचा। दल में रूस के आंद्रे फेदियाएव और अमेरिका के वारेन होबर्ग व स्टीफ बोवेन के अलावा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सुल्तान अल-नियादी शामिल हैं। अल-नियादी एक महीने के लिए आईएसएस जाने वाले अरब जगत के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। उनसे पहले 2019 में यूएई के पहले अंतरिक्ष यात्री हाजा अल-मंसूरी एक सप्ताह के लिए अंतरिक्ष स्टेशन गए थे। चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर स्पेसएक्स के कैप्सूल ने फॉल्कन रॉकेट के जरिए बृहस्पतिवार तड़के आईएसएस के लिए उड़ान भरी थी। हालांकि, कैप्सूल के एक डॉकिंग हुक (लैंडिंग के दौरान कैप्सूल को आईएसएस से जोड़ने वाला हुक) में तकनीकी समस्या के कारण यात्री दल कुछ घंटों के लिए आईएसएस से 65 फुट की दूरी पर अटका रहा। शुक्रवार को कैलिफोर्निया में मौजूद उड़ान नियंत्रक दल तकनीकी समस्या को दूर करने में सफल रहा, जिसके बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस में कदम रखा।

## उ. कोरिया की धमकी के बावजूद द. कोरिया व अमेरिकी की सेनाएं अभ्यास करेंगी

**भाषा।** सियोल




**दक्षिण कोरिया** और अमेरिका की सेना ने शुक्रवार को कहा कि वे इस महीने बड़े पैमाने पर वार्षिक सैन्य अभ्यास करेंगी। उत्तर कोरिया के इस तरह के अभ्यास के खिलाफ आगाह करने और इसके कड़े परिणाम भुगतने की धमकी देने के बावजूद दोनों सेनाओं ने सैन्य अभ्यास करने का फैसला किया है।

ऐसा संदेह है कि उत्तर कोरिया आगामी दक्षिण कोरियाई-अमेरिकी अभ्यास का उत्तेजक मिसाइल परीक्षणों और उग्र बयानों के जरिए जवाब देगा, क्योंकि वह इन अभ्यासों को आक्रमण का पूर्वाभ्यास बताता है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेना ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वे अपनी रक्षा और जवाबी कार्वाई की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए 13 से 23 मार्च तक फ्रीडम शील्ड अभ्यास (एक कंप्यूटर कमांड आधारित अभ्यास) करेंगी। दोनों सेनाओं ने कहा कि अभ्यास उत्तर कोरियाई आक्रामकता, हाल के संघर्षों से सीखे गए सबक और बदलते सुरक्षा परिवेश पर केंद्रित होगा। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल ली सुंग जून ने कहा, दक्षिण कोरया-अमेरिका गठबंधन उत्तर कोरियाई सेना द्वारा संभावित उकसावे के खिलाफ तैयार रहने के लिए एफएस (फ्रीडम शील्ड) अभ्यास करेगा। ली ने कहा कि दोनों देश उत्तर कोरियाई के संभावित उकसावे का पूरी तरह से जवाब देंगे। अमेरिकी सेना के प्रवक्ता कर्नल आइजैक के टेलर ने कहा कि दोनों देश अभियानों को अंजाम देने की अपनी क्षमता में सुधार करने के लिए व्यापक स्तर पर वारियर शील्ड एफटीएक्स नामक संयुक्त अभ्यास भी करेंगे।

### वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के पिछले 10 करोड़ वर्ष के सबसे विस्तृत भूगर्भीय मॉडल का खुलासा किया

**सिडनी।** पृथ्वी की सतह हमारे ग्रह की जीवित त्वचा है - यह भौतिक, रासायनिक और जैविक प्रणालियों को जोड़ती है। भूगर्भीय समय के साथ, इस सतह के विकसित होते ही भू-दृश्य बदल जाते हैं, कार्बन चक्र और पोषक परिसंचरण को नियंत्रित करते हैं क्योंकि नदियाँ महासागरों में तलछट ले जाती हैं। इन सभी परस्पर क्रियाओं का पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता- हमारे ग्रह में रहने वाली कई जीवित चीजों- पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार, इस बात का पुनर्निर्माण करना कि पृथ्वी के परिदृश्य लाखों वर्षों में कैसे विकसित हुए हैं, हमारे ग्रह के बदलते आकार और जलवायु और टेक्टोनिक्स जैसी चीजों के संबंध को समझने की दिशा में एक मौलिक कदम है। यह हमें जैव विविधता के विकास पर भी सुराग दे सकता है। फ्रांस में वैज्ञानिकों के साथ काम करते हुए सिडनी विश्वविद्यालय में हमारी टीम ने अब प्रतिष्ठित जर्नल साइंस में पृथ्वी की सतह के परिवर्तनों का एक विस्तृत भूगर्भीय मॉडल प्रकाशित किया है।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Kulwant Singh and Mr. Prince Sachdeva are the owners of Built up property bearing No. 13, area measuring 75 Sq. Yds., out of area measuring 125 Sq., Yds., Situated in the area of Village Khaila, Delhi State abadi known as Ravi Nagar Extn., New Delhi, vide GPA, ATS and Will dated 08.02.1995. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

नाम का परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संदीप कुमार चौधरी पुत्र राम सिंह निवासी सी 106 प्रथम तल बृज विहार गाजियाबाद घोषित करता हूं कि मेरा नाम पैन कार्ड मे संदीप कुमार चौधरी पुत्र राम सिंह चौधरी है, आधार कार्ड में संदीप कुमार चौधरी पुत्र राम सिंह है, 10वीं कक्षा की अंकतालिका में संदीप कुमार पुत्र राम सिंह और मेरा पैन कार्ड एवं आधार में जन्मतिथि 30.06.1982 और 10वीं कक्षा की अंकतालिका में जन्मतिथि 30.06.1981, मैं एतदवारा घोषणा करता हूं कि उपरोक्त सभी विवरण मेरे हैं और मैं भविष्य में संदीप कुमार चौधरी पुत्र राम सिंह के नाम से जाना जाए।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री राज कुमार ने अनाज मंडी के पीछे, गांव चंद्रावली@शाहदरा, इलाका शाहदरा, दिल्ली में बारा ठाकुर दवार के नाम से मशहूर लाल डोरा में स्थित प्लॉट नंबर-छत के अधिकार के साथ तृतीय तल का हिस्सा, फ्रीहोल्ड निर्मित संपत्ति सं. 252-253, एरिया परिमाप 70.00 वर्ग गज, खसरा नंबर 642 में से, बिक्री और वसीयत के समझौते के साथ जनरल पावर ऑफ अटार्नी दिनांक 22.12.2010 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता हैं कि मुकेश कुमार उपरोक्त संपत्ति को श्री राज कुमार से पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहे हैं और वे उक्त संपत्ति को फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7,बेसमेंट,प्लॉट नंबर सी 78,सेक्टर 2,नोएडा यूपी 201301,ईमेलः sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

# खतरनाक सेल्फी स्वास्थ्य के लिए खतरा



**भाषा।** सिडनी

**सेल्फी को** कला के रूप से लेकर आत्ममुग्धता तक सब कुछ कहा गया है और यह एक खराब समाज का संकेत है। सेल्फी आपकी जान भी ले सकती हैं। जब लोग सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए अपनी एक तस्वीर लेने के लिए बहुत दूर तक जाते हैं - शायद दूरस्थ या सुरम्य स्थानों में - वे अपने जीवन को जोखिम में डाल सकते हैं। इसलिए हमें स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के आने के बाद सेल्फी को एक सामाजिक घटना के रूप में वर्णित करने से कुछ आगे बढ़ने की जरूरत है। हमें खतरनाक सेल्फी को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा मानने की जरूरत है, क्योंकि वे वास्तव में हैं।

**अधिक मौतें, साल दर साल**

कुछ सुरम्य स्थानों को सेल्फी से होने वाली मौतों से जोड़ा गया है। इसमें कैलिफोर्निया का योसेमाइट नेशनल पार्क भी शामिल है। ऑस्ट्रेलिया में, हमने लोगों को चट्टानों, प्राकृतिक पूलों और झरनों सहित ऐसे कई स्थानों पर मरते देखा है।ए अकेली घटनाएं नहीं हैं। एक अध्ययन में पाया गया कि 2008 और 2021 के बीच सेल्फी के कारण दुनिया भर में 379 लोग मारे गए, और इससे भी अधिक घायल हुए। युवाओं और विशेषकर पुरुषों में इस तरह की घटनाएं अधिक होती हैं। कई यात्री या पर्यटक ऐसे होते हैं (विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका में) जो अकेले सफर करते हैं और सेल्फी लेते हुए अक्सर घायल हो जाते हैं या मारे जाते हैं, और ऐसी घटनाएं आम तौर पर ऐसे स्थानों पर होती हैं।

● **सिर्फ बेवकूफी नहीं, इसे सार्वजनिक मानकर निपटना होगा**

### मौसम और पानी की स्थिति के बारे में सोचें

मौसम और तटीय स्थितियां तेजी से बदल सकती है। सिर्फ इसलिए कि जब आप अपनी सेल्फी यात्रा शुरू करते है तो मौसम और लहरे खतरनाक नही लगती, हो सकता है कि जब आप वहां पहुंचे तो वे खतरनाक हो। जाने से पहले जांच लें, खराब मौसम से बचें, और ज्वार और लहर की स्थिति पर कड़ी नजर रखे। 2. सुरक्षा चिह्नो और भौतिक बाधाओ से आगे न बढ़े जीवन रक्षक जानकारी प्रदान करने के लिए चेतावनी के संकेत होते है। संकेतो पर ध्यान दे और उनकी सलाह मानें। पहुँच को अवरुद्ध करने वाली किसी भी भौतिक बाधा को पार नही करें और न ही उसके आसपास जाएँ। वे एक अच्छे कारण और आपकी सुरक्षा के लिए वहाँ लगाए जाते है।3. निर्धारित मार्ग पर रहे रास्तो और पगडंडियो पर बने रहना सबसे सुरक्षित होता है और यह नाजुक पारिस्थितिक तंत्र पर भी बड़ा उपकार करता है।

## मां का तटस्थ व्यवहार बच्चे के एपिजेनेटिक बदलाव को प्रभावित करता है : अध्ययन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अपने शिशु के** प्रति मां का तटस्थ या अजीब व्यवहार बच्चे के एपिजेनेटिक बदलाव को प्रभावित करता है, जो कुछ समय बाद बच्चों में तनाव से निपटने की क्षमता में झलकता है। बच्चों के बढ़ने के शुरुआती दिनों पर आधारित एक नए अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। एपिजेनेटिक आणविक प्रक्रियाएं हैं जो डीएनए से अलग हैं और यह जीन व्यवहार को प्रभावित करती हैं। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि 12 महीने की उम्र में माताओं के अपने बच्चों के साथ तटस्थ या अजीब व्यवहार का संबंध एनआर3सी। जीन पर मिथाइलेशन नामक एपिजेनेटिक परिवर्तन से है, जो बच्चे के सात साल की उम्र होने पर सामने आता है। अध्ययन में पाया गया कि यह जीन तनाव के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया को विनियमित करने से संबंधित है। अध्ययन की प्रमुख लेखिका एलिजाबेथ होल्ड्सवर्थ ने कहा कि इस बात के साक्ष्य सामने आए हैं कि मां और शिशु के बीच का व्यवहार एनआर3सी। जीन में बदलाव को प्रभावित करता है। यह अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन बायोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन के लिए होल्ड्सवर्थ और उनके सह-लेखकों ने माता-शिशु के 114 उप-नमूनों पर कार्य किया। शोधकर्ताओं ने सबसे पहले एक अध्ययन का विश्लेषण किया, जिसमें मां और उसके 12 महीने के बच्चे के साथ उसकी तस्वीरों के भाव पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# भ्रष्टाचार में नंबर वन हैं कांग्रेस एवं जद (एस), दोनों दलों के लिए परिवार के हित सर्वोपरिः अमित शाह

भाषा। बेंगलुरू-बीदर

**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस और जनता दल (एस) पर तीखे हमले करते हुए उन्हें वंशवादी दल करार दिया और कहा कि दोनों दल भ्रष्टाचार में नंबर वन हैं और उनके लिए परिवार के हित सर्वोपरि होते हैं। शाह ने कांग्रेस पर अपने दिग्गजों का अपमान करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी, उससे सभी राजनीतिक दलों को सीखना चाहिए कि अपने दिग्गजों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। शाह ने मई में होने वाले चुनावों से पहले भाजपा की विजय संकल्प यात्रा के तहत बेंगलुरु के पास बीदर और देवनहल्ली के जिला मुख्यालयों में दो जनसभाओं को



संबोधित किया। आपको यह तय करना होगा कि आप एफडीआई-हितैषी भाजपा को वोट देना चाहते हैं या कांग्रेस और जद (एस) को वोट देना चाहते हैं, जो भ्रष्टाचार में नंबर एक हैं। शाह ने पूछा, क्या आप भाजपा को चाहते हैं, जिसने कर्नाटक को उड्डयन और अंतरिक्ष क्षेत्र में नंबर एक बनाया, या कांग्रेस एवं जद (एस) को, जो अपने परिवार के हितों को पहले स्थान पर रखते हैं?

## साबित हो गया कि कर्नाटक मे 40 प्रतिशत कमीशन सरकार हैः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा के एक विधायक के पुत्र की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को कहा कि यह साबित हो गया है कि प्रदेश में 40 प्रतिशत कमीशन सरकार है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह बहुत खराब है। यह साबित हो गया है कि कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन सरकार है। दोषियों के खिलाफ कार्वाई होनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा की कृपा से मैसूर के संदल साबुन में भ्रष्टाचार की दुर्गन्ध भर गई है। कर्नाटक में भाजपा विधायक के बेटे 40 लाख की घूस लेते हुए पकड़े गए। ठेकेदार से 81 लाख की घूस मांगी गई थी और बीते 24 घंटे में 7 करोड़ 20 लाख बरामद हो चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि यही भाजपा की असलियत है।

## सामाजिक व्यवस्था और राजनीतिक गतिविधियो मे प्राचीन काल से धर्म का महत्वपूर्ण स्थान रहा हैः मुर्मू

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि धर्म की आधारशिला पर संपूर्ण मानवता टिकी हुई है और यह गर्व का विषय है कि भारत की परंपरा, सामाजिक व्यवस्था और राजनीतिक गतिविधियों में प्राचीन काल से ही धर्म का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि कई आध्यात्मिक परंपराएं भारत में उत्पन्न हुई हैं और दुनिया भर में फल-फूल रही है। भारतीय आध्यात्मिकता के महान बरगद के पेड़ की जड़ें देश में हैं और इसकी शाखाएं पूरे विश्व में फैली हुई हैं। मानवीय पीड़ा के कारण को समझना और उस पीड़ा से छुटकारा पाने का रास्ता दिखाना पूर्वी मानवतावाद की विशेषता है जो आज के युग में और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। राष्ट्रपति सांची यूनिवर्सिटी ऑफ़ बुद्धिस्ट-इंडिक स्टडीज के सहयोग से इंडिया फाउंडेशन द्वारा यहां आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद बोल रही थीं।




भोपाल में एअरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते हुए मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।

## कप्तान मोदी अपने गेंदबाज़ों को निश्चित स्वतंत्रता देते हैः जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना क्रिकेट टीम के कप्तान से करते हुए शुक्रवार कहा कि वह अपने गेंदबाज़ों से विकेट लेने की अपेक्षा करते हुए उन्हें अपने हिसाब से काम करने की आजादी देते हैं। जयशंकर ने कहा कि उनमें (मोदी में) मुश्किल फैसले करने का माद्दा है और यह तब दिखा जब भारत ने कोविड के प्रकोप के बाद लॉकडाउन लगाने के फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह तब भी दिखा था जब टीके के उत्पादन को बढ़ाया गया, टीकाकरण अभियान को शुरू किया गया और उन देशों की मदद की गई जिन्हें टीके की जरूरत थी। जयशंकर ने रायसीना डायलॉग में एक सत्र के दौरान ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टॉनी ब्लेयर और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन के साथ बातचीत के दौरान कहा, कप्तान मोदी के साथ नेट पर काफी अभ्यास करना होता है। अभ्यास, सुबह छह बजे शुरू हो जाता है और देर रात तक जारी रहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि कप्तान मोदी किसी खास स्थिति से निपटने के लिए अपने सहयोगियों को निश्चित आज़ादी देते हैं और उनपर यकीन करते हैं। उन्होंने कहा, अगर आपके पास कोई विशेष गेंदबाज़ है जिस पर आपको भरोसा है या आपने प्रदर्शन करते हुए उसे देखा है, तो आप उन्हें आज़ादी देते हैं। आप सही समय पर गेंद उन्हें देते हैं। आप उस विशेष स्थिति से निपटने के लिए उन पर भरोसा करते हैं। जयशंकर ने कहा, इस संदर्भ में, कप्तान मोदी अपने गेंदबाज़ों को निश्चित स्वतंत्रता देते हैं। उन्होंने अगर आपको यह करने का मौका दिया है तो वह आपसे विकेट लेने की अपेक्षा रखते हैं।

## राजनाथ ने इजराइली रक्षा मंत्री से अहम रक्षा परियोजनाओं पर चर्चा की

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को अपने इजराइली समकक्ष मेजर जनरल योआव गैलेंट से बात की और सैन्य उपकरणों के सह-निर्माण से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की। गैलेंट के इज़राइल के रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद सिंह ने उनसे पहली बार बातचीत की है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह ने आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण और घरेलू उत्पादन के लिए सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित किया। मंत्रालय के मुताबिक, उन्होंने भारत में मजबूत और विश्व स्तरीय रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) के विकास में इजराइली उद्योगों के सहयोग का उल्लेख किया। सिंह ने सहयोग के संबंधित क्षेत्रों, खासकर आला प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारतीयों कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यमों में निवेश को गहरा करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। सिंह ने ट्विटर पर कहा, इजराइल के रक्षा मंत्री, मेजर जनरल योआव गैलेंट के साथ बात करके खुशी हुई। भारत इजराइल के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने की दिशा में उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। सूत्रों ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने सैन्य उपकरणों के सह-विकास से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की।

## नगालैंड मे पहली बार दो महिलाओ का विधानसभा पहुंचना उल्लेखनीय उपलब्धिः प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नगालैंड में चुनाव जीतकर पहली बार दो महिलाओं के विधानसभा पहुंचने को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और शुक्रवार को कहा कि यह जीवंत नगा संस्कृति के अनुरूप प्रोत्साहित करने वाला ट्रेंड है। ज्ञात हो कि दीमापुर-तीन सीट से नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपीपी) की उम्मीदवार हेकानी जाखलू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) (लोजपा-रामविलास) के अजेतो जिमोमी को 1,536 मतों के अंतर से हराया। इसी प्रकार, एनडीपीपी की सलहौतुओनुओ क्रूस ने पश्चिमी अंगामी सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और निर्दलीय उम्मीवार के नाखरों को महज सात मतों से पराजित किया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। दोनों नवनिर्वाचित विधायकों को विशेष रूप से बधाई। पिछले साल, भाजपा ने राज्यसभा के लिए एस फान्गनॉन कोन्याक को नामित करके इतिहास रच दिया था और वह नगालैंड से पहली महिला राज्यसभा सदस्य बन गईं। यह जीवंत नगा संस्कृति के अनुरूप एक प्रोत्साहित करने वाला ट्रेंड है।

## लाल आंख दिखाने की बजाय चीनी विदेश मंत्री के लिए लाल कालीन बिछाई गईः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति बदलने को लेकर चीन को लाल आंख दिखाने की बजाय चीन के विदेश मंत्री के लिए लाल कालीन बिछाई गई। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने चीनी विदेश मंत्री चिन गांग के भारत दौरे की पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। चीन के विदेश मंत्री चिन गांग जी-20 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचे थे। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री मोदी का चीन के लिए ए एकतरफा प्यार है। बात लाल आंख की थी, लेकिन हमने कल देखा कि कैसे चीन के विदेश मंत्री के लिए लाल कालीन बिछाई गई। प्रधानमंत्री ने यह सब किया।

## क्विक न्यूज

### बारामूला में पाक स्थित टीआरएफ आतंकवादी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** पाकिस्तान में बैठकर आतंकी गतिविधियों को संचालित कर रहे आतंकवादियों के खिलाफ जारी कार्वाई के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकी बासित अहमद रेशी की एक संपत्ति शुक्रवार को कुर्क कर ली। यह कार्वाई बृहस्पतिवार को अल-उमर मुजाहिदीन के संस्थापक एवं स्वयंभू मुख्य कमांडर मुश्ताक जरगर उर्फ लत्राम की श्रीनगर स्थित संपत्ति सील करने के बाद की गई है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत सूचीबद्ध आतंकवादी रेशी अवैध तरीके से पाकिस्तान जाने के बाद से भारत-विरोधी गतिविधियां संचालित कर रहा है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि उसे कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों और कृत्यों के लिए धन मुहैया कराते हुए पाया गया है। अधिकारी ने बताया कि रेशी 2015 में आतंकवादी बन गया था और सोपोर में एक पुलिस चौकी पर हमले की योजना बनाने एवं उसे अंजाम देने में शामिल था। इस हमले में एक कांस्टेबल की मौत हो गई थी और कुछ अन्य घायल हो गए थे।

### प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी मामला : न्यायालय ने पवन खेड़ा की अंतरिम जमानत को 17 मार्च तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अंतरिम जमानत की अवधि शुक्रवार को 17 मार्च तक बढ़ा दी। मामले में असम पुलिस ने खेड़ा को गिरफ्तार किया था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने समयाभाव के कारण सुनवाई को 17 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और असम के जवाब रिकॉर्ड मे नही है और वह याचिका पर होली की छुट्टी के बाद सुनवाई करेगी। असम सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि राज्य ने खेड़ा की याचिका पर जवाब दाखिल कर दिया है और जब भी अदालत इसे सुनवाई योग्य समझेगी, वह मामले पर बहस करना चाहेंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि खेड़ा को दी गई अंतरिम जमानत को 17 मार्च तक बढ़ा दिया गया है।

### राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश में प्रथम : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि आज ग्लोबल वॉर्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विश्व गंभीर है, जिससे अक्षय ऊर्जा स्रोतो का महत्व बढ़ा है। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की निवेश के अनुकूल नीतियो से राजस्थान आज अक्षय ऊर्जा क्षेत्र मे देश मे प्रथम स्थान पर है। उन्होने कहा कि निवेशक राज्य में सौर ऊर्जा के साथ पवन ऊर्जा, हाईब्रिड संयंत्र और ग्रीन हाईड्रोजन परियोजनाएं स्थापित करने के लिए आगे आ रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अक्षय ऊर्जा संयंत्रो के लिए जरूरी उपकरणो का निर्माण राजस्थान में ही करवाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार का भी सृजन हो।

### महिलाओं को सशक्तिकरण की जरूरत नहीं, खुद को पहचानने की आवश्यकता : साध्वी भगवती

**नई दिल्ली।** महिलाओ को सशक्तिकरण की जरूरत नही है बल्कि उनके भीतर दैवीय शक्ति है और इसके आत्म परिचय की आवश्यकता है। ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती ने उद्यमी महिलाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार साध्वी भगवती की संस्था फिक्की फ्लो द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे उद्यमी महिलाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि शरीर का आकार, त्वचा के रंग से आत्म परिचय नही हो सकता बल्कि अपने मन और हृदय की अंतर्यात्रा करके इसे पहचानना है। साध्वी भगवती ने कहा, हमारी दादी और मां के जमाने मे महिलाओं की पहचान के पैमाने अलग थे जबकि अब हमारी पीढ़ी की महिलाएं, उनकी बेटियां और नातिनें अपनी पहचान शरीर के आकार, रंग, कपड़ों, सौंदर्य और अन्य बाहरी तत्वों से करने लगी है।

### एक अप्रैल से पुरानी पेंशन योजना लागू करने को मंजूरी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य मे एक अप्रैल से पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का फैसला शुक्रवार को किया। सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई हिमाचल प्रदेश कैबिनेट की बैठक मे ओपीएस लागू करने को मंजूरी दी गई और इससे राज्य सरकार पर1,000 करोड़ रुपए का वित्तीय बोझ बढ़ेगा। कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश लोकतंत्र प्रहरी सम्मान अधिनियम, 2021 और हिमाचल प्रदेश लोकतंत्र प्रहरी सम्मान नियम, 2022 को समाप्त करने को भी मंजूरी दी। इसके तहत आपातकाल के दौरान जेल जाने वालो को 11 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन दिया जाता था।

## प्रेमजी विवि प्रवेश प्रक्रिया 9 मार्च से

**नई दिल्ली।** अजीम प्रेमजी विवि, बेंगलुरु ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप संरचित अपने नए चार-वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा की है। इससे सामाजिक रूप से सजग, आत्म-शिक्षण में सक्षम, जागरूक और चिंतनशील युवा नागरिकों को तैयार करना और उन्हें प्रोत्साहन देना है। प्रबल मुख्य या मेजर विषय, गहन इंटर्नशिप के साथ व्यावसायिक तैयारी पर केंद्रित एक अंतःविषय घटक, दुनिया के साथ मिलजुल कर प्रभावी ढंग से कार्य करने एवं क्षमताओं को विकसित करने के लिए डिज़ाइन किए गए मूलभूत पाठ्यक्रमों का एक सेट और लचीले क्रेडिट की एक पूरी श्रृंखला है, जिससे छात्रों को अपनी रुचियों की व्यापक पड़ताल का अवसर मिल सकें। 2023 प्रवेश प्रक्रिया दूसरा दौर आवेदन की आखिरी तारीख 9 मार्च, 2023। राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 9 अप्रैल, व्यक्तिगत साक्षात्कार अप्रैल-मई में होगा। कक्षाएं जुलाई के अंत में प्रारंभ होंगी। तारीखों में बदलाव भी हो सकते हैं।

## विधिमंडल को चोरमंडल बताने संबंधी बयान के बाद गठित विशेषाधिकार समिति ने पहली बैठक

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा की नवगठित 28 सदस्यीय विशेषाधिकार समिति की पहली बैठक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राहुल कुल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत द्वारा विधिमंडल (राज्य विधानमंडल) को कथित रूप से चोर मंडल बताए जाने को लेकर हुए हंगामे के बाद विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बुधवार को भाजपा विधायक कुल की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक एवं समिति के सदस्य नितिन राउत ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बैठक में हालांकि राउत से जुड़ा मुद्दा नहीं उठा। यह मुद्दा फिलहाल समिति के एजेंडा में नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर आठ मार्च को घोषणा करेंगे कि समिति को नोटिस भेजी जाएगी, या नहीं। विशेषाधिकार समिति की अगली बैठक नौ मार्च को होनी है।

## मुजफ्फरनगर दंगों के मामले में अदालत में पेश हुए केंद्रीय मंत्री बालियान

**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश की स्थानीय सांसद-विधायक अदालत में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के दौरान निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने और साम्प्रदायिक तनाव भड़काने के मामले में पेश हुए। विशेष न्यायाधीश मयंक जायसवाल की अदालत ने मामले में आपत्तियों की सुनवाई के लिए 14 मार्च की तारीख मुकर्र की है। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व भाजपा सांसद भारतेंदु सिंह, साध्वी प्राची, पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक और अन्य सहित ग्यारह लोगों के खिलाफ कथित रूप से निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाया गया है और ए लोग मुकदमें का सामना कर रहे हैं।



मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान मन्दिर में लठमार होली खेलते हुए कलाकार।

## पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की हैः न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने कहा है कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ की भाजपा नीत पूर्ववर्ती रमन सिंह सरकार में प्रधान सचिव रहे अमन कुमार सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए उक्त टिप्पणी की। शीर्ष अदालत के इस फैसले के साथ ही सिंह और उनकी पत्नी यासमीन सिंह के खिलाफ मुकदमा चलने का रास्ता साफ हो गया है।

न्यायालय ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाएं कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई भी करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में धन का समान वितरण कर भारत में लोगों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, जिसे पूरा करने में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में राज्य के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करते हुए कहा था कि मामला दर्ज करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग था और आरोप प्रथम दृष्टया संभावनाओं पर आधारित थे। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की है। भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी सिंह छत्तीसगढ़ की रमन सिंह नीत भाजपा सरकार में काफी रसूख वाले नौकरशाह थे और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में काम कर रहे थे।

बाद में, नवंबर 2022 में वह कॉरपोरेट कस्टोडियन एंड कॉरपोरेट अफेयर्स प्रमुख के रूप में अडाणी समूह से जुड़े। बाद में जब अडाणी समूह ने समाचार चैनल एनडीटीवी को खरीदा तो सिंह चैनल के बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किए गए। उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करने के बाद पीठ ने टिप्पणी की, संविधान के प्रस्तावना में, भारत के लोगों के बीच धन का समान वितरण करके सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, लेकिन यह अभी तक दूर का सपना है। भ्रष्टाचार यदि प्रगति हासिल करने में मुख्य बाधा नहीं भी है, तो निस्संदेह एक बड़ी बाधा जरूर है।

## अपने ब्लॉग पर संपत्ति की घोषणा करने वाले न्यायमूर्ति शैलेंद्र का निधन

**बेंगलुरु।** अपनी संपत्ति की घोषणा एक ब्लॉग पर करने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वी शैलेंद्र कुमार का शुक्रवार को यहां निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। वह वृद्धावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा हैं, जो नई दिल्ली में वकालत के पेशे में है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, न्यायमूर्ति शैलेंद्र कुमार ने खुद की और अपनी पत्नी की निजी संपत्ति की घोषणा एक व्यक्तिगत ब्लॉग पर की थी। इसके बाद, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश के. जी. बालाकृष्णन ने न्यायमूर्ति कुमार की आलोचना की थी, जिन्होंने उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संपत्ति की घोषणा का विरोध किया था।

## बच्चों की तस्वीरें साझा करने पर संजय राउत, राघव चड्ढा के खिलाफ एनसीपीसीआर ने लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर कथित रूप से नाबालिग की तस्वीर ट्विटर पर साझा करने को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा तथा आतिशी के खिलाफ जांच और आवश्यक कार्वाई करने के लिए पत्र लिखा है। आयोग ने आरोप लगाया कि राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ए तस्वीरें साझा की गईं। पत्र के मुताबिक, आयोग ने यह भी पाया कि नेताओं द्वारा कथित रूप से तस्वीर साझा करने का उद्देश्य मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी जांच से ध्यान भटकाना था।

## केन्द्र चुनावों में वोट पाने के लिए कश्मीर के मौजूदा हालात बनाए रखना चाहता हैः महबूबा

भाषा। श्रीनगर

**पीडीपी** प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर के मौजूदा हालात को बनाए रखना चाहता है ताकि वह चुनावों में वोट हासिल कर सके। मुफ्ती ने यह टिप्पणी जम्मू कश्मीर सरकार की ओर से तीन कर्मचारियों की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में बर्खास्त करने एवं आतंकवादियों की संपत्तियों को कुर्क करने के मद्देनजर की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर कहा, आतंकवाद से लड़ने के नाम पर सरकारी कर्मचारियों को मनमाने तरीके से बर्खास्त किया गया है और परिवारों को कानूनी उपायों का सहारा लेने का मौका दिए बिना ही घरों को कुर्क कर लिया गया है। यह बेगुनाह परिवारों को सामूहिक दंड है और उनकी जिंदगियों को खत्म करना है। सख्त नीति देश में भाजपा के वोट बैंक को तो रिझा सकती है लेकिन यह न सिर्फ जम्मू कश्मीर में जिंदगियों को उजाड़ेगी बल्कि यहां के लोगों में देश के बाकी हिस्सों से दूर होने की भावना पैदा करेगी।

### महबूबा मुफ्ती को पासपोर्ट जारी करने पर तीन महीने में फैसला करेंः दिल्ली उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पासपोर्ट प्राधिकरण से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को नया यात्रा दस्तावेज जारी करने पर तीन महीने के भीतर फैसला लेने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने कहा कि यह मुद्दा दो साल से लंबित है और अस्वीकृति के खिलाफ एक अपील के बाद अब इसे पुनर्विचार के लिए संबंधित पासपोर्ट अधिकारी को भेज दिया गया है। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा, यह देखते हुए कि मामला पासपोर्ट अधिकारी को वापस भेज दिया गया है और प्रारंभिक अस्वीकृति दो साल पहले हुई थी, संबंधित पासपोर्ट अधिकारी को शीघ्रता से और किसी भी स्थिति में तीन महीने के भीतर निर्णय लेने दें। अदालत का यह आदेश मुफ्ती की उस याचिका पर आया है, जिसमें उन्होंने नया पासपोर्ट जारी करने के संबंध में उनकी अपील पर अधिकारियों को जल्द निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की थी। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने याचिका में कहा कि कई बार स्मरण-पत्र भेजे जाने के बावजूद उन्हें नया पासपोर्ट जारी करने में काफी देरी हुई। उनकी अपील पर कोई फैसला नहीं लिया जा रहा है। केंद्र सरकार के वकील ने अदालत को सूचित किया कि दो मार्च को अपील पर एक आदेश पारित किया गया था और मामला नए सिरे से विचार के लिए जम्मू-कश्मीर में पासपोर्ट अधिकारी को भेजा गया है।

# कंगारुओं के पंजे में आए भारतीय शेर

- तीसरे टेस्ट में भारत को नौ विकेट से रौंदा
- ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**भाषा** । इंदौर

**ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर**-गावस्कर श्रृंखला के तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को यहां तीन दिन के अंदर भारत को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की श्रृंखला में वापसी की और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली।ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 76 रने के लक्ष्य को एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के बाद भी ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में।–2 से पीछे है। ट्रेविस हेड (नाबाद 49) और मार्नस लाबुशेन (नाबाद 28) ने पारी की शुरुआती ओवरों में मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद 18.5 ओवरों में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। भारत में जीत मेहमान टीमों के लिए दुर्लभ होती है और ऑस्ट्रेलिया के लिए भी यह अलग नहीं था, जिसने छह साल में भारतीय धरती पर अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के लिए पिछले 10 वर्षों में यह केवल तीसरी हार है। टीम को नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट से पहले अपनी योजनाओं पर फिर से काम करने की आवश्यकता होगी। श्रृंखला में इस्तेमाल हुई पिचों की भी तीखी आलोचना हुई है और यह देखाना दिलचस्प होगा कि क्या भारत स्पिन के अनुकूल पिचों की प्राथमिकता को जारी रखेगा क्योंकि घरेलू टीम के बल्लेबाज भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए बुरी तरह संघर्ष करते दिखे हैं। भारत अपनी दो पारियों में केवल 109 और 163 रन ही बना सका। ऑस्ट्रेलिया टीम जिस तरह से नागपुर और दिल्ली की दूसरी पारी लड़खडाई थी उससे लग रहा था कि शुक्रवार को पहले सत्र में कुछ भी हो सकता है। जीत के लिए 76 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को रविचंद्रन अश्विन ने दिन की दूसरी गेंद पर उस्मान ख्वाजा को कैच आउट कराकर चमत्कार की उम्मीद जगाई। अश्विन की यह गेंद तेजी से टर्न लेते हुए ख्वाजा के बल्ले का किनारा लेते हुई विकेट कीपर कोना भरत के दस्तानों में चली गई। स्कोर बोर्ड पर बिना किसी रन के पहला विकेट गंवाने के बाद टीम दबाव में थी लेकिन लाबुशेन ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर चौका लगाकर दबाव कम किया। हेड और लाबुशेन को आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है लेकिन दोनों ने बिना कोई जोखिम लिए शुरुआती 10 ओवर में सिर्फ 13 रन बनाए। पारी के 10वें ओवर में गेंद बदलने के बाद मैच का रूख ऑस्ट्रेलिया की ओर मुड़ गया। अश्विन इस गेंद से संतुष्ट नहीं थे और हेड ने उनके ओवर में चौका और छक्का जड़कर अपने इरादे जात दिए। हेड और लाबुशेन ने इसके बाद जडेजा के खिलाफ चौके लगाए और फिर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ बन गई। लाबुशेन ने चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलाई।



### टीम ने परिस्थितियों से डटकर सामना नहीं किया: रोहित

इंदौर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नौ विकेट की शिकस्त को एक असामान्य मैच करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम ने जज्बा और संघर्ष करने की क्षमता का प्रदर्शन नहीं किया। श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ने और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने यहां के होल्कर स्टेडियम में स्पिनरों की मददगार पिच पर यादगार जीत दर्ज करने के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, जब आप चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेल रहे होते है तो एक ही जगह पर गेंदबाजी कर आप दबाव बना सकते है। हमने उनके गेंदबाजो को एक जगह गेंदबाजी करने दी। उनके गेंदबाजो को भी श्रेय मिलना चाहिए, खासकर नाथन लियोन को। हमें कोशिश करनी थी और जज्बा दिखाना था लेकिन मुझे लगता है कि हम ऐसा नही कर सके। लियोन ने दूसरी पारी में 64 रन देकर आठ विकेट चटकाए और ऑस्ट्रेलिया के लिए जीत का मार्ग प्रशस्त किया। आपको एक असामान्य नतीजे वाला मैच मिल सकता है जहां चीजे आपके मुताबिक नही होती है। लेकिन फिर भी आपको खिलाड़ियों को एकजुट कर हौसला बढ़ाने की जरूरत होती है।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी:** 109,ऑस्ट्रेलिया पहली पारी: 197,भारत दूसरी पारी: 163,ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी:उस्मान का भरत बो अश्विन 00, हेड नाबाद 49,लाबुशेन नाबाद 28,**अतिरिक्त:** (लेग बाई:01) 01,**कुल योग** : (18.5 ओवर में एक विकेट पर) 78 रन,विकेट पतन:।-0,**गेंदबाजी:** अश्विन 9.5-3-44-।,जडेजा 7-।-23-0,उमेश 2-0-10-0

### भारतीय बल्लेबाजों ने खुद पर पिच को हावी होने दिया : गावस्कर



इंदौर। महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में खराब प्रदर्शन के लिए भारतीय बल्लेबाजों की जमकर आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके दिमाग में पिच हावी रही। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, बल्लेबाजों ने वास्तव में अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं किया। अगर आप भारतीय विकेट पतन को देखेंगे तो आप पाएंगे कि भारतीय बल्लेबाजों ने अपनी गलती से विकेट गंवाए। वे कुछ ऐसे शॉट खेल रहे थे जिससे लग रहा था कि उन्होंने पहले से अनुमान लगा लिया हो कि पिच से गेंद किस तरह से आएगी। अगर आप देखें तो भारतीय बल्लेबाजी में आत्मविश्वास की कमी रही है क्योंकि रोहित शर्मा के अलावा पहले दो मैचों में उन्होंने रन नहीं बनाए है। रोहित ने नागपुर में शानदार शतक जड़ा था। जब आपके खाते में कम रन होते है, तो बल्लेबाजी में थोड़ी अस्थिरता होती है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल: अगर मगर के फेर से बचने के लिए भारत को जीतना होगा चौथा टेस्ट मैच

**भाषा** । नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया के** खिलाफ इंदौर टेस्ट में नौ विकेट की करारी शिकस्त झेलने के बाद भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में स्वत: जगह बनाने के लिए नौ मार्च से अहमदाबाद में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच को जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में जीत के साथ ही डब्ल्यूटीसी फाइनल का टिकट पक्का कर लिया जहां उसके सामने भारत या श्रीलंका की चुनौती होगी। भारतीय टीम बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच में अगर ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है तो वह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। इस मुकाबले में अगर भारत को शिकस्त मिली या मैच डॉ या टाई पर छूटा तो उसे फाइनल के टिकट के लिए श्रीलंका के न्यूजीलैंड दौरे पर खेलने जाने वाले दो टेस्ट मैचों के परिणाम का इंतजार करना होगा। भारतीय टीम अगर इस मैच को जीतने में विफल रहती है और श्रीलंका न्यूजीलैंड को 2–0 से हरा दे तो वह फाइनल में पहुंच जाएगा। ऑस्ट्रेलिया 68.52 प्रतिशत अंकों (पीसीटी) के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में सबसे ऊपर है। प्रतिशत अंकों की गणना किसी टीम द्वारा अर्जित अंकों को कुल अंक के आधार पर किया जाता है। इसमें टीम को जीत के लिए 12 अंक, ड्रॉ के लिए चार और टाई होने की स्थिति में छह अंक मिलते है। मौजूदा चक्र में ऑस्ट्रेलिया के 18 मैचों में 11 जीत और चार ड्रॉ के आधार पर 148 अंक हैं। इससे उसका पीसीटी 68.52 का है। भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में हारने के बाद भी टीम तालिका में शीर्ष पर रहेगी। भारत अब तक 17 टेस्ट (10 जीत और 2 ड्रॉ) से 123 अंक हासिल कर चुका है। उसका पीसीटी 60.29 है। धीमी ओवर गति के कारण इस चक्र के दौरान भारत ने कुछ अंक गंवाए हैं। अगर भारत आखिरी टेस्ट जीतता है, तो उसका पीसीटी 62.5 हो जाएगा। इससे टीम दूसरा स्थान पक्का कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी। इसमें हार के बाद टीम का पीसीटी 56.94, ड्रॉ के बाद 58.79 और टाइ के बाद 59.72 रह जाएगा और ऐसे में उसे श्रीलंका के मैचों के नतीजे का इंतजार करना होगा। श्रीलंका का वर्तमान पीसीटी संभावित 120 (10 टेस्ट) से 64 अंकों के साथ 53.33 है।




### प्रणवी, रिधिमा ने जोबर्ग लेडीज ओपन में कट मे प्रवेश किया

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और रिद्धिमा दिलावरी ने तीन लाख यूरो (लगभग 2.62 करोड़ रुपए) जोबर्ग लेडीज ओपन के कट में जगह हासिल करने में सफल रही। रिद्धिमा ने सनशाइन लेडीज टूर पर पाँच टूर्नामेंट मे से चौथे में कट हासिल किया। वह दो दौर के बाद इवन पार स्कोर के साथ संयुक्त-29वें स्थान पर है। प्रणवी उनसे बेहतर प्रदर्शन कर एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर है।

### धोनी ने कहा कि वह मेरी कमेंट्री का लुत्फ उठाते हैं : कार्तिक

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने दिनेश कार्तिक ने कहा कि विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उनकी कमेंट्री का काफी लुत्फ उठाते है। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला में फिलहाल कामेंट्री कर रहे 37 वर्षीय कार्तिक आगामी आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) मे मैदान पर आरसीबी का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखेंगे। कार्तिक ने आरसीबी पॉडकास्टर पर कहा कि धोनी से मिले तारीफ के एक-एक शब्दो ने उनके लिए कमेंट्री को और खास बना दिया।

### खेला, संयुक्त नौंवे स्थान पर

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने यहां जोबर्ग लेडीज ओपन के तीसरे दौर मे चार अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से नौवे स्थान पर चल रही है और अब उनकी निगाहे लेडीज यूरोपीय टूर मे पहला शीर्ष 10 स्थान हासिल करने पर लगी है। दक्षिण अफ्रीका के सनशाइन लेडीज टूर मे पिछले हफ्ते पहला कट हासिल करने वाली 19 साल की प्रणवी का 54 होल मे कुल स्कोर पांच अंडर 214 का है।

### इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 132 रन से हराकर श्रृंखला जीती

**मीरपुर।** सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के 12वे वनडे शतक की मदद से इंग्लैड ने शुक्रवार को यहां दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मे बांग्लादेश को 132 रन से हराकर तीन मैचो की श्रृंखला मे 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का अंतिम मैच सोमवार को चटगांव मे खेला जाएगा। रॉय ने 124 गेंद का सामना करते हुए 18 चौके और एक छक्के से 132 रन की पारी खेली जिससे इंग्लैड ने सात विकेट पर 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

### दुबई चैम्पियनशिप: जोकोविच के सामने मेदवेदेव की चुनौती

**दुबई।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे ह्यूबर्ट हर्कज को 6-3 7-5 से हराकर छठी बार इस खिताब को जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। लगातार 20वी जीत दर्ज करने वाले जोकोविच के सामने सेमीफाइनल में पूर्व नंबर एक डेनियल मेदवेदेव की चुनौती होगी।

### बंदूकधारियों ने मेस्सी को दी धमकी, सुपरमार्केट में गोलीबारी

**ब्यूनस आयर्स।** बंदूकधारियो ने अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी को एक लिखित संदेश मे धमकी देने के साथ उनके परिवार से जुड़े एक सुपरमार्केट मे गोलियां चलाई। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। गुरुवार की सुबह के हमले मे हालांकि किसी को कोई चोट नही आई है। यह स्पष्ट नही था कि हमलावरो ने देश के तीसरे सबसे बड़े शहर रोसारियो मे यूनिको सुपरमार्केट को क्यो निशाना बनाया। यह सुपरमार्केट उनकी पत्नी एंटोनेला रोकुज्जो के परिवार के स्वामित्व मे है।

## पिचों से नतीजे मिल रहे है तो बदलाव क्यों : रोहित



**भाषा** । इंदौर

**रोहित शर्मा** ने भारत में स्पिनरों की मददगार पिचों की वकालत करते हुए कहा कि ऐसी पिच टीम की ताकत है और संघर्ष कर रहे बल्लेबाजों को इस पर रन बनाने का तरीका ढूंढना होगा। होल्कर स्टेडियम में तीसरे दिन के पहले सत्र में ऑस्ट्रेलिया से नौ विकेट की करारी शिकस्त झेलने के बाद रोहित ने कहा कि नौ मार्च से अहमदाबाद में अंतिम टेस्ट में टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर खेलना चाहेगी। रोहित ने तर्क दिया कि उनकी टीम ने ऐसी पिचों पर लगातार 15 श्रृंखला में जीत दर्ज की है। हम आमतौर पर श्रृंखला से पहले तय करते हैं कि किस तरह की पिचों पर खेलना चाहेंगे। ऐसी पिचों पर खेलना हमारा फैसला था। मुझे नहीं लगता कि हम बल्लेबाजों पर दबाव बना रहे हैं। जब हम जीतते हैं तो सब अच्छा लगता है। हमसे हमारी बल्लेबाजी के बारे में नहीं पूछा जाता। भारतीय कप्तान ने कहा, जब हम हारते हैं तो इस बारे में बात की जाती है। हमने इस तरह की पिचों पर खेलने का फैसला किया है, और हम जानते हैं कि हमें चुनौती दी जा सकती है, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। ईमानदारी से कहूं तो पिच को लेकर बहुत ज्यादा बात हो रही है। जब हम भारत में खेलते हैं तो ध्यान केवल पिच पर होता है। मुझे नहीं लगता कि यह आवश्यक है। इससे पहले नागपुर और दिल्ली की पिच ने भी काफी ध्यान आकर्षित किया था।

### आईसीसी ने इंदौर पिच को खराब करार दिया, तीन डिमैरिट अंक मिले

**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बॉर्डर गावस्कर ट्राफी टेस्ट मैच के लिए इस्तेमाल की गई होलकर स्टेडियम की पिच को खराब करार दिया जिसमे आस्ट्रेलिया ने भारत को तीसरे दिन नौ विकेट से शिकस्त दी। इस खराब रेटिंग से इंदौर को तीन डिमैरिट अंक भी मिले और ए अंक पांच साल के लिए सक्रिय रहेगे। भारतीय टीम दोनों पारियों में 109 और 163 रन के स्कोर पर सिमट गई थी जबकि आस्ट्रेलिया ने पहली पारी मे 197 रन बनाए और फिर तीसरे दिन सुबह उसने 76 रन के लक्ष्य का पीछा कर जीत हासिल की। आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार,



आईसीसी मैच रैफरी क्रिस ब्रॉड ने अपनी रिपोर्ट आईसीसी को सौंप दी जिसमे उन्होंने मैच अधिकारियों और दोनों टीमों के कप्तानों से बात करने के बाद उनकी चिंताएं व्यक्त की। इस आकलन के बाद स्थल को तीन डिमैरिट अंक दिए गए। इस रिपोर्ट को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को भेज दिया गया है जिसके पास इसके खिलाफ अपील करने के लिए 14 दिन का समय है। ब्रॉड ने कहा, पिच बहुत सूखी थी, इसने बल्ले और गेंद के बीच कोई संतुलन नही मुहैया कराया और इस पर शुरू से ही स्पिनरो को मदद मिल रही थी। मैच की पांचवी गेंद पिच की सतह से टूट गई और इसने कभी कभार पिच की सतह को भी तोड़ना जारी रखा जिस पर जरा भी या कोई भी सीम मूवमेंट नही मिल रहा था और पूरे मैच के दौरान अत्यधिक और असमान उछाल रहा। भारत ने पहले ही सत्र मे सात विकेट गंवा दिए थे क्योकि गेंद शुरूआती आधे घंटे के दौरान स्क्वायर टर्न ले रही थी।

### एमपीसीए अध्यक्ष बोले, टेस्ट मैच का नतीजा दिया

**इंदौर।** मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के एक शीर्ष पदाधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के लिए इस्तेमाल होलकर स्टेडियम की पिच ने इस मुकाबले का नतीजा दिया है और यह पिच भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के क्यूरेटरो के निर्देशो के मुताबिक ही तैयार की गई थी। एमपीसीए अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा इस पिच को खराब करार दिए जाने के बाद बयान दिया। फिरकी गेंद के घातक वार से बल्लेबाजो की कब्रगाह साबित हुई इस पिच पर मेजबान भारत को टेस्ट मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के हाथों नौ विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।

### भारत में कप्तानी करना शतरंज की तरह, हर गेंद के कुछ मायने : स्मिथ

**इंदौर।** पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में भारत के खिलाफ यहां ऑस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलाने वाले कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि उन्हें इस देश में अपनी टीम का नेतृत्व करना पसंद है क्योंकि हर गेंद पर कुछ होने की संभावना रहती है जिससे स्थिति शतरंज के खेल की तरह होती है। उन्होंने कहा कि वह पांच दिनों तक सपाट पिचों की जगह इस दौरे पर अब तक मिली स्पिनरों की मदद वाली पिच पर खेलना पसंद करेंगे।

## थोड़ी आत्ममुग्धता और अति-आत्मविश्वास से हारे : शास्त्री

**भाषा** । इंदौर



पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि मेजबान टीम के बल्लेबाजों को आत्ममुग्धता और अति आत्मविश्वास का खामियाजा भुगतना पड़ा जो तीसरे टेस्ट में यहां ऐसे विकेट पर आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबदबा बनाने के अति आतुर थे जिस पर गेंद काफी टर्न ले रही थी और उस पर पहली सुबह से ही असमान उछाल था। आस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में भारत को नौ विकेट से मात दी जो दो दिन के बाद तीसरी सुबह जल्दी खत्म हो गया। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, थोड़ी सी आत्ममुग्धता और थोड़ा सा अति आत्मविश्वास देखिए क्या कर सकता है जिसमें आप चीजों को हल्के में लेने लगते हो, आप सतर्क नहीं रहते और यह मैच आपको नीचे ले आएगा। मुझे लगता है कि यह (हार) इन सभी चीजों का समन्वय था। जब आप पहली पारी को देखोगे तो जरा उनके द्वारा खेले गए कुछ शॉट को देखो, इस तरह की परिस्थितियों में दबदबा बनाने की कोशिश करने की अति उत्सुकता देखिए। इसका आकलन करने के लिए एक या दो कदम पीछे रखकर देखिए। पूर्व आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने भी भारतीय बल्लेबाजों की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि वे टीम में अपने स्थान बचाने के लिए खेल रहे थे। टीम में भी बदलाव हुआ। केएल राहुल को अंतिम एकादश से बाहर किया गया। इस तरह की कुछ चीजें थोड़ी अस्थिरता भरी होती हैं, खिलाड़ी अपना स्थान बचाने के लिए खेल रहे थे और ए मौके अलग तरह की मानसिकता बना सकते हैं। भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी तीसरे टेस्ट में लचर प्रदर्शन के लिए भारतीय बल्लेबाजों की आलोचना की और कहा कि पिच उनके दिमाग पर हावी रही। हेडन ने आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड की प्रशंसा की जिन्होंने नाबाद 49 रन की पारी खेली। 51 वर्षीय हेडन ने कहा, जब आप जज्बा और इरादा दिखाते हो तो इसके बाद जो होता है, वो शानदार होता है। यह काफी अच्छी बल्लेबाजी थी। ट्रेविस हेड के बारे में यह कहा जा सकता है। उन्हें पहले टेस्ट से बाहर कर दिया गया था लेकिन दूसरे टेस्ट में उन्होंने आक्रामकता दिखाई जिसके लिए आस्ट्रेलियाई मशहूर हैं। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर ने भी हेड की प्रशंसा की जिन्होंने भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा बनाया।

### आस्ट्रेलिया की जीत में अहम रहा भारत को पहली पारी में समेटना : चैपल

**इंदौर।** पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि तीसरे टेस्ट में यहां पहले दिन भारत को टर्न और असमान उछाल लेती पिच पर पहली पारी मे सस्ते मे निपटाना आस्ट्रेलिया के भाग्य पलटने मे अहम साबित हुआ। भारतीय टीम तीसरे टेस्ट की दोनों पारियों में 109 और 163 रन पर सिमट गई जिससे आस्ट्रेलिया ने नौ विकेट की जीत से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। आस्ट्रेलिया ने नागपुर और दिल्ली में शुरूआती दो टेस्ट तीन दिन के अंदर गंवा दिए थे। महान क्रिकेटर चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, अहम चीज भारत को पहली पारी मे सस्ते मे समेटना रही। आस्ट्रेलिया ने ऐसा करके खुद को अच्छी बढ़त हासिल करने का मौका दिया। यह ज्यादा बड़ी बढ़त नही थी लेकिन इस पिच पर यह अच्छी थी और उपयोगी साबित हुई। फिर दूसरी पारी मे उन्हें इतने कम स्कोर के लक्ष्य का पीछा करना पड़ा, हालांकि आस्ट्रेलिया ने एक शुरूआती विकेट गंवा दिया लेकिन फिर टीम ने आक्रामकता बरतने का फैसला किया।

### बल्लेबाजों के स्वर्ग से कब्रगाह बने पिच पर फूटा दर्शकों का गुस्सा

**इंदौर।** बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी स्पर्धा के तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को मेजबान भारत की ऑस्ट्रेलिया से नौ विकेट से करारी हार से नाखुश भारतीय दर्शकों ने इंदौर के होलकर स्टेडियम के पिच पर जमकर भड़ास निकाली। होलकर स्टेडियम के मैदान को बल्लेबाजों का स्वर्ग कहा जाता है, लेकिन इस टेस्ट मैच में इसके पिच पर फिरकी गेंदबाजों ने इस तरह धड़ाधड़ विकेट गिराए कि यह बल्लेबाजों की कब्रगाह साबित हुआ। स्टेडियम से बाहर निकले दर्शक केके राय ने कहा मैच का नतीजा टेस्ट क्रिकेट के लिए कतई अच्छा नहीं है जो खेल का शास्त्रीय प्रारूप है।

## क्रेग फुल्टन भारतीय पुरूष हॉकी टीम के नए कोच

**भाषा** । नई दिल्ली



**तोक्यो ओलंपिक** चैम्पियन बेल्जियम के सहायक कोच रहे दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन भारतीय पुरूष हॉकी टीम के नए कोच होंगे। भुवनेश्वर और राउरकेला में जनवरी में हुए विश्व कप में भारतीय टीम के क्वार्टर फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाने के बाद तत्कालीन कोच ग्राहम रीड ने इस्तीफा दे दिया था। रीड के कोच रहते ही भारत ने तोक्यो ओलंपिक में 41 वर्ष बाद कांस्य पदक जीता था। हॉकी इंडिया ने 10 मार्च से एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू मैचों से पहले शुक्रवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के 48 वर्ष के फुल्टन को करीब 25 साल कोचिंग का अनुभव है और वह औपचारिकताएं पूरी करते ही टीम से जुड़ेंगे। 48 वर्ष के फुल्टन तोक्यो ओलंपिक 2020 में खिताब जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहायक कोच रहे हैं। वह भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहयोगी स्टाफ का भी हिस्सा थे।

### रिचा ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 21 पायदान की छलांग लगाई

**दुबई।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने शुक्रवार को बल्लेबाजों के लिए जारी ताजा आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 21 पायदान की छलांग लगाई जिससे वह 22वें स्थान पर पहुंच गईं। हाल में समाप्त हुए टी20 विश्व कप में रिचा ने शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वह टूर्नामेंट की मोस्ट वैल्यूएबल टीम में शामिल किए जाने वाली एकमात्र भारतीय रहीं। सिलीगुड़ी की 19 साल की रिचा ने 68 के औसत से 136 रन बनाए और वह स्मृति मंधाना (151 रन) के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं।

### मेघालय इतिहास रचने की ओर, कर्नाटक को 54 साल में पहली संतोष ट्राफी की तलाश

**भाषा** । रियाद

**मेघालय की** टीम शनिवार को यहां संतोष ट्राफी के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ मैदान में उतरेगी और उसकी कोशिश पहला खिताब अपनी झोली में डालने की होगी जबकि प्रतिद्वंद्वी टीम 54 साल में पहली बार ट्राफी हासिल करने के लिए प्रयासरत होगी। पूर्वोत्तर का यह छोटा सा राज्य अगर ट्राफी जीतता है तो यह ऐतिहासिक होगा जबकि कर्नाटक के पास इतने लंबे इंतजार को खत्म करने का मौका होगा। मेघालय ने अपने पहले सेमीफाइनल में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पूर्व चैम्पियन पंजाब को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई। कर्नाटक ने 1968–69 के सत्र में पिछली बार संतोष ट्राफी जीती थी तब उसे मैसूर बोला जाता था। कर्नाटक 1975–76 के फाइनल में बंगाल से हारकर उप विजेता रही थी।

## डब्ल्यूपीएल: महिला क्रिकेट में नए युग की शुरूआत

**भाषा** । मुंबई

**महिला प्रीमियर** लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरू होने के साथ भारतीय क्रिकेट में नए युग का उदय होगा जहां महिला खिलाड़ियों को अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने के लिए जरूरी अनुभव मिलने के साथ बड़ी धनराशि और ग्लैमर का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। शनिवार को गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियन्स के बीच मुकाबले से 21 मैचों का यह टूर्नामेंट शुरू होगा। मुंबई की अगुवाई भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर करेंगी तो वहीं गुजरात की कमान विकेटकीपर बेथ मूनी हाथों में है। डब्ल्यूपीएल दिग्गज और स्थापित खिलाड़ियों के साथ स्नेहा दीप्ति और जासिया अख्तर जैसे खिलाड़ियों के बारे में होगा। स्नेहा यह साबित करना चाहेगी कि मां बनने के बाद भी उनके जुनून में कोई कमी नहीं आई है। तो वही जम्मू और कश्मीर जासिया को बड़े शॉट लगाने के लिए जाना जाता है। वह इस टूर्नामेंट से उमरान मलिक जैसी ख्याति हासिल करना चाहेंगी।

### भारतीय घरेलू खिलाड़ियों के साथ संवाद करना अहम होगा: हरमनप्रीत



**मुंबई।** गुजरात जाइंट्स के खिलाफ शनिवार को होने वाले डब्ल्यूपीएल (महिला प्रीमियर लीग) के पहले मैच की तैयारी मे जुटी मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि युवा भारतीय खिलाड़ियों के साथ बातचीत करना और शीर्ष स्तर के क्रिकेट के लिए उनकी समस्याओ से निकलने मे उनकी मदद करना उनके एजेंडे मे सबसे अहम होगा। घरेलू खिलाड़ियों के लिए यह लीग बड़ा मौका प्रदान करेगी और वैसा ही काम करेगी जो पुरूष खिलाड़ियों के लिए 2008 मे इंडियन प्रीमियर लीग ने किया था।

### मध्य प्रदेश 294 रन पर सिमटा

#### इरानी ट्राफी : शेष भारत की कुल बढ़त 275 रन

**भषा** । ग्वालियर

**ऑफ स्पिनर** पुलकित नारंग (65 रन देकर चार विकेट) और तेज गेंदबाज नवदीप सैनी (56 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने शुक्रवार को यहां ईरानी ट्राफी क्रिकेट मैच के तीसरे दिन पिछले सत्र की रणजी चैम्पियन मध्य प्रदेश को पहली पारी में 294 रन पर समेटकर 190 रन की बढ़त हासिल की। शेष भारत ने स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 85 रन बना लिए थे जिससे उसकी कुल बढ़त 275 रन की हो गई है। उसने पहली पारी में 484 रन बनाए थे। पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 58 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दूसरे छोर पर उनके साथ अभिमन्यु ईश्वरन 26 रन बनाकर खेल रहे हैं जिन्होंने पहली पारी में शतक बनाया था।

## यूपी, पंजाब व हरियाणा की टीमें सेमीफाइनल में



### बाबू जूनियर बालक अंडर-14 हॉकी

**लखनऊ।** मेजबान यूपी ग्रेस सहित फ्लिक्र्स ब्रदर्स हरियाणा, राउंड ग्लास पंजाब व हॉकी हरियाणा ने 33वीं आल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर–14 प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फ इनल मुकाबलों में जीत के साथ सेमीफ इनल में स्थान सुरक्षित किया। वही यूपी की ब्लू टीम का अभियान हार के साथ खत्म हो गया। टूर्नामेंट में शनिवार को हॉकी हरियाणा व फ्लिक्र्स ब्रदर्स हरियाणा और यूपी ग्रेस व राउंड ग्लास पंजाब के बीच सेमीफाइनल मैच खेला जायेगा। केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री शाहिद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल में पिछली उपविजेता यूपी ग्रेस ने रॉयल हॉकी पंजाब को एकतरफा 6–0 गोल से हराया। यूपी ग्रेस की टीम ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया। टीम से पहला गोल ऋषभ ने 14वें मिनट में दागाए ऋषभ तेजी से गेंद को लेकर आगे बढे और तेजी से गोल कटे हुए टीम का खाता खोला।

### नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने जीती जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन ट्रॉफी

**लखनऊ।** नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने मैन ऑफ द मैच सौरभ कश्यप पांच विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के फाइनल में आरईपीएल क्रूसेडर्स क्रिकेट क्लब को 25 रन से हराते हुए विजेता ट्रॉफी जीत ली।सीएएल के तत्वाधान में खेली जा रही इस लीग के केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में एनईआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में नौ विकेट पर 215 रन बनाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरईपीएल क्रूसेडर्स की टीम में 190 रन के स्कोर पर ढेर हो गई।